आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी 06:59 तक उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 5 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 315, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को रूस ने दी मान्यता 14

ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा का सर्वोत्तम उदाहरण 12

## सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित, एक अभ्यर्थी को 4 विषयों में 100 पर्सेंटाइल

नई दिल्ली, एजेंसी

- देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) में एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए जबकि देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया है। एनटीए ने 13,54,699 अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में सीयूईटी-यूजी आयोजित की थी। इन अभ्यर्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए विभिन्न विषयों की परीक्षा के लिए आवेदन किया था।

एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केवल एक अभ्यर्थी ने अपने चुने हुए पांच विषयों में से चार में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं, जबकि 150 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल मिलाकर, सीयूईटी-यूजी 2025 में अभ्यर्थियों को 37 विषय पेश किए गए थे। अभ्यर्थी भाषा और सामान्य योग्यता परीक्षा समेत अधिकतम पांच विषय चुन सकते हैं। प्रश्न पत्र 13 भाषाओं में था, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल थे। सीयूईटी-यूजी 2025 परीक्षा 300 शहरों में आयोजित की गई थी। सीयूईटी-यूजी में इस साल रिकॉर्ड 13.5 लाख आवेदन आए।

## उपसेना प्रमुख बोले-ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़े

उद्योग चैंबर फिक्की में रखे विचार

### पाकिस्तान को चीन और तुर्किए मुहैया करा रहे थे सैन्य साजो सामान

- चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया

नई दिल्ली, एजेंसी

उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने शुक्रवार को कहा कि चीन ने भारत को तकलीफ पहुंचाने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और वह मई में भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच ऑपरेशन सिंदूर के तहत चार दिनों तक चले संघर्ष के दौरान अपने सदाबहार सहयोगी को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा था।



लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह।

उद्योग चैंबर फिक्की को संबोधित करते हुए सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष का उपयोग विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला की तरह किया है। उन्होंने कहा कि भारत वास्तव में तीन शत्रुओं का सामना कर रहा था। पाकिस्तान को चीन के अलावा तुर्किये भी सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा था। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने चीन की 36 चालों की प्राचीन सैन्य रणनीति और उधार के चाकू से दुश्मन को मारने की रणनीति का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बीजिंग ने भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान को हरसंभव समर्थन दिया। उधार के चाकू से मारने का मतलब है कि दुश्मन को पराजित करने के लिए किसी तीसरे पक्ष का इस्तेमाल करना, अर्थात, चीन ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा कि तुर्किए ने भी पाकिस्तान को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमने युद्ध के समय और युद्ध क्षेत्र में कई ड्रोन आते और उतरते देखे, साथ ही वहां मौजूद व्यक्तियों की गतिविधियां भी देखी गईं। उप सेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान और पीओके में लक्ष्यों की योजना और चयन बहुत सारे आंकड़ों पर आधारित था।

#### सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान केवल सामने का चेहरा था

भारतीय सेना के क्षमता विकास और संधारण संबंधी कार्य देखने वाले उप सेना प्रमुख ने कहा कि इस्लामाबाद को बीजिंग का समर्थन आश्चर्यजनक नहीं है, चीन उत्तरी सीमा पर खुद सीधे टकराव में पड़ने के बजाय भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पड़ोसी देश का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करता है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान केवल सामने का चेहरा था, जबकि असली समर्थन चीन से मिल रहा था। हमें इसमें कोई हैरानी नहीं हुई, क्योंकि अगर आप पिछले पांच वर्षों के आंकड़े देखें, तो पता चलता है कि पाकिस्तान को मिलने वाले सैन्य उपकरणों में से 81 प्रतिशत चीन से आ रहे हैं।

### एक नजर

#### ईडी ने रान्या राव की 34 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** ईडी ने सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की 34 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। विक्टोरिया लेआउट में एक आवास और बेंगलुरु के अर्कावती लेआउट में एक आवासीय भूखंड, तुमकुर में एक औद्योगिक भूखंड और अनेकल तालुक में एक कृषि भूमि को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त किया गया है। इन संपत्तियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 34.12 करोड़ रुपये है। कन्नड़ अभिनेत्री राव को तीन मार्च को दुबई से आने के बाद बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था।

#### शांति के प्रयासों के बीच मणिपुर जा सकते हैं मोदी

**इंफाल।** मणिपुर में शांति वार्ता के लिए नए सिरे से प्रयासों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के दौरे पर आ सकते हैं। भाजपा के एक शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे की अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है लेकिन इसके मद्देनजर जमीनी स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। मोदी के दौरे की हालांकि कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन जिस तरह से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने में अचानक तेजी आई है उससे संकेत मिलता है कि किसी उच्च स्तरीय दौरे की योजना है।

## नए भारत के लिए आकाश भी अब सीमा नहीं रहा : मोदी

### त्रिनिदाद एवं टोबैगो में प्रवासी भारतीयों की सभा में बोले प्रधानमंत्री

- कहा-भारत शीघ्र दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्था में होगा शामिल

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर एवं क्वांटम कंप्यूटिंग संबंधी इसके मिशन विकास के नए इंजन बन रहे हैं। मोदी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है और इसके विकास एवं प्रगति का लाभ सर्वाधिक जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि नए भारत के लिए आकाश भी सीमा नहीं है।

प्रधानमंत्री पांच देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में दो दिवसीय यात्रा के तहत गुरुवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों, सांसदों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित 4,000 से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रह रहे भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने अपनी धरती छोड़ दी लेकिन आत्मा नहीं छोड़ी। गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया लेकिन अपने दिलों में रामायण को ले गए। आप सिर्फ प्रवासी नहीं एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके योगदान से इस देश को लाभ हुआ है। मोदी ने कहा कि वह अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति और सरयू नदी का कुछ जल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि इस साल की शुरुआत में दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ हुआ था। मुझे महाकुंभ का जल भी अपने साथ लाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि मैं कमला जी (प्रधानमंत्री) से अनुरोध करता हूं कि वह सरयू नदी और महाकुंभ के पवित्र जल को यहां गंगा धारा में अर्पित करें। कामना है कि यह पवित्र जल यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाए।

मोदी ने कहा कि भारत के विकास को उसके नवोन्मेषी और ऊर्जावान युवा गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है। इनमें से लगभग आधे स्टार्टअप में निदेशक के रूप में महिलाएं हैं। लगभग 120 स्टार्टअप को 'यूनिकॉर्न' का दर्जा मिला है। मोदी ने भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को भी प्रदर्शित करते हुए कहा कि इसने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है।



पोर्ट ऑफ स्पेन में प्रधानमंत्री मोदी का गीतों से स्वागत करते भारतीय समुदाय के लोग।

#### गिरमिटिया समुदाय का बना रहे डेटाबेस

मोदी ने कहा कि भारत गिरमिटिया समुदाय का एक व्यापक डेटाबेस बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। गिरमिटिया ब्रिटिश शासन के दौरान भारत से लाए गए बंधुआ मजदूर थे जिन्हें फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरेबियाई देशों के बागानों में काम करने के लिए लाया गया था।

## मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं : हाईकोर्ट

### अदालत ने कहा-विवादित ढांचा कहकर नहीं किया जाएगा संबोधित


विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित मुकदमों में से एक आवेदन को गुरुवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मामलों से संबंधित भविष्य की सभी कार्यवाहियों में शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना कहकर संबोधित नहीं किया जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

मालूम हो कि हिंदू पक्षकार अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने पांच मार्च को कोर्ट से मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग को लेकर एक याचिका दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला 23 मई को सुरक्षित कर लिया था। दरअसल अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष मासरे आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि प्रश्नगत स्थल पर पहले मंदिर था। मस्जिद पक्ष की ओर से वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक प्रस्तुत नहीं किया गया। न खसरा-खतौनी में मस्जिद का नाम है, न नगर निगम में इसका कोई रिकॉर्ड।

मस्जिद पक्ष की ओर से कोई टैक्स भी नहीं दिया जा रहा है। शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट भी हो चुकी है। फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? अतः मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया जाना चाहिए। इस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था और 4 जुलाई यानी शुक्रवार को फैसला सुनाया गया।

#### हिंदू पक्ष की याचिका खारिज



#### ज्ञानवापी में वजूखाने के सर्वेक्षण याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई टाल दी गई। अब सुनवाई आगामी 6 अगस्त 2025 को होगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने उपासना स्थल कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई लंबित होने के कारण दिया। श्रृंगार गौरी केस में प्रमुख याची राखी सिंह की ओर से वर्तमान सिविल पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गई है। जिसमें ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने की मांग की गई है। अनुरोध किया गया है कि जैसे ज्ञानवापी परिसर के अन्य हिस्सों का सर्वे कराया गया था, उसी प्रकार वजूखाने का भी सर्वे कराया जाए, जिससे स्थल का धार्मिक चरित्र स्पष्ट हो सके।

## वैश्विक बाजार में शान बढ़ा रहे यूपी के आम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे। महोत्सव में देशभर के बागानों से चुनकर लाए गए 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। सरकार की नीति से औद्यानिक फसलों का निर्यात कई गुना बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने सभी से 9 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 50 करोड़ पौधों के रोपण से जुड़ने का आह्वान भी किया। योगी ने प्रगतिशील बागवानों और निर्यातकों को प्रशस्ति पत्र और एक पौधा देकर सम्मानित किया। महोत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया।



- तीन दिनी आम महोत्सव की योगी ने की शुरुआत, 800 से अधिक किस्मों के आम देख लोग चहके

#### कमिश्नरी स्तर पर भी हों ऐसे आयोजन : योगी

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि कमिश्नरी स्तर पर भी ऐसे आयोजन होने चाहिए, ताकि स्थानीय बागवान अपनी फसलों की प्रदर्शनी और बिक्री कर सकें। उन्होंने बागवानों से हल्दी, अदरक और अन्य औद्यानिक फसलों के साथ फूड प्रोसेसिंग को अपनाने का आह्वान किया, ताकि उनकी आय को और बढ़ाया जा सके।

## अयोध्या और गाजियाबाद में निजी विवि को मंजूरी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के संचालन को हरी झंडी दिखाई है, वहीं गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आशय-पत्र भी जारी किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस बाबत शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने और युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के इन दोनों प्रस्तावों को समयबद्ध प्रक्रिया के तहत स्वीकृति दी गई है।

उन्होंने बताया कि महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय को उप्र. निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2025 के अंतर्गत अधिसूचित करते हुए अनुज्ञा-पत्र सौंपा गया है। वहीं, गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विवि. को उप्र. निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा-6 के अंतर्गत आशय-पत्र जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मानकक शर्तों को पूरा करना होगा।

## यूपीएस में शामिल कर्मियों को मिलेगा एनपीएस जैसा कर लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने कर्मचारियों के हित में किया योजना में जरूरी बदलाव

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस योजना का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के समान कर लाभ देने के लिए जरूरी बदलाव किए हैं। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के तहत शामिल करना पारदर्शी, लचीले और कर-कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में सरकार का एक और कदम है।

मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि एनपीएस के तहत उपलब्ध कर लाभ यूपीएस पर भी लागू होंगे क्योंकि यह एनपीएस के तहत एक विकल्प है। ये प्रावधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को पर्याप्त कर राहत और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

वित्त मंत्रालय ने 24 जनवरी, 2025 को अधिसूचित किया था कि एक अप्रैल, 2025 से केंद्र सरकार की सिविल सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए एनपीएस के तहत एक विकल्प के तौर पर यूपीएस को लागू किया था। इस अधिसूचना के बाद एनपीएस के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस के तहत शामिल होने का एकबारगी विकल्प मिल गया।

## झारखंड के पूर्व मंत्री साव के खिलाफ ईडी के छापे

रांची, एजेंसी

- अवैध रेत खनन और जबरन वसूली से जुड़ा है मामला
- पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के ठिकानों पर भी छानबीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ अवैध रेत खनन और जबरन वसूली से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को कई स्थानों पर छापे मारे।

हजारीबाग और रांची में सुबह ही कम से कम आठ ठिकानों पर छापे मारे गए। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि ये छापे उन आरोपों पर जारी जांच से संबंधित हैं जिनमें कहा गया है कि जबरन वसूली, अवैध रेत खनन और भूमि हड़पने जैसी गतिविधियों के जरिए भारी मात्रा में आपराधिक आय अर्जित की गई है। साव कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व कृषि मंत्री हैं। पिछले साल ईडी ने उनसे जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। वहीं, ईडी की टीम ने कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कुल आठ ठिकानों पर छापेमारी की है।

## हर जिले में पांच शीर्ष सेक्टरों की तलाश, पहले ट्रेनिंग फिर नौकरी

### सीडीओ के जरिए बनाई जा रही कार्य योजना, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार को नई पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सेक्टरों में कार्यरत अग्रणी कंपनियों के साथ समन्वय कर दी जाएगी युवाओं को ट्रेनिंग

**अमृत विचार :** राज्य सरकार को तलाश है हर जिले में पांच ऐसे शीर्ष सेक्टरों की जहां पहले युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी और फिर नौकरी। जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारियों के जरिए यह योजना बनाई जा रही है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नई पहल शुरू की गई है। इस कवायद में प्रमुख सेक्टरों में कार्यरत अग्रणी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को रोजगार से पहले ट्रेनिंग दी जाएगी। उद्देश्य राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है।

दरअसल, राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उद्योगों की वास्तविक मांग के अनुसार प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने के उद्देश्य से उप्र. कौशल विकास मिशन ने एक नई रणनीति की शुरुआत की है। इस रणनीति के अंतर्गत पहली बार मिशन द्वारा जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारियों के माध्यम से कार्य योजना बनाई जा रही है। मुख्य विकास अधिकारियों को 26 सेक्टर की सूची दे दी गई है जिसमें से 5 सेक्टर को चयनित करना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सभी 75 जिलों में जिला प्रशासन की सहायता से शीर्ष सेक्टर्स की पहचान कर उनमें स्थानीय उद्योगों की मांग, रोजगार की संभावनाएं तथा तकनीकी दक्षता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जा रहा है। इसके बाद, इन कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को उनकी मांग के अनुरूप ट्रेनिंग दी जाएगी और ट्रेंड युवाओं को इन इकाइयों में सीधे रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे युवाओं को अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण रोजगार मिलेगा ।

सरकार की यह रणनीति लोकल फॉर वोकल की भावना को साकार करती है, जिससे उद्योगों को स्थानीय प्रशिक्षित जनशक्ति मिलेगी, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और युवाओं को अपने घर के निकट ही रोजगार प्राप्त होगा। इस योजना के ज़रिए सरकार युवाओं में न केवल तकनीकी दक्षता विकसित कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान, आर्थिक स्थायित्व और स्थानीय विकास में भागीदारी का अवसर भी दे रही है।

कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने के मुताबिक, अभियान को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध ढंग से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। हर चरण में जिलास्तर पर उद्योगों, प्रशासनिक अधिकारियों, प्रशिक्षण प्रदाताओं और मिशन टीम के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। इस अभियान की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

#### शासन की ओर से निर्देश जारी

शासन की ओर से शुक्रवार को निर्देश दे दिया गया कि मुख्य विकास अधिकारी जिलों के उद्योगों के साथ समन्वय स्थापित कर मांग आधारित सेक्टरों और इकाइयों की पहचान शीघ्र सुनिश्चित कर लें, ताकि ट्रेनिंग प्रोग्राम को समय से शुरू किया जा सके। यह योजना केवल ट्रेनिंग तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग-समन्वित कौशल प्रदान करना है, जिससे उन्हें प्रशिक्षुता, इंटर्नशिप और स्थायी रोजगार से सीधे जोड़ा जा सके।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से किशोर की मौत, कोहराम

**तिर्वा, कन्नौज।** बाइक की टक्कर से किशोर की मौत हो गई। थाना ठठिया के उदईपुर्वा गांव निवासी मोन्टी (12) पुत्र रावेन्द्र कुमार शुक्रवार की दोपहर खेत पर गया था। वहां से वापस आ रहा था। जैसे ही वह उदईपुर्वा से दन्नापुर्वा सड़क पर जा रहा था तो उसी दौरान अनियंत्रित होकर आ रहे बाइक चालक ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही किशोर गंभीर घायल हो गया। जानकारी पाते ही मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में उसे मेडिकल कालेज ले आए। जंहा उपचार के दौरान डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाइक पर सवार होकर जा रहे दो लोगों की आमने सामने टक्कर हो गई। इससे दो लोग घायल हो गए। शुक्रवार की सुबह लगभग 10 :30 बजे तिर्वा कोतवाली के ग्राम भुगैतापुर निवासी राजेश (32) पुत्र रामदास बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में सामने से आ रही बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। इससे बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल राजेश को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### भूमि पर कब्जा करने पर धमकाने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भूमि स्वामी युवक ने बैनामा के बाद भूमि पर कब्जा करने पर गाली गलौज व धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम ज्ञानपुर पाल नगर निवासी शिव कुमार पुत्र जगदीश चन्द्र ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने ग्राम इन्द्रा नगर निवासी युवक से भूमि का बैनामा कराया था। लेकिन युवक सहित उसके परिवार के लोग भूमि पर कब्जा नहीं करने दे रहे है और गाली गलौज कर मारपीट पर आमादा हो होकर धमकी देते है।

### नौकरी के बहाने महिला से ठगे चार हजार रुपये

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला ने युवक पर नौकरी लगवाने के बहाने चार हजार रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। ग्राम जुनैदपुर के दिहुली निवासी अंजू पत्नी ब्रजेश ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि लखनऊ के विकास नगर निवासी युवक ने उससे नटराज कंपनी में नौकरी लगवाने की बात कही और पेटीएम के माध्यम से अपने मोबाइल पर 03 जुलाई को 650 व 04 जुलाई को 3500 रुपये डलवा लिए। पूछताछ करने पर और रुपये की मांग की। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सालों के साथ मिलकर कर दी अपने ही भाई की हत्या

## पैसों के लिए भाइयों व उनके सालों के साथ हुआ था युवक का विवाद

**संवाददाता तिर्वा, कन्नौज**


घटना के बाद बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिंचाई के पैसे के लेनदेन के विवाद में भाइयों व उसके सालों ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की पिटाई करने के साथ धारदार हथियार से हत्या कर दी। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना ठठिया के मुन्नापुर्वा भखरौली गांव निवासी शिवप्रकाश पुत्र प्रेमबाबू शुक्रवार की सुबह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी उसके भाई कुंवर सिंह व रामकिशोर के अलावा कुंवर सिंह के सालों मोनू यादव, सोनू यादव उर्फ आदित्य सिंह यादव पुत्रगण मुन्नालाल सिंह आए और खेतों में हुई सिंचाई के पैसों की मांग करने लगे। उसने कहा कि वह पैसे दे चुका है तो इस बात से आक्रोशित हुए भाइयों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया।


शिव प्रकाश।

पीड़ित पक्ष से मृतक के भतीजे शुभम यादव पुत्र रामनिवास ने घायल को थाने ले जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया। घायल की हालत नाजुक देखकर डाक्टरो ने उसे मेडिकल कालेज के लिए भेज दिया। मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ डाक्टर प्रियंका बाजपेई ने बताया कि मारपीट में घायल करने के मामले में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज है। घायल की मौत के बाद दर्ज रिपोर्ट हत्या में परिवर्तित करके विवेचना के आधार पर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# बीआईएस के मानक उद्योग के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण

**कार्यालय संवाददाता कन्नौज**

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने जनपद के मुख्य उद्योगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीआईएस द्वारा बनाए गए मानक हमारे उद्योग और उपभोक्ता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

यह बात उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), लखनऊ द्वारा कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित उद्यमी संवाद की अध्यक्षता करते हुए कही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीआईएस और उद्योग की नियमावली पर प्रकाश डालना और भविष्य में मानकों के उत्थान पर चर्चा करना था। बीआईएस के शाखा प्रमुख सुधीर बिश्नोई ने कहा कि, बीआईएस, भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एक वैधानिक निकाय है। यह उपभोक्ताओं और उद्योगों दोनों के हित में कार्य करता है। गुणवत्ता मानकों को बढ़ावा देने के लिए बीआईएस उत्पाद प्रमाणन, प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन, हॉलमार्किंग और प्रयोगशाला सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। इसके साथ परफ्यूम इंडस्ट्री के अंतर्गत मानकों के विषय में चर्चा की। संयुक्त निदेशक शरद श्रीवास्तव ने परफ्यूम से संबंधित मानकों के टेक्निकल कमेटी के कार्य प्रणाली, बीआईएस लाइसेंस लेने के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया और लाइसेंस चेक करने के लिए बीआईएस केयर ऐप पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने कहा कि "डीआईसी एवं बीआईएस की भूमिका केवल प्रमाणन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उद्योगों और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में भी मदद करता है। इस मौके पर औद्योगिक सलाहकार डी. के. मिश्र ने मानकीकरण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, "बीआईएस और डीआईसी के मानकों का पालन मैन्युफैक्चरिंग में दक्षता बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन स्टैण्डर्ड प्रमोशन अधिकारी मोहित सिंह ने किया।

## सार-संक्षेप


परेड के दौरान दौड़ लगाते एसपी व नव चयनित सिपाही, अन्य। अमृत विचार

### परेड का निरीक्षण कर एसपी ने जांची पुलिस ट्रेनिंग की गुणवत्ता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस की दौड़ लगवाई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। निरीक्षण के बाद परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई। अधिकारी, कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। पुलिस लाइन में चल रही ज्वाइनिंग ट्रेनिंग कोर्स (जेटीसी) कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। उन्होंने नव चयनित सिपाहियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं उन्हें उपलब्ध कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


छात्र का तिलक करते विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री शुभम विद्यार्थी।

### एबीवीपी का विद्यार्थी अभिनंदन अभियान

**कन्नौज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नगर इकाई की ओर से विद्यार्थी अभिनंदन अभियान चल रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को परिषद के पदाधकारियों व कार्यकर्ताओं ने विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों का तिलक कर स्वागत किया। जिला संगठन मंत्री शुभम विद्यार्थी ने बताया कि शहर स्थित केके इंटर कॉलेज और कानपुर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पुष्प भेंट कर सत्र 2025-26 में मेहनत कर आगे बढ़ने की बात कही गई। संगठन मंत्री का कहना है कि यह अभियान 3 से 6 जुलाई तक चलेगा, जिसका उद्देश्य कन्नौज जनपद के तीनों तहसीलों क्षेत्रों के सभी शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर छात्रों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करना है। विभाग संयोजक यश ने कहा कि छात्र जीवन का प्रारंभ उत्साह और आत्मीयता से होना चाहिए। इस मौके पर नगर मंत्री सक्षम गुप्ता, सह मंत्री नैतिक गुप्ता, सेवार्थ विद्यार्थी के संयोजक शशांक दुबे, निष्कर्ष द्विवेदी, पीयूष, सौरभ व अभिषेक उपस्थित थे।

### मस्जिद में 20 वर्ष से रह रहे मौलाना पर बांग्लादेशी होने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लगभग 20 वर्ष से गांव की मस्जिद में रह रहे मौलाना पर गांव के युवक ने बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया है। साथ ही उस पर गैरकानूनी कार्य करने व संदिग्ध, बाहरी लोगों से संबंध होने की बात भी कही है। पीड़ित ग्रामीण ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। ग्राम विलंदपुर निवासी मो. अनवार खां पुत्र इकबाल खां ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव की मस्जिद में रह रहे मौलाना बांग्लादेश के निवासी है। उनके बाहरी व संदिग्ध लोगों से संबंध और गैरकानूनी कार्य भी करते है। मस्जिद से हटाए जाने के विरोध में मौलाना ने गांव में गुटबाजी शुरू कर दी और गांव व बाहरी लोगों के सहयोग से झगड़ा करते है। साथ ही गोली मार कर हत्या करने की धमकी भी ग्रामीणों को देते है। इस संबंध में कोतवाल आलोक दुबे ने मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# जानलेवा हमले में सगे भाइयों को 10-10 साल की जेल

**कार्यालय संवाददाता कन्नौज**

- करीब 16 साल पहले तालग्राम के मदारपुर में हुई थी घटना 1000 का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय हरेंद्र नाथ ने जानलेवा हमले में दोष सिद्ध होने पर सगे भाइयों को 10-10 साल जेल की सजा सुनाई है। मामले में पिता पर 1000 रुपये का जुर्माना किया गया है।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि 10 जून 2009 को मदारपुर थाना तालग्राम निवासी मनोरमा सिंह पत्नी कश्मीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि करीब तीन माह पहले गांव के प्रमोद व शेर सिंह ने उसकी बकरी मार डाली थी। इसकी शिकायत पति ने इनसे की थी जिस पर दोनों ने उन्हें जमकर पीटा था। इस पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसी रंजिश के चलते 10 जून को सुबह सात बजे प्रमोद व शेर सिंह पुत्रगण रामशरन अपने हाथ में क्रमशः बंदूक व अधिया लेकर व पिता रामशरन हाथ में लाठी लेकर उसके दरवाजे पर आए और पति को जान से मारने की बात कही। इसके बाद प्रमोद व शेर ने पति को जान से मारने की नीयत से फायर किए। इससे पति के अलावा पुत्र आलोक को भी चोटें आईं। फायरिंग व शोरशराबे पर भाई विनीत व बहन सुमन आदि आ गए और आरोपियों को ललकारा। रामशरन ने भी पति को लाठी मारी। आरोपी जान की धमकी देकर भाग गए। कश्मीर के कोख के ऊपर व दायीं बाजू में गोलियां लगी हैं। लड़के आलोक की बायीं जांघ पर छर्रा लगा है।

मामले में विवेचना व आरोप पत्र दाखिल होने के बाद न्यायाधीश ने दोनों भाइयों को 10-10 साल की कैद व 10000-10000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

# खर्च करने में लापरवाही पर ग्राम पंचायत अधिकारी और वीडीओ निलंबित हुए

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

- डीडीओ व डीपीआरओ ने की कन्नौज व गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के सचिवों पर कार्रवाई
- 5वें व 15वें राज्य आयोग की धनराशि व्यय न करने का मामला

**अमृत विचार।** पांचवें वित्त और 15वें वित्त की धनराशि खर्च करने में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। एक सप्ताह में एडीओ से जांच रिपोर्ट तलब की गई है।

विकास खंड क्षेत्र कन्नौज की ग्राम पंचायत मेहंदीपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी अवनीश चंद्र ने केंद्रीय वित्त और राज्य वित्त आयोग की धनराशि व्यय करने में कंजूसी बरती। आरोप है कि उन्होंने महादेवी गंगा घाट पर विकास कार्य नहीं कराया। इसके अलावा सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का संचालन भी सही नहीं मिला। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने अनुशासनहीनता समेत अन्य आरोपों में अवनीश चंद्र को निलंबित कर दिया। इससे पहले इनको नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई थी। साथ ही जून के वेतन आहरण पर भी रोक लगा दी गई थी। उधर, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने विकास खंड गुगरापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर के ग्राम विकास अधिकारी दीपक कुमार को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि केंद्रीय वित्त आयोग की धनराशि खर्च करने में लापरवाही की है। कुछ अन्य आरोप भी हैं। दोनों मामलों की जांच एडीओ को सौंपी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी को उन्होंने और ग्राम विकास अधिकारी को डीडीओ ने निलंबित किया है।


खर्च करने में कंजूसी, 11 सचिवों के वेतन आहरण पर लगाई रोक
अमृत विचार समाचार पत्र में 3 जुलाई को प्रकाशित खबर। अमृत विचार

# तीन महीने से वेतन ना मिलने पर धरने पर बैठे शिक्षक और कर्मी

**संवाददाता, सौरिख, कन्नौज**



ऋषि भूमि इंटर कॉलेज गेट के निकट धरना देते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य पर मनमानी का आरोप लगाते हुए ऋषि भूमि इंटर कॉलेज के शिक्षक विद्यालय गेट पर धरने पर बैठ गए।

शुक्रवार दोपहर शिक्षण कार्य के बाद शिक्षक व कर्मचारियों ने नाराज होकर धरना शुरू कर दिया। शिक्षकों का आरोप है कि कुछ शिक्षक दूसरे जनपदों के रहने वाले हैं और यहां किराए पर रहकर कॉलेज में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। वेतन न मिलने से काफी समस्या है। अध्यापकों का कहना है कि स्वयं के बच्चों के एडमिशन से लेकर माता-पिता के लिए दवाइयां भी लेनी पड़ती हैं। पड़ोसियों से उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है। आरोप है कि वेतन की समस्या आला अधिकारियों को बताई गई लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस दौरान उपदेश दुबे, गौरव तिवारी, नरेंद्र यादव, विनोद शुक्ला, विनीत त्रिपाठी, कृष्ण दत्त, मानिक राम, मृत्युंजय पाठक, अशोक बाजपेई, पीयूष पाल, समर्पित राजपूत, जगतपाल, अमरीश शंखवार, ध्रुव कुमार, ललित कुमार, सुभाष चंद्र, अनुराग पाठक, प्रेम दीक्षित, मनोज कुमार, रविकांत, संजीव दुबे मौजूद रहे। इस संबंध में प्रधानाचार्य उमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि वेतन बिल बनाकर जिले पर भेज दिया गया है। आगे जानकारी कर बताया जाएगा।

# घरेलू विवाद में एक दूसरे पर मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घरेलू विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हुई।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी सहाना बेगम पत्नी राशिद ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके सास, ससुर व जेठ ने मकान में रहने के विवाद को लेकर शुक्रवार की शाम करीब तीन बजे उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से शन्नो बेगम पत्नी कयामुद्दीन ने कहा कि उसका पुत्र व पुत्रवधू उसके मकान में कब्जा किए हुए है। उसे व उसके पति के साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी।

# अध्यापकों और प्रधानों पर दबाव बनाकर बंद किए जा रहे स्कूल

**संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज**

**अमृत विचार।** सरकार के परिषदीय विद्यालयों के बंद करने के फरमान से प्रदेश में सैकड़ों रसोईया बेरोजगार हो जाएंगे। दूसरे विद्यालय की दूरी बढ़ जाएगी इससे नाराज शिक्षकों ने क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपकर सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शुक्रवार को ब्लाक अध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों ने क्षेत्रीय विधायक व पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय को ज्ञापन सौंपकर सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के फरमान से प्रदेश में हजारों परिषदीय विद्यालयों पर ताला लग जाएगा। विद्यालय की दूरी बढ़ जाएगी जिससे बच्चे शिक्षा का अधिकार अधिनियम से वंचित हो जाएंगे। शिक्षकों का आरोप है कि सरकार प्रधानों और अध्यापकों पर दबाव बनाकर विद्यालयों 50 से कम संख्या वाले विद्यालय बंद कर रही है जो बच्चों के साथ अन्याय है।

**APPOINTMENT नियुक्ति**

**VARUN ARJUN UNIVERSITY**

**FACULTY REQUIREMENT**

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to **varunarjuntrust@gmail.com**

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

**कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, 117/के/139, गीतानगर, कानपुर–208025।**

संख्या– 465 /शास्त्रोक्त औषधि/2025–26 दिनाँक– 30.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर में शास्त्रोक्त औषधि (निर्मित औषधि) को वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के परिशिष्ट–19 में निविदा से सम्बन्धित सामान्य सिद्धान्त में निहित निर्देश के अनुसार लेखा शीर्षक 2210–04–101–04–01 एवं 2210–02–101–05–02 में आवंटित धनराशि के सापेक्ष रू0 27,60,000.00 के अन्तर्गत दर अनुबन्ध के आधार पर आपूर्ति हेतु ऐसे अनुभवी एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों से आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है जो केन्द्रीय जाँच ब्युरो तथा किसी विभाग द्वारा प्रतिबन्धित काली सूची मे अंकित न हो। निविदादाता फर्म का गत तीन वर्षों से वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक है तथा विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष टर्नओवर निविदा की लागत का न्यूनतम् 30 प्रतिशत या उससे अधिक होना चाहिये। उक्त के अतिरिक्त निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तों एवं नियमों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। शास्त्रोक्त औषधियों के क्रय की मात्रा अनुमानित है जो वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के सापेक्ष परिवर्तनीय हो सकती है।

1. निविदा प्रपत्र e-tender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. आनलाइन निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.07.2025
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि व समय – 07.07.2025 सॉय 5:00 बजे से
4. आनलाइन निविदा भरने की प्रारम्भिक तिथि व समय – 07.07.2025 साँय 5:00 बजे से
5. कार्यालय में मूल प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि – 19.07.2025 साँय 5:00 बजे तक
6. आनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि व समय – 20.07.2025 साँय 5:00 बजे तक
7. तकनीकी निविदा आनलाइन खोलने की तिथि व समय – 21.07.2025 अपराहन् 12:00 बजे
8. निविदा मूल्य जो वापस न होगा रू0 5,600.00 (समस्त कर सहित) का डिमाण्ड ड्राफ्ट क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर के नाम निर्मित करवाकर मूल रूप से कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
9. धरोवर धनराशि/अर्नेस्ट मनी (EMD) रू0 55,200.00 (रू0 पचपन हज़ार दो सौ मात्र) का एफ0डी0आर0 के रूप में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर के नाम से बन्धक कराकर निविदा के साथ अपलोड करना होगा, जो मूल रूप में दिनांक 19.07.2025 को साँय 5:00 बजे तक कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, 117/के/139, गीतानगर, कानपुर–208025 को पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध कराना प्रत्येक दशा में अनिवार्य होगा। उक्त एफ0डी0आर0 एवं प्रपत्र समयान्तर्गत प्राप्त न कराये जाने की स्थिति में सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। विलम्ब की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी, जिसमें विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
10. आपूर्ति स्थान – क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर।
11. निविदा की वैद्यता – 31.03.2026 तक
12. निविदा में उल्लिखित औषधियों की आपूर्ति के समय एन0ए0बी0एल0 लैब रिर्पोट साथ में प्रस्तुत करना होगा जिसका व्यय सम्बन्धित फर्म द्वारा ही वहन किया जायेगा।

समस्त निविदायें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर के कार्यालय में निश्चित तिथि एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदायें खुलने की तिथि पर अवकाश पड़ने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी एक या सम्पूर्ण निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का कोई भी वाद स्वीकार नही होगा। जिन फर्मो के सभी तकनीकी अभिलेख निविदा शर्तों के अनुसार सही व पूर्ण पाये जायेगें, उन्ही फर्मों के वित्तीय भाव पत्रों पर विचार किया जायेगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**UP-235609 दिनांक 03.07.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

(डा0 कप्तान सिंह)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर।

**अफसरशाही हावी** — शिकायतकर्ताओं ने मुंह की खाई, रामऔतार सिंह फिर बने परियोजना निदेशक, छुट्टी में किए गए थे रिलीव

# ताकतवर निकले अफसर, पीडी व डीडीओ ने रुकवाए ट्रांसफर

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**


नरेंद्र देव द्विवेदी, डीडीओ।


रामऔतार सिंह, पीडी।

- जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी भी नहीं जाएंगे डीसी स्वत: रोजगार बनकर फर्रुखाबाद
- कुछ लोगों ने मामला प्रतिष्ठा से भी जोड़ लिया

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के अधिकारी ताकतवर हैं। प्रदेश में अफसरशाही हावी है ऐसी चर्चा खूब होती रहती है। इसी क्रम में जनपद के दो अधिकारियों का तबादला रुक गया है। इसमें पीडी डीआरडीए छुट्टी के दिन लखनऊ के लिए रिलीव किए गए थे, तो डीडीओ फर्रुखाबाद नहीं जा रहे थे। दोनों ही अब कन्नौज में रहेंगे। परियोजना निदेशक की शिकायत भी हुई थी।

जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) के परियोजना निदेशक (पीडी) राम औतार सिंह का तबादला कर 6 जून को कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास लखनऊ में संबद्ध कर दिया गया। अगले दिन बकरीद का अवकाश होने के बाद भी उन्हें रिलीव कर दिया गया। तबादले के आदेश में जिक्र था कि प्रशासनिक आधार पर किया गया है मतलब साफ है कि उनकी शिकायत शासन में हुई है। रिलीव होने के कुछ दिनों बाद चर्चाएं होने लगीं कि पीडी जल्द ही वापसी करेंगे। हालांकि साथ में कानपुर नगर का भी नाम जोड़ा गया। बताया गया है कि कुछ लोगों ने मामला प्रतिष्ठा से जोड़ लिया। कुछ जनप्रतिनिधि भी इसमें लग गए। कुछ अधिकारी पीडी को पसंद नहीं कर रहे थे तो एक ताकतवर नेता समेत अन्य जनप्रतिनिधि उनको बचाने में लगे रहे। 3 जुलाई को शाम 6 बजकर 38 मिनट पर संयुक्त सचिव प्रहलाद बरनवाल ने आदेश जारी किया कि विचार के बाद परियोजना निदेशक को यथावत कन्नौज तैनात किया जाता है। इसी तरह 14 जून को जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी का तबादला उपायुक्त स्वतः रोजगार जनपद फर्रुखाबाद के लिए कर दिया गया। उन्होंने चार्ज नहीं छोड़ा। बताया गया है कि उनका तबादला रोकने के लिए चिट्ठी भी भेजी गई। कारण बताया गया कि अफसरों की जिले में कमी है और डीडीओ का रिटायरमेंट भी करीब है। 3 जुलाई की शाम 6 बजकर 41 मिनट पर संयुक्त सचिव ने डीडीओ का तबादला निरस्त कर कन्नौज में ही तैनात रहने का आदेश जारी किया। डीडीओ पर प्रभारी सीडीओ रहते हुए महिला कल्याण विभाग में हुईं भर्तियों में पक्षपात व जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या का साथ देने का आरोप है।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
SUNDAY OPEN
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना भर्ती मरीज़ो के लिए मान्य होगी।
आयुष्मान योजना / ECHS / CGHS की सुविधा उपलब्ध
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
समस्त प्रकार की बीमारियों का सम्पूर्ण इलाज एवं निःशुल्क ऑपरेशन
सभी जांचें एवं दवाइयों पर 50% तक की छूट
3 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक के लिए मान्य
यह निःशुल्क सेवा सीमित समय तक के लिए है, इस योजना का लाभ उठायें
OPD - प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा) निःशुल्क
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
*T&C Apply
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

शनिवार को दिन भर बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं बारिश का अनुमान।

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:09

# आठ माह में आधा कासिमपुर गंगा में समाया

## डेढ़ दर्जन से अधिक घर बह गए, सात और कटान की जद में, गांव में 40 घर हैं, नदी की धारा बदलने से त्रासदी

संवाददाता मानीमऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** आठ माह पहले गंगा की धारा बदलने से कासिमपुर गांव में लगातार कटान हो रहा है। अब तक दो सौ मीटर अधिक गांव गंगा में समा गया। इससे डेढ़ दर्जन घर गंगा के तेज बहाव में बह गए। जिला प्रशासन ने गांव के लोगों को घर खाली करने के निर्देश दिए हैं।

कासिमपुर गांव के सामने से नवम्बर 2024 में अचानक गंगा की जलधारा गांव की तरफ मुड़ गई। गंगा के तेज बहाव से कटान होने लगा। अब तक कासिमपुर गांव दो सौ मीटर से अधिक गंगा में समा चुका है। तेज कटान के कारण गांव के पातीराम, लालाराम, नन्हे, प्यारेलाल, गजराज, रामाधार, राजाराम राजपूत, गणेश नेकराम, कैलाश, जगदीश, रामखिलावन, छोटेलाल, रामपाल रामखिलावन राजपूत समेत करीब 20 लोगों के कच्चे व पक्के घर तेज कटान से गंगा में समा गए। गांव के मनोज कुमार, विजनंदन, लक्ष्मन, चमिलाल, बहादुर, राम खिलावन सिंह और कल्लू सहित सात लोगों के घर गंगा की कटान के जद में हैं। गंगा में पानी अधिक होने के कारण जिला प्रशासन ने बचे खुचे ग्रामीणों को घर को ख़ाली करने को कहते हुए सतर्क रहने के लिए चेतावनी दी है।



कासिमपुर गांव में कटान के बारे में बताते ग्रामीण। अमृत विचार

### बख्शीपुरवा भी आ जाएगा कटान की जद में

**मानीमऊ।** अगर इसी तरह कटान होता रहा तो कासिमपुर-हरदोई रोड का नामोनिशान मिट जायेगा। क्योंकि जिस जगह गंगा का कटान हो रहा है वहां से हरदोई रोड और बख्सीपुरवा गांव महज तीन सौ मीटर की दूरी पर है। जुलाई और अगस्त माह में बारिश के कारण गंगा उफान पर होगी जिससे हरदोई रोड के पास गंगा की धारा सीधे टक्कर मारेगी। ऐसे में बख्शीपुरवा गांव भी कटाव के जद में आ जाएगा।

### घरों को गिराकर ले जा रहे मिट्टी

**मानीमऊ।** कटान से भयभीत गांव के लोग अपने घरों को गिरा कर मिट्टी उठा कर लिए जा रहे हैं और घरों के पास पेड़ों को काट रहे हैं। गंगा के तेज कटाव के कारण ग्रामीणों में डर का माहौल हो गया है। वे रात में डर के कारण सोते तक नहीं है। भय रहता है कि तेजी से कटान न होने लगे और परिवार के लोग गंगा में बह न जाएं।

### जनवरी में लगाई गईं बल्लियां बह गईं

**मानीमऊ।** जनवरी में सिचाई विभाग ने गांव को बचाने के लिए बल्लियां लगा कर कटान को रोका था लेकिन सभी बल्लियां तेज धारा में बह गई। इसके बाद जिला प्रशासन ने गांव की कोई सुध नहीं ली।

### 10 सेमी. बढ़ी गंगा, चेतावनी बिंदु अभी दूर

**कन्नौज।** बरसात की शुरुआत के साथ ही बांधों से पानी छोड़ा जाने लगा है। इससे गंगा के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी हुई है। तहसील प्रशासन की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार गंगा में चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरोरा से 38740 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे 10 सेमी. जलस्तर बढ़ गया। हालांकि अभी चेतावनी बिंदु 2.23 मीटर की दूरी पर है।

> बांधों से पानी छोड़े जाने व गंगा की धारा तेज होने से एक हफ्ते में 20 मीटर कटान हुआ है। कुल 30-35 मीटर का कटान हुआ। 12-13 मकान गैर रिहाइशी हैं जो कटान की जद में आए हैं। हर दूसरे दिन तहसील का राजस्व दल व अधिकारियों की तरफ से निरीक्षण कर ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि वे सुरक्षित स्थलों की तरफ चले जाएं। इसके अलावा बाढ़ राहत को लेकर 11 चौकियों के स्थलों को चिन्हित कर लिया है। फिलहाल बाढ़ के हालात नहीं हैं।
>
> – नवनीता राय, उपजिलाधिकारी, सदर

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### मुकदमों के जल्द निस्तारण में करे सहयोग : एसडीएम

**तिर्वा, कन्नौज।** तिर्वा के एसडीएम न्यायिक अविनाश गौतम ने पदभार ग्रहण करने के बाद लायर्स व न्यू बार एसोसिएशन के वकीलों के साथ परिचय बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि मुकदमो की लगातार और अच्छी पैरवी करके उनका जल्द निस्तारण कराकर पीडितो को न्याय दिलाने का काम करें। बेवजह मुकदमों को अधिक समय तक लंबित न रखे। बता दें कि न्यायिक एसडीएम उमाकांत तिवारी का बस्ती तबादला होने के बाद मुख्यालय पर अतिरिक्त प्रभार देख रहे एसडीएम को डीएम ने इस पद की जिम्मेदारी दी है। प्रशासनिक एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में वकील संजीव तिवारी, सतीश राजपूत, भूपेंद्र सिंह, लल्ला ठाकुर, रामगोपाल, हरवेंद्र सिंह समेत अन्य वकील मौजूद रहे।

### एटीएम से पैसे निकालने गए युवक को लगा करंट, झुलसा

**सौरिख, कन्नौज।** बैंक ऑफ़ इंडिया के एटीएम से पैसे निकालने गया युवक करंट की चपेट में आ गया। साथी ने उसे बचाकर प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराया। क्षेत्र के नगला हंसे निवासी निखिल कुमार पुत्र अरविंद (19) शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे बैंक आफ इंडिया के एटीएम सौरिख से अपने दो दोस्तों अमित पुत्र अमर सिंह, विकास पुत्र महेश चंद्रपाल के साथ पैसे निकालने के लिए आया था। जैसे ही निखिल ने एटीएम का दरवाजा खोला उसे करंट लग गया और चीखने लगा। पास खड़े दोस्तों ने किसी तरह उसे बचाया और प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। उपचार के बाद सामान्य हालत में दोस्त निखिल को घर ले गए। वही बैंक आफ इंडिया के मैनेजर शैलेश राजपूत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसी कोई घटना संज्ञान में नहीं है। जब बैंक आए तो सब कुछ ठीकठाक पाया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# पिकअप पलटी, सहचालक को अज्ञात वाहन ने कुचला

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

● आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद के कंपिल से गाय उतार कर गुजरात लौटते समय पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पीली पट्टी पर पलट गई। हादसे में पिकअप पर सवार सहचालक हाईवे की तरफ गिरा। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ऊपर से निकल गया। सुरक्षा अधिकारियों ने गंभीर रूप से घायल सह चालक को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा जहां उसकी मौत हो गई। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुए इस हादसे में चालक और हेल्पर के मामूली चोटें आईं।

गुजरात के जिला अमरेली थाना दाम नगर के पदोपर निवासी जगदीश भाई (27) पुत्र कलसी भाई सह चालक नरेंद्र (21) पुत्र निरूआ निवासी दामनगर थाना दाम नगर जिला अमरैली और हेल्पर वास्कोडिया राज(25) पुत्र मुकेश भाई निवासी पदोंपर थाना दामनगर जिला अमरैली के साथ पिकअप से फर्रुखाबाद के कंपिल में गाय उतार कर गुरुवार की रात आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते वापस गुजरात जा रहा था। थाना क्षेत्र सौरिख के किलोमीटर संख्या 155 पर रात 2:10 पर पिकअप पीली पट्टी पर अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप के पीछे बैठे सहचालक नरेंद्र उछल कर पीलीपट्टी से दूसरी लाइन में जा गिरा। तभी पीछे से आ रहा अज्ञात वाहन उसके ऊपर से निकल गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे मनोहर सिंह एवं स्थानीय पुलिस एवं सेफ्टी टीम ने नरेंद्र और हेल्पर वास्कोडिया को एंबुलेंस से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा। उपचार के दौरान नरेंद्र की मौत हो गई।

### नशीला पदार्थ रखने में दोषी को सजा, जुर्माना

**कन्नौज।** नशीला पदार्थ रखने के अपराध में दोषी को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पूर्णिमा पाठक ने सजा तथा जुर्माने से दंडित किया है। शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि छिबरामऊ कोतवाली में मुन्नाद अली के खिलाफ 460 ग्राम डायजापाम (नशीला पदार्थ) मिलने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोपी 16 महीने से जेल में निरुद्ध था। मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश ने उसे जेल में बितायी अवधि एक साल चार महीने के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 8000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न किए जाने पर दोषी को दो माह का कारावास और भुगतने के आदेश दिए।

# घर में किशोरी को दबोच कर युवक ने किया दुष्कर्म

**कन्नौज।** घर में घुसे युवक ने किशोरी को दबोच कर दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने युवक व किशोरी को कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली तिर्वा ले गई। यहां से आरोपी को छोड़ दिया गया। मामले में पीड़िता के पिता ने एसपी से कार्रवाई की मांग की।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 03 जुलाई को अपने घर में अकेली थी। घर के अन्य सदस्य खेत पर गये थे। सुवह करीव 9:30 बजे गांव का ही युवक घर में घुस गया और उसे दबोच कर दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवक को देख कमरे का दरवाजा बंद कर दिया। इस सूचना के बाद पहुंचे परिजनों ने यूपी 112 पुलिस को फोन कर बुलाया।

पुलिस ने दरवाजा खोल कर दोनों को बाहर निकाला। इस के बाद दोनों को कोतवाली ले गई। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ तहरीर दी पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस के बाद युवक को छोड़ दिया। शुक्रवार को पीड़ित पिता आरोपी पर कार्रवाई कराने के लिये एसपी विनोद कुमार से मिला।



बच्चों को कार्यालय बुलाकर बातचीत करते बीएसए संदीप कुमार। अमृत विचार

# बच्चों को ऑफिस बुलाकर बीएसए ने किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● पीएस रितुकाला के विद्यार्थियों ने कार्यालय परिसर में लगाए पौधे
● पेड़ों से लोगों को मिलने वाले फायदे भी गिनाए गए

**अमृत विचार।** ब्लॉक सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल रितकाला के विद्यार्थियों को कार्यालय बुलाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संवाद किया। मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्यालय परिसर में बच्चों ने फलदार पौधे रोपित किए।

बीएसए संदीप कुमार ने कार्यालय में बच्चों से कहा कि प्रतिदिन और समय पर स्कूल आएं। उन्होंने आगे चलकर किस क्षेत्र में जाने के बारे में भी पूछा जिसमें एक बच्चे ने शिक्षक बनने की बात कही। साथ ही बच्चों को पौधा लगाने के महत्व भी बताए। बच्चों ने भी उसके फायदे गिनाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हम सभी को अपने कार्यालय, निवास के पास पौधरोपण जरूर करना चाहिए। साथ ही पौधों को संरक्षित करने के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यालय परिसर में पोषण वाटिका सहित फलों के पौधे भी लगाए गए हैं जिसमें लीची, आड़ू, आम, अमरूद, करौंदा, जामुन आदि के फलदार पेड़ों पर फल भी आने लगे हैं। पौधा लगाकर बच्चे हर्षित हुए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मंजू व अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Explore the Power of Science
From Soil To Suspect
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
B.Sc Agriculture
B.Sc Forensic Science
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

## सार-संक्षेप

### लोडर की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा गंभीर

**कन्नौज।** गोमती देवी बालिका इंटर कालेज की छात्रा को लोडर ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रुप से घायल हो गई। लोडर के चालक ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से किशोरी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चौकी मुस्तफाबाद निवासी सौम्या पाल(16) पुत्री संतराम पाल शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कालेज में कक्षा 11 का छात्रा है। शुक्रवार को वह विद्यालय आई थी। छुट्टी होने के बाद करीव 2:30 बजे साइकिल से घर जाने के लिये निकली। तभी जीटी रोड पीएसएम कालेज के निकट तेज रफ्तार लोडर ने उसे टक्कर मार दी। इसे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। चालक ने लोडर रोक कर उसे ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गये। यहां से हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। लोडर लखनऊ का बताया जा रहा है। चालक ने बताया कि वह छात्रा का उपचार करायेगा।

### दूसरी शादी कर पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**सौरिख, कन्नौज।** बहनोई ने दूसरी महिला से शादी कर ली और बहन के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। यह आरोप लगाते हुए महिला के भाई ने थाने पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। थाना तालग्राम के गांव रोहली निवासी सुशील कुमार पुत्र स्व. बाबूराम ने बताया कि अपनी दिव्यांग बहन रेखा की शादी सौरिख थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र भैयालाल के साथ की थी। अब मेरे बहनोई ने दूसरी महिला से शादी कर ली और बहन के साथ शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है। गुरुवार रात बहन को पीट-पीट कर घर से निकाल दिया। किसी तरह बहन ने फोन कर इसकी जानकारी दी। उसने डायल 112 पुलिस को उसकी मदद के लिए भिजवाया लेकिन इससे पहले वह घर से भाग गया। पीड़िता के भाई ने रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है।



पौधा लगाने के बाद उसमें पानी डालते विधायक कैलाश सिंह राजपूत। अमृत विचार

### विधायक ने वन विभाग टीम के साथ किया पौधरोपण

**सौरिख, कन्नौज।** कस्बा में हरिभानपुर रोड स्थित स्पोर्ट स्टेडियम में शुक्रवार दोपहर क्षेत्रीय विधायक कैलाश सिंह राजपूत नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता तथा वन विभाग की टीम के साथ पहुंचे। जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन द्वारा बताए गए स्थान पर आम, कटहल, नींबू तथा पीपल आदि के पौधों को रोपित किया। विधायक ने क्रीड़ा अधिकारी को पौधों की देखरेख करने तथा मौजूद लोगों से पौधा लगाने के लिए आवाहन किया। वन रेंजर रामचंद्र, ठेकेदार गौरव यादव, विजय राजपूत, जितेंद्र सिंह राजावत, गगन गुप्ता, दीपू गुप्ता, रामू गुप्ता, सहित कई कई लोग मौजूद रहे।



वापस लौट कर आए बच्चे पुलिस साथ खड़े। अमृत विचार

### जेब के पैसे खत्म होने बाद लौटे चारों किशोर

**तिर्वा, कन्नौज।** एक साथ घरों से लापता हुए चार किशोर दिल्ली चले गए। वहां जेब के पैसे खत्म हो गए तो लौट आए। पुलिस ने उनके परिजनों को सौंप दिया। थाना इंदरगढ़ के हाजीपुर गांव निवासी रिषु(15) पुत्र कमल, कुस(14) पुत्र विनोद, मंजीत (15) पुत्र राजकुमार, मनीष(14) पुत्र हरिनारायण दोस्त हैं। बुधवार की शाम चारो बकरियां चराकर घर पहुंचे। बकरियां बांधने के बाद खाना खाकर घर से एक ही समय पर बाहर टहलने की कहकर निकल गए। वापस न आने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया गया कि चारों परिजनो की डांट से क्षुब्ध होकर दिल्ली चले गए। जब जेब में पडे पैसे खर्च हो गए तो वापस आ गए। उमर्दा में बच्चों के टहलने की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उनको पकड़कर परिजनों को सौंप दिया। बच्चो ने बताया कि वह घर से उमर्दा आए और कन्नौज पहुंच कर ट्रैन से दिल्ली चले गए। पैसे खर्च हो गए तो वापस चले आए। थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि बच्चों को समझा बुझाकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पत्रकार से मारपीट में दरोगा का हो निलंबन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डीजीपी को पत्र भेजा

**अमृत विचार।** पत्रकार से अभद्रता व मारपीट के मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व डीजीपी अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी को पत्र भेजा है।

पुरानी रंजिश के एक मामले में सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुतलूपुर निवासी त्र्क्षी गिहार का भाई पत्नी को कार में बैठा कर दवा दिलाने जा रहा था। इसी दौरान विपक्षी टॉप 10 के अपराधी ने मारपीट का प्रयास और गालीगलौज की। इस सूचना पर मकरंदनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि चौकी प्रभारी मनुज चौधरी ने वीडियो बना रहे त्र्क्षी का जबरन मोबाइल छीन लिया। इसके बाद कोतवाली लाये जहां उससे मारपीट की गई। घटना के संबंध में वीडियो वायरल होने के बाद अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी यूपी को पत्र भेज कर मामसे में जांच कराते हुए समुचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चौकी इंचार्ज को निलंबित कर मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। एसपी ने मामले की जांच सीओ सदर अभिषेक प्रताप सिंह अजेय को सौंपी है। वहीं चौकी इंचार्ज ने किसी तरह की मारपीट व गालीगलौज की बात से इंकार किया है। कहा है कि वह कानून व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे थे।

**सलाह** | कृषि भवन सभागार में चल रहे कार्यक्रम में डिप्लोमा कोर्स के प्रमाण पत्र दिए गए

# उन्नत तकनीक के बिना खेती की प्रगति संभव नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स बैच का समापन

**अमृत विचार।** डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स वर्ष 2023-24 बैच का शुक्रवार को समापन हो गया। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार एवं जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यह डिप्लोमा कोर्स कृषि निवेश विक्रेताओं को एक जिम्मेदार एग्रीकल्चर एक्सटेंशन वर्कर में बदलने का सशक्त माध्यम है।

कृषि भवन सभागार में चल रहे कार्यक्रम में शुक्रवार को अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में सही जानकारी, उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक सलाह के बिना खेती की प्रगति संभव नहीं है। देशी डिप्लोमा इसी आवश्यकता की पूर्ति करता है। अब आप सभी केवल व्यवसायी नहीं रहे बल्कि किसानों के सहायक, मार्गदर्शक और सलाहकार भी हैं। कृषि विभाग अपेक्षा करता है कि किसानों को प्रमाणित, वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल सलाह देकर सतत् कृषि विकास में योगदान देंगे।

अब यह डिप्लोमाधारियों की जिम्मेदारी है कि अपने ज्ञान को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने तथा कृषि विभाग से संचालित योजनाओं में अपना योगदान सुनिश्चित करते रहेंगे। अधिकारियों ने कार्यक्रम में डिप्लोमा कोर्स के प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक/ फैसिलिटेटर (देशी कार्यक्रम) मोहम्मद हलीम सिद्दीकी ने किया। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। बताया गया कि कार्यक्रम करीब 1 साल तक चला है।



किसान को प्रमाणपत्र देते डीडी कृषि संतोष कुमार, साथ में जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता व वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार। अमृत विचार

# कार की टक्कर से बच्चे की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

## मोहल्ला गंगा टोला का तीन वर्षीय बच्चा सड़क पार कर रहा था, तभी हुआ हादसा

संवाददाता कायमगंज

- टक्कर लगते ही कार्तिक दूर जाकर गिरा
- पुलिस ने कार व चालक को अपनी कस्टडी में ले लिया

**अमृत विचार।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में एक बच्चे को स्कॉर्पियो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बच्चे की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

कंम्पिल नगर के मोहल्ला गंगा टोला निवासी अशोक कुमार शाक्य का तीन वर्षीय पुत्र कार्तिक सुबह सोकर उठा और घर से पैसे लेकर बाहर दुकान से खाने के लिए चीज लेने गया था। वह सड़क पार कर रहा था तभी सामने से आ रही स्कॉर्पियो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार्तिक दूर जाकर गिरा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने गंभीर हालत में कार्तिक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां निशा का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं कार चालक व कार को वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। और सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने कार व चालक को अपनी कस्टडी में ले लिया। और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



कार्तिक।

# सड़क दुर्घटनाओं में 5 लोग घायल, एक की हालत गंभीर

संवाददाता कायमगंज

- कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे
- चिन्ता देवी को गंभीर हालत में लोहिया रेफर किया गया

**अमृत विचार।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर है।

कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव खांडे नगला निवासी राजवीर (55) व राजवीर का 17 वर्षीय पुत्र कुलदीप कंम्पिल क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी चिंता देवी (26) पत्नी सत्य किशन सहाबुद्दीन नगर निवासी शकुंतला देवी (62) पत्नी रामनाथ व कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदपुर सैंथरा निवासी रामनरेश का 13 वर्षीय पुत्र शिवकुमार गंभीर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों व एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। चिन्ता देवी की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गंगा में पानी छोड़ने से जल स्तर में इजाफा, दहशत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- डेमों से सवा लाख क्यूसेक पानी गंगा नदी में छोड़ा गया
- पानी छोड़े जाने से शमशाबाद में गंगा का जलस्तर बढ़ गया

**अमृत विचार।** शमशाबाद क्षेत्र में पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश के चलते डैम लबालब भर गए हैं। खतरे की संभावना को देखते हुए डेमों से लगभग सवा लाख क्यूसेक पानी गंगा नदी में छोड़ा गया, जिससे शमशाबाद में गंगा का जलस्तर बढ़ गया है । हालांकि फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है, लेकिन कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों में भविष्य को लेकर चिता और सतर्कता देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार गंगा कटरी क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांव हर साल बाढ़ की चपेट में जाते हैं। ऐसे में लोग या तो सुरक्षित स्थानों पर पलायन करने लगते है या फिर बाढ़ के संभावित दुष्प्रभावों से निपटने के लिए पहले से ही तैयारी शुरू कर देते हैं।

ढाई घाट शमशाबाद स्थित पुल के दोनों ओर बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ितों द्वारा तंबू लगाकर डेरा डालने की घटनाएं हर वर्ष देखी जाती है। प्रशासन भी नियमित रूप से ऐसे प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील करता है और मंडी समिति तथा कुछ इंटर कॉलेजों में उनके लिए रहने की व्यवस्था करता है।इस वर्षा की शुरुआत में ही वरसात का असर दिखने लगा है। पहाड़ों पर भारी वर्षा से डेम ओवरफ्लो हो गए है और प्रशासन ने एहतियातन गंगा में सवा लाख क्यूसेक के करीव पानी छोड़ा है, जिससे गंगा उफान पर है। क्षेत्र में कटाव की भी स्थिति बन रही है।पहाड़ी मिट्टी बाढ़ के पानी में बहकर गंगा में समा रही है। हालांकि अभी तफ किसी गांव में पानी घुसने की सूचना नहीं है।

## सार-संक्षेप



कढ़हर में डॉ .सुरेंद्र सिंह संक्रमण रोगों पर लोगो को जागरूक करते हुए ।

### संचारी रोग निवारण पर हुई विशेष चर्चा

**फर्रुखाबाद** ।राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर में जुलाई माह में संचालित संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सालय पर आए हुए रोगियों एवं उनके परिजनों एवं अन्य ग्रामीणों के लिए एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने विभिन्न संचारी रोगों के कारकों, लक्षणों एवं उनके बचाव और निदान के बारे में विस्तृत चर्चा की साथ ही इन संचारी रोगों से बचने के लिए व्यक्तिगत एवं अपने आसपास के परिवेश की साफ सफाई के महत्व की जानकारी दी।इस दौरान केन्द्र प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने संचारी रोगों से बचाव और संचारी रोगों के कर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बरसात के मौसम में संक्रमण से बचने की आवश्यकता है।खासतौर से मच्छर और गंदगी संक्रमण का कारण बनते हैं।इनसे बचाव रखकर संचारी रोगों से सुरक्षित रहा जा सकता है।

### दुष्कर्म के आरोपी सिपाही का हुआ मेडिकल परीक्षण

**फर्रुखाबाद** । एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी सिपाही को थाना नवाबगंज पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय में पेश किया। उधर बालिका का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया। बताते हैं कि पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार नवाबगंज थाना एवं कस्वा की निवासिनी 15 वर्षीय एक नाबालिग छात्रा गत बुधवार सुवह करीब 7 :30 बजे अपने स्कूल पढ़ने जा रही थी। इस दौरान एक कार में सवार महिला थाने के सिपाही विनय चौहान ने मार्ग में नाबालिग छात्रा को जबरदस्ती कार में बैठा कर दुष्कर्म किया। इस दौरान चीखने चिल्लाने का विरोध करने पर पीडित छात्रा को तमंचे की नोक पर धमकाया। जानकारी होने पर छात्रा के परिजन उसे ढूंढने के लिए निकले तो एक स्कूल के समीप कार से छात्रा को नीचे उतारते देखा गया। परिजनों को देख चालक ने कार भगाई वैसे ही लोगों ने मोटरसाइकिल से मार्ग को जाम किया। जिसके बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। दुष्कर्म के आरोपी सिपाही विनय चौहान को कार के साथ पकड़कर थाने लाया गया। ।पुलिस के अनुसार सिपाही फतेहगढ़ महिला थाने में तैनात है और पहले नवाबगंज थाने में भी तैनात रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि नवाबगंज थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है पुलिस अधीक्षक ने सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और जाच सीओ मोहम्मदाबाद द्वारा की जा रही ।

### दुष्कर्म में युवक को आजीवन कारावास की सजा

**फर्रुखाबाद** ।अदालत ने थाना मऊदरवाजा क्षेत्र की घटना में रेप के आरोपी नरेंद्र उर्फ विजेंद्र कठेरिया को आजीवन कारावास की सजा देकर 50 हजार का जुर्माना लगाया है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में 6 अक्टूबर 2024 को 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी जो 6 दिन बाद बदहवास अवस्था में वापस घर लौटी। पुलिस ने इसी थाने के ग्राम बाबरपुर निवासी नरेंद्र उर्फ विजेंद्र कठेरिया पुत्र मुरारी लाल के विरुद्ध चार्जशीट लगाई थी।नरेंद्र जनपद एटा थाना नरथपुर के ग्राम देवतरा का मूल निवासी है। उसके ऊपर किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप है। उधर थाना कंपिल के ग्राम कादरदादपुर निवासी दलवीर शाक्य पुत्र स्व रामचंद्र को वर्ष 1918 में जानलेवा हमला करने के मुकदमे में 7 साल की सजा और 500 रुपयों का जुर्माना हुआ है। थाना कादरीगेट के ग्राम सातनपुर निवासी विक्की उर्फ बूटी कटियार पुत्र विनोद को वर्ष 2020 में एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में 10 साल की सजा एवं एक लाख रुपयों का जुर्माना हुआ है।

### एफएसडीए ने छापा मारकर लिया पनीर का नमूना

**फर्रुखाबाद** ।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश पर जनपद के लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थ न मिले इसको लेकर टीम ने कई जगह छापा मारा, नमूने भरे और दुकानदारों को मिलावटी खाद्य पदार्थ पनीर आदि की बिक्री न करने के निर्देश दिए हैं ।उन्होंने थोक विक्रेताओं पर कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी है ।कहा कि आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाएं । शुक्रवार को सहायक आयुक्त ( खाद्य )–II अजीत कुमार के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, विनोद कुमार एवं अरुण कुमार मिश्र द्वारा निबिया चैराहा, फर्रूखाबाद स्थित अरविन्द कुमार पुत्र इन्द्रपाल के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना लिया गया ।

### किसान यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**अमृतपुर** ।भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी ने अमृतपुर तहसील प्रांगण में किसान नेताओं के साथ पहुंचकर किसानों की जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। तहसील परिसर में प्रदर्शन मे बैठने के बावजूद एसडीएम उनकी समस्या को सुनने नहीं पहुंचे। जिससे किसान नेता नाराज हो गए और नारेबाजी करने लगे। नाराजगी के दौरान अध्यक्ष ने बताया कि वह अब जिला मुख्यालय तक पैदल ही जाएंगे और अपना प्रदर्शन वहां करेंगे। जब तक जायज मांगों को नहीं माना जाता वह पीछे नहीं हटेंगे और जरूरत पड़ी तो अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ जाएंगे। इस दौरान उनके साथ मेघराज, नेत्रपाल, अवधेश, सर्वेश, आशीष, मुन्नालाल, प्रमोद, भजनलाल, अमित कुमार, मदनलाल, कृष्णपाल, राम अवतार ,रामकिशोर आदि मौजूद रहे।

### गेस्ट हाउस किरायेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद** ।मोहम्मदाबाद गेस्ट हाउस के किरायेदार द्वारा लाखों रूपये किराया न देनें एवं सामान चोरी कर लेनें के मामले में पीड़ित गेस्ट हाउस स्वामी नें एसपी से शिकायत की| एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस नें गेस्ट हॉउस किरायेदार के ऊपर मुकदमा दर्ज किया है|मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कान्हेपुर निवासी अरविन्द कुमार दीक्षित पुत्र दिवारी लाल ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया| जिसमे कहा गया कि उनका एक गेस्ट हॉउस मदनापुर मोहम्मदाबाद में है ।उस गेस्ट हॉउस को जनपद मैनपुरी के बेबर करपिया निवासी प्रवीन कुमार पुत्र बालक राम ने एक लाख 17 हजार रुपये मासिक किराये पर 5 साल के लिए लिया था| प्रवीन जनवरी 2025 से गेस्ट हाउस किराये पर संचालित कर रहा है| बीते लगभग तीन महीनें से प्रवीन ने किराया नहीं दिया जिससे प्रवीन पर कुल 3 लाख 51 हजार रुपये बांकी हैं। प्रवीन से कई बार मांगने पर नही दे रहा है| बीते 1 जून को दोपहर लगभग 1 बजे प्रवीन ने गेस्ट हॉउस में लगे 9 सीसीटीवी कैमरे, एक इंवर्टर, 2 बैटरी डीबीआर, 15 कम्बल, 15 तौलिया, 6 पंखे, 6 कुर्सी, 6 मेंज, एक प्रिंटर आदि सामान चोरी करके ले गये।

# 6 स्कूली वाहन सीज, 10 का चालान किया गया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद में बिना फिटनेस के चल रहे वाहनों पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत को दिए थे । जिलाधिकारी के निर्देश पर एआरटीओ द्वारा कायमगंज व मोहम्मदाबाद क्षेत्र में स्कूली वाहनों के विरूद्ध छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत बिना परमिट संचालित पाये गये 6 स्कूली वाहन सीज किये गये साथ ही 10 स्कूली वाहनों का चालान किया गया।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में सेन्ट पीटर्स स्कूल तथा सीपी ग्लोबल एकेडमी आदि स्कूलों के 2 स्कूली वाहन सीज किये गये तथा 4 स्कूली वाहनों का चालान किया गया। कायमगंज थाना क्षेत्र में सीपी विद्या निकेतन, श्री राम सिंह इंटर कालेज व प्रेम चन्द्र विद्या निकेतन आदि स्कूलों के 4 वाहन सीज किये गये तथा 6 वाहनों का चालान किया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा । इसलिए जनपद के समस्त स्कूली प्रबन्धक/प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वह राष्ट्र हित में छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत अपने वाहनों के प्रपत्र तत्काल पूर्ण करा लें।



सीज किए हुए वाहन। अमृत विचार

# मोपेड पेड़ से टकराई, अधेड़ की मौके पर ही मौत

**कायमगंज** ।कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में एक अधेड़ की मोपेड अनियंत्रित होकर पेड़ टकराई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के श्यामनगर निवासी 50 वर्षीय मुकेश गिहार पुत्र दुलारे गांव गांव फेरी लगाकर चारपाई व सिलवटी बेचने का काम करते थे। शुक्रवार शाम को वह फेरी लगाकर घर वापस आ रहे थे। तभी शिवरई मठ गांव के पास जैसे ही चौराहे पर पहुंचे तभी अचानक वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी तेज रफ्तार विक्की अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर कर पेड़ से जोरदार टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आठ मोहर्रम को कई स्थानों पर अलम जुलूस निकाला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आठ मोहर्रम को शहर में कई अलम जुलूस निकाले गए। इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। बड़ा बंगशपुरा से मोहर्रम को सुबह अलम जुलूस निकाला गया।

इमाम हुसैन की याद में अलम उठाये जाते हैं, यह परंपरा लगभग 90 साल से चली आ रही है । अरबाज शेरखान पुत्र मुन्ना शेर खां के नेतृत्व में अलम निकाले गए। पूरे शहर में अलम घूम रहे हैं। मोहल्लों में बड़ा बंगशपुरा, छोटे बंगशपुरा, नखास, मनिहारी ,छावनी, खटकपुरा सिद्दीकी, खटकपुरा इज्जत खां, तलैया फजल इमाम, मदारबाड़ी, गढ़ीकोना, घेरशामू खा, भाऊटोला बजरिया, कटरा बक्शी, शमशेर खानी, भीकमपुरा, बीबीगंज, बहादुरगंज तराई, सूफी खा, मस्जिद तल्ला, गढ़ी अब्दुल मजीद खा, आदि होते हुए रात 11 बजे अपने स्थित मुकाम पर पहुंचे । दूसरी रात 8 बजे बड़ा अलम बीबीगंज से सबसे ऊंचा अलम उठाया गया। बीबीगंज चौकी से 42 फीट का अलम जुलूस निकाला गया। वह 10 फीट का अलम प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए अलम कमेटी ने 10 फीट का अलम निकलने का निर्णय लिया। दिलदार हुसैन ने बताया कि प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए अलम छोटा निकाल रहे हैं। अलम देखने के लिए सैकड़ों इमाम हुसैन के शैदाइयों ने इमाम हुसैन की सदायें बुलंद कीं।



मोहर्रम के मौके पर अलम उठाते अकीकतमंद। अमृत विचार

# जल निगम संघर्ष समिति के लोगों ने काली पट्टी बांधकर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के लोगों ने शुक्रवार को अधिशासी अभियंता निर्माण खंड जल निगम के नगरीय कार्यालय पर मुंह व हाथ में काली पट्टी बांध कर सात सूत्रीय मांगों को लेकर मौन धरना प्रदर्शन किया।

बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन को उप जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को दिया है । उन्होंने कहा कि मांगों का ज्ञापन शासन को भेज दिया जाएगा । इस दौरान संघर्ष समिति के जूनियर इंजीनियर महताब अली ने बताया कि पिछले छह माह के वेतन का अभी तक भुगतान नहीं दिया गया है। वेतन न मिलने से परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पेंशन धारकों को छठे वेतन आयोग की पेंशन धारकों को नहीं मिली है और ना ही किसी भी कर्मचारी को सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलता दिखाई पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार के अन्य विभागों में सातवें वेतन आयोग का कर्मचारियों को भुगतान तक मिल गया है और आठवां वेतन आयोग की आस लगाए बैठे हुए हैं लेकिन जल निगम कर्मचारियों को पिछले 6 माह का वेतन न मिलने से समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि 17 से 19 जुलाई तक इन्हीं मांगों को लेकर लखनऊ मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कियाजाएगा।




अधिशासी अभियंता कार्यालय पर मौन होकर धरना देते हुए।

# गाली गलौज और मारपीट में मुकदमा

**नवाबगंज** । थाना क्षेत्र के गांव उखरा निवासी विश्वनाथ शर्मा की नवाबगंज मोहम्दाबाद रोड पर लकड़ी फर्नीचर की दुकान है। दुकान पर विश्वनाथ शर्मा के भाई राजवीर व पिता द्वारा लाल बैठे अपना फर्नीचर का कार्य कर रहे थे। शाम लगभग 4 बजे नया गनीपुर निवासी युवक अपने भाई के साथ आकर ग्राहक सम्बन्धी बातें करने लगा। बातों ही बातों में युवक व उसका भाई विश्वनाथ शर्मा को गालीगलौज करने लगा। विश्वनाथ शर्मा ने गालीगलौज का विरोध किया। तो युवक व उसका भाई विश्वनाथ शर्मा को लाठी डंडों से मारपीट करने लगा। युवक व उसके भाई ने विश्वनाथ को बचाने आए भाई राजवीर व पिता दिवारी लाल को भी लाठी डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में विश्वनाथ शर्मा व भाई राजवीर घायल हो गए। थाना नवाबगंज पुलिस को विश्वनाथ शर्मा ने युवक व उसके भाई के खिलाफ तहरीर दी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलेगा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया जिसमे 09 जुलाई 2025 को होने बाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समय से पौधों का उठान सुनिश्चित करे, किसी भी विभाग को कोई भी समस्या हो तो डीएफओ से संपर्क करे। सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने विभाग को मिले लक्ष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। वृक्षारोपण सभी का नैतिक व सामाजिक दायित्व है इसका पालन करें। लगाये गये पौधों को सुरक्षित रखें। सभी बीडीओ व ईओ अपने अपने क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान का चयन कर माननीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर वृक्षारोपण कराएं, वृक्षारोपण को उत्सव के रूप में मनाया जाये, सभी पौधों की जिओ टैगिंग कराई जाये।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने व सीजर की कार्यवाही करने व जुर्माना बढ़ाने के निर्देश दिए गये। सभी प्रमुख घाटों पर कूड़े के निस्तारण की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। बैठक में डीएफओ द्वारा बताया गया कि हरितिमा अमृत वन ऐप को मोबाइल प्ले स्टोर से डाऊनलोड कर उस पर वृक्षारोपण की रिपोर्टिंग करे व meri life.nic.in पर भी अपलोड करें, प्रत्येक वृक्षारोपण स्थल पर एक औषधीय पौधा अवश्य लगाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपस्थित रहे।

**कांवड़ यात्रा की तैयारी** | जिलाधिकारी द्वारा घाट पर बेरिकेडिंग कराने, प्रकाश की व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा गया

# डीएम व एसपी ने श्रृंगीरामपुर घाट और मार्ग का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** श्रृंगीरामपुर घाट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का संयुक्त रूप से जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा घाट पर बेरिकेडिंग कराने, प्रकाश की व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने व पीने के पानी की व्यवस्था के लिये टैंकर लगाने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग की सड़कों के गड्ढे भरवाने के लिये निर्देशित किया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी कमालगंज को रोड से गंगा किनारे तक के कच्चे मार्ग का समतलीकरण कराने के लिये निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष कमालगंज को सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ऐतिहासिक गंगा तट श्रृंगी रामपुर में राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित सीमावर्ती जनपदों के हजारों की संख्या में कांवड़िया अपने आराध्य का जलाभिषेक करने के लिए ऐतिहासिक गंगा तट से जल भरने के लिए आते हैं ।



डीएम एसपी घाट का निरीक्षण करते हुए। अमृत विचार



साफ सफाई की निर्देश देते हुए। अमृत विचार

# आम उत्पादक किसान योगेंद्र सिंह गंगवार मुख्यमंत्री से सम्मानित

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अवध शिल्प ग्राम में चार से छह जुलाई तक उद्यान विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे उ.प्र. आम महोत्सव-2025 का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में किया गया।

आम महोत्सव के प्रथम दिन प्रदेश के समस्त जनपदों से आये आम उत्पादकों में से दस कृषकों का चयन किया गया जिसमें जनपद फर्रुखाबाद से योगेन्द्र सिंह गंगवार ग्राम बरझाला विकास खण्ड कायमगंज का चयन किया गया। इनके पास 2.0 हे० में आम का बाग है, जिसमें दशहरी, अम्रपाली, चौसा एवं मल्लिका आदि प्रजातियों के आम होते हैं। नवीन तकनीकों का प्रयोग करते हुये उत्पादन कर इण्डियन इन्स्टीयूट पैकेजिंग संस्थान द्वारा इटावा, मैनपुरी, आगरा के स्थानीय बाजारों के अतिरिक्त प्रदेश के बाहर राजस्थान (जयपुर), मध्य प्रदेश (इंदौर) एवं आजादपुर मण्डी, दिल्ली आदि में विक्रय करते है। इनके उत्कृष्ट कार्य के लिये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री से आम किसान सम्मान प्राप्त करते हुए । अमृत विचार

# वृद्ध की डंडा मारकर की हत्या

## मेड़ के विवाद में हुई घटना, मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सबसुख में खेत की मेड़ के विवाद को लेकर पड़ोस के गांव के 70 वर्षीय वृद्ध की डंडा मार के हत्या कर दी गई। वृद्ध को यह खेत कई दशकों पहले पट्टे पर मिला हुआ था। जिस पर वह कई सालों से खेती करता आ रहा था। शुक्रवार को सुबह वृद्ध घर से खेत पर आया था। उसके खेत में मेड़ पड़ी देखकर वह उसे पैरों से तोड़ रहा था। तभी पड़ोसी गांव का मेड़ डालने वाले किसान ने आकर धक्का मुक्की कर उसक डंडा मार दिया। इससे वृद्ध किसान की खेत पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते है बकेवर थाना पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र व मौजूद ग्रामीण । अमृत विचार

बकेवर थाना क्षेत्र के नगला खांडेराव निवासी बालभ्यासी दोहरे का गांव से करीबडेढ़ किमी दूर नगला सबसुख गांव के पास एक खेत है। सबसुख नगला निवासी एक व्यक्ति से उसके खेत को अपना बताकर दो दिन पहले मेड़ डाल दी थी। मृतक के छोटे पुत्र शिववीर ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे उसके पिता अपने खेत आये थे। वह मनरेगा में मजदूरी करने काम पर चला गया था। खेत में मेड़ डली देखकर उसके पिता थ पैरों से मेड़ को तोड़ने लगे थे। इस दौरान ही पड़ोस के ग्राम नगला सबसुख निवासी व्यक्ति ने जिनसे खेत का कुछ दिनों से विवाद था। आकर उसके पिता बालभ्यासी से धक्कामुक्की करने लगा। बाद में उसने डंडा मार दिया। जिससे घायल होकर बगल में अपने भाई के खेत में गिर पड़े। खेत पर ही पड़े पड़े उन्होंने दम तोड़ दिया। जब उधर से कुछ लोग निकले तो उन्हों बालभ्यासी को पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी । सूचना पर बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह राठी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। बाद में एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र सी ओ भरथना अतुल प्रधान भी मौके पर पहुंचे। और घटनास्थल की जांच पड़ताल की।उनके पुत्र शिव वीर ने डंडा मारकर पिता को मार देने का नगला सबसुख निवासी एक व्यक्ति पर आरोप लगाया। थाना प्रभारी बकेवर इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मामला दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

## मारपीट की घटनाओं में चार लोग हुए घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल हो गए, घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर नावली निवासी राखी गोयल पत्नी राहुल गोयल गांव में मारपीट की घटना में घायल हो गईं। थाना सैफई क्षेत्र के अंतर्गत हैंवरा में दवंगों ने मारपीट कर नूर आलम चौधरी पुत्र इब्राहीम चौधरी निवासी मोहल्ला उर्दू सदर कोतवाली इटावा को घायल कर दिया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत अशोक नगर निवासी पारस पाल पुत्री लाखन सिंह मोहल्ले में मारपीट की घटना में घायल हो गई। थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत शाहजहांपुर में दवंगों ने मारपीट कर शिवराज सिंह पुत्र बटेश्वरी दयाल निवासी गल्ला मंडी रोड जसवंतनगर को घायल कर दिया।

# शार्ट सर्किट से मेडीकल स्टोर में लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** कस्बा के यादव नगर मोहल्ले में हाईवे सर्विस रोड किनारे स्थित मनोज मेडिकल स्टोर में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में मेडिकल स्टोर में रखी सारी दवाइयां जल गई। मेडिकल संचालक ने करीब चार लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान जताया है।

क्षेत्र के गांव भावल पुर निवासी मनोज यादव की मनोज मेडीकल स्टोर के नाम से दुकान है। गुरुवार की शाम को वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए तभी रात के समय उनकी दुकान में आग लग गई । उधर से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने दुकान से धुआं उठते देख लोगों को इसकी जानकारी दी। दुकान में आग लगने की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लोगों ने इसकी जानकारी दुकान मालिक मनोज यादव को दी। जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और लोगों के साथ आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि दुकान के भीतर रखी मोटरसाइकिल आग की चपेट में नहीं आई, वरना विस्फोट की आशंका थी। फिर भी टीवी, कूलर, पंखा, दवाइयां, सिरप और अन्य मेडिकल सामग्री पूरी तरह जल गई। संचालक मनोज ने बताया कि इस आगजनी में उन्हें लगभग चार लाख का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को भी दी गई। लोगों का कहना है कि कहीं आग आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लेती तो बडा हादसा हो सकता था।



आग लगने से जली दवाइयां व सामान । अमृत विचार

# खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ी रोडवेज बस

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- हादसे में बस चालक की मौत डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल
- इटावा और फिरोजाबाद जिले की सीमा पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** इटावा व फिरोजाबाद जिले की सीमा पर गांव गुराऊ के पास हाईवे पर गुरुवार रात ढाई बजे कानपुर से सवारियां लेकर आगरा जा रही रोडवेज की बस पहले से खडे ट्रक में पीछे से जा टकराई। इस हादसे में बस चालक की मौत हो गई जबकि बस में सवार डेढ़ दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गईं। बस में करीब पचास सवारियां सवार थी । बताया गया है हादसा बस के चालक को झपकी आने से हुआ है। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि कानपुर डिपों की बस गुरुवार की रात को सवारियां लेकर आगरा जा रही थी। बस को राजेश पुत्र कंहैया लाल निवासी कमला पुरा थाना मनियां धौलपुर राजस्थान चला रहा था। रात करीब तीन बजे जब बस हाईवे पर इटावा की सीमा पर गांव गुराऊ के पास पहुंची तभी खडे ट्रक में वह पीछे से टकरा गई। इस हादसे में बस बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई। हादसे के बाद बस में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों के सहयोग से बस में सवार लोगों को निकाला और नजदीक के अस्पताल में भिजवाया। इस हादसे में बस के चालक राजेश कुमार की मौत हो गई। बस में सवार करीब डेढ़ दर्जन सवारियां घायल हो गईं । जसवंतनगर सीएचसी पहुंचे घायलों में नीतू (30) पत्नी राजेश, राजेश (52) पुत्र रतनलाल, आदित्य (17) पुत्र राजेश कुमा निवासी आगरा, और बस परिचालक शशिकांत तिवारी निवासी दिबियापुर, औरैया शामिल हैं। बाद में गंभीर रूप से घायल चारों को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई पीजीआई रेफर किया गया।

फिरोजाबाद पुलिस ने मृतक ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद बस और ट्रक को किनारे कराकर यातायात बहाल किया गया। आशंका जताई गई है कि हादसा बस चालक को झपकी आने के कारण हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सभी लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

## 14 वर्षीय किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को 14 वर्षीय किशोरी द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने किशोरी को गंभीर हालत में जसवंतनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।परिजनों के अनुसार,किशोरी ने अज्ञात कारणों से पेट दर्द के सीरप के चक्कर में घर में रखे विषाक्त सिरप का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गई। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे।सीएचसी में मौजूद डॉक्टर विकास ने किशोरी की हालत गंभीर बताते हुए उसे सैफई मेडिकल कॉलेज भेज दिया। फिलहाल किशोरी का वहां इलाज जारी है।

# दुष्कर्म के दोषी दो लोगों को बीस-बीस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट प्रथम सुनीता शर्मा ने नौ साल पुराने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को बीस बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 10 सितम्बर 2016 को उसकी 16 वर्षीय बहन पड़ोस के गांव कपड़ा सिलवाने के लिए गई थी। जब शाम को वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की गई लेकिन उसका पता नही चल सका। बाद में लोगों ने बताया कि उसे गांव के दो युवक भगा ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अनिल व अनुज के खिलाफ किशोरी को भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने 17 अक्टूबर 2016 को किशोरी को भिडं बस स्टैंड के पास से बरामद कर लिया। पूछताछ व डाक्टरी परीक्षण के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में बढोतरी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए गये साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने अनिल कुमार व अनुज को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें बीस बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 40-40 हजार का दंड भी दिया।

## सार-संक्षेप



दंपती को आशीर्वाद देते मनीष यादव पतरे व अन्य । अमृत विचार

### नारायणी ट्रस्ट ने विधवा महिला का कराया पुनर्विवाह

**इटावा ।** संकट मोचन बाला जी धाम कटैयापुर मंदिर पर नारायणी ट्रस्ट ने एक विधवा महिला की हिन्दू रीति रिवाज से पुनर्विवाह कराया। अनुराधा उर्फ़ मोहिनी अहिलादपुरा करहल मैनपुरी हाल निवास ग्राम कटैयापुरा बीना इटावा की शादी हिंदू रीति रिवाज से नीरज यादव निवासी ग्राम रिकिसिया छिमारा सैफ़ई से संपन्न हुई थी। बीमारी के कारण नीरज की सैफ़ई अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। बाद में उसके बाद परिवार और सामाजिक लोगो के सहमति से नारायणी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष यादव के श्री संकट मोचन बाला जी धाम" कटैयापुरा पर श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पंडित महेश कुमार मृदुल ने हिंदू रीति रिवाज़ से अनुराधा की शादी रिंकू यादव पुत्र ताहर सिंह निवासी ग्राम नगला श्री कुईया सैफ़ई के साथ संपन्न कराई जिसमें ट्रस्ट द्वारा शादी के सभी तैयारी की गई और यथा संभव दान भी दिया गया जिसमे लड़की पक्ष से पिता यदुवीर सिंह, शिवरतन, देवर विपिन कुमार, हरिपाल सिंह, अरविंद यादव, सुनील, नीरज, भूरे राजपूत, धीरज, बॉबी यादव नगला पुनी, प्रदीप यादव कमरिया आदि लोग और लड़का पक्ष से पिता तहर सिंह उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त जस्टिस रविन्द्र सिंह बने यूपी वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष

**सैफई ।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई की यूपीयूएमएस एम्प्लॉइज एसोसिएशन के अध्यक्ष शरद यादव ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रविन्द्र सिंह को उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ का अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति रविन्द्र सिंह का न्यायिक अनुभव, अनुशासनप्रियता और नेतृत्व क्षमता प्रदेश में वॉलीबाल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। राजधानी लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सभागार में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ की साधारण सभा की बैठक एवं चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें वर्ष 2025 से 2029 तक की नई कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति रविन्द्र सिंह को अध्यक्ष चुना गया। सेवानिवृत्त जस्टिस रविन्द्र सिंह मैनपुरी जनपद के मूल निवासी हैं। न्यायिक सेवा के दौरान वह अपनी निष्पक्ष कार्यशैली और प्रशासनिक कुशलता के लिए पहचाने गए। खेलों, विशेषकर वॉलीबाल के प्रति उनके प्रेम को इटावा और मैनपुरी जिले के खेल प्रेमी भलीभांति जानते हैं। उनके अध्यक्ष बनने पर विश्वविद्यालय के एम्प्लॉइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ही सैफई वॉलीबल टीम से जुड़े धर्मेंद्र यादव, अभिषेक यादव, हर्ष यादव, होली यादव आदि खिलाड़ियों ने भी खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### सफारी पार्क में भ्रमण का समय बदला

**इटावा ।** सफारी पार्क के निदेशक ने बताया कि समय में परिवर्तन किया गया है पर्यटक अब सुबह 9 बजे से सफारी पार्क का भ्रमण कर सकेंगे। सफारी पार्क के निदेशक अनिल पटेल ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने एवं वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होने के कारण सफारी भ्रमण करने वाले पर्यटकों के लिए सफारी घूमने का समय 8 जुलाई से सुबह 9 बजे कर दिया गया है। परिषदीय स्कूल के छात्रों के लिए अनुभूति कार्यक्रम प्रत्येक शुक्रवार को पुन: पूर्व की भांति जारी रहेगा।

### नशीला पदार्थ रखने के दोषी को एक माह की सजा

**इटावा ।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नशीला पदार्थ रखने के एक 11 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया गया। दोषी पाए जाने पर उसे एक माह की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड सं दंडित किया है। थाना इकदिल ने वर्ष 2014 में साहेब आलम पुत्र छुट्टन निवासी आजाद नगर टीला को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर जेलभेज दिया था। बाद में पुलिस ने छानबीन के बाद आरोप पत्रकोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साहेब आलम को दोषी पाया और उसे एक माह की सजा व दो हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

# स्वामी विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प



स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते संस्थान के पदाधिकारी ।

कार्यालय संवाददाता इटावा

- पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद को किया याद

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया गया और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। यहां एसपी चौराहा पर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पहुंचकर सुबह स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। पुष्प अर्पित किए।

चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हेंवरा के प्राचार्य शैलेन्द्र शर्मा ने कहा विवेकानंद ने जो रास्ता दिखाया था वही प्रासंगिक है। हमें इसी रास्ते का अनुसरण करना है । स्वामी विवेकानंद ने जैसे भारत का सपना देखा था वैसे ही भारत का निर्माण करना है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद कम उम्र में भी भारतीय जनमानस पर छा गए और उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया । इस मौके पर विख्यात कवि डॉ राजीव राज, संस्थान के अध्यक्ष संजय सक्सेना, संयोजक डॉक्टर आशीष दीक्षित, विवेक रंजन गुप्ता, माधवेन्द्र शर्मा, भूमिजा फाउंडेशन के रविंद्र चौहान मौजूद रहे।

## पुलिस पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**इटावा।** शहर के तुलसी अड्डा निवासी एक महिला ने बसरेहर पुलिस पर उसके पति व परिवार के लोगों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। उसने इस मामले की शिकायत एसएसपी को पत्र भेज कर की है।

महिला राधा देवी ने एसएसपी व मानवाधिकार आयोग में शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उसके पति असित यादव पत्रकार है वह बकेवर क्षेत्र में हुई घटना की खबर कवरेज करने के लिए गए थे। उन्होंने खबर को लाइव दिखाया था। इसी बात को लेकर पुलिस लगातार उसके परिवार का उत्पीड़न कर रही है। वह पत्रकार के तौर पर सरकार में सूचना विभाग में रजिस्टर्ड हैं। लेकिन लगातार पुलिस के उत्पीड़न से परेशान होकर उनकी तबियत खराब हो गई जिस कारण से उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। उन्होंने एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी मांग है कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाये।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई घट यात्रा

कार्यालय संवाददाता इटावा



घट यात्रा में शामिल अष्ट कुमारियां । अमृत विचार

- मंत्रोच्चारण के साथ हुआ शुभारंभ
- अष्ट कुमारियां सिर पर कलश रखकर हुईं शामिल

**अमृत विचार ।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर करनपुरा में श्री मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब वेदी प्रतिष्ठा व श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एंव विश्व शांति महायज्ञ आठ दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिष्ठाचार्य पं मनीष जैन शास्त्री इटावा के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया।

प्रातःकाल श्री दिगंबर जैन मंदिर सरायशेख से गाजेबाजे के साथ घट यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं व अष्ट कुमारियाँ मुकुट माला सिर पर कलश रखकर यात्रा मे सम्मिलित हुई जैन भजनों के साथ भक्ति मे श्रद्धालु झूम उठे। तिकोनिया ,पक्की सराये ,नगरपालिका चौराहे पचराहा होते हुऐ करनपुरा जैन मंदिर पहुंची जहां सर्व प्रथम ध्वजारोहण रीतेश जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ मंडल शुद्वि के उपरांत श्रीजी का अभिषेक पुजारियों( इंद्रौ )द्वारा किया गया श्रीजी के ऊपर शांति धारा करने जयकुमार जिनेश प्रकाश जैन परिवार को आरती करने का सौभाग्य सरोज जैन मनोज जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मधुर संगीत के साथ विधान प्रारंभ किया गया जिसमें सौधर्म इंद्र, यज्ञनायक इंद्र, कुबेर इंद्र, महेंद्र इंद्र, चक्रवर्ती इंद्र, कामदेव इंद्र सभी इंद्र अपनी इंद्राणियों के साथ विधान मे सम्मलित हुऐ ।पं मनीष जैन शास्त्री ने सभी लोगों को विधान का महत्व भी समझाया गया सायंकाल की आरती करने का अनिल जैन आराधना जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ जो अपने घर से गाजेबाजे भक्ति नृत्य के साथ आरती लेकर मंदिर जी सपरिवार पहुंचे और श्रीजी की संगीत के साथ महाआरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया ।जिसमें मंदिर कमेटी के कमल जैन, महावीर जैन, पवन,राजा, शिवम्, सुशील, शैलेंद्र, रवि जैन आदि लोग व महिला मंडल की सभी महिलाएं मौजूद रही।

बैठक | डीएम ने की पौधरोपण के कामकाज की समीक्षा , गौशालाओं में भी लगेंगे पौधे

# नदी में अपशिष्ट पर ईओ को दिया नोटिस

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने पौधारोपण अभियान से संबंधित बैठक में इस अभियान में तेजी लाने के लिए कहा। बैठक के दौरान यह पाया गया की नदी में ठोस अपशिष्ट बह रहे हैं, उनकी रोकथाम नहीं हुई है तथा नालों में गंदगी भी पाई गई है। इस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए।



बैठक में निर्देश देते जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ।

डीएम ने कहा कि नदी के किनारे वाले गांव में नदी का दूषित जल नहीं जाना चाहिए। नदी के किनारे गांव को यमुना वन गांव तथा गंगा वन गांव बनाया जाए। यहां ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं और प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम किया जाए। पौधारोपण किया जाएगा और लक्ष्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि सभी गौशाला में पौधे लगाए जाए तथा पशु अस्पतालों में भी पौधे लगाए जाएं। गौशालाओं में छायादार पेड़ लगें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी स्कूलों में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जाए। इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता की जाए।

डीएम ने यह भी कहा कि पौधारोपण के दौरान जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी होनी चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि सभी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों के माध्यम से पौधरोपण कराया जाए। जो भी पौधे लगाए जाएं उनकी जियो टैगिंग जरूर कराई जाए। उपनिदेशक कृषि से कहा कि जिन किसानों को सम्मान निधि मिलती है उन्हें एक-एक पौधा जरूर दिया जाए और इन किसानों से सागवान का पौधा भी लगवाया जाए।

पीडब्लूडी अपनी सड़कों के किनारे पौधे लगाए और अहनैया नदी के किनारे भी पौधे लगाएं जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी विकास नायक, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस छह जुलाई को

**बकेवर ।** मिशन चंबल घाटी किसान नौजवान मंच परिवार के स्थापना दिवस पर 6 जुलाई दिन रविवार को इटावा तोमर व्हाइट हाउस के प्रांगण में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक रविंद्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि होंगे। उक्त जानकारी किसान नौजवान मंच इटावा के जिलाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह तोमर एवं सगठन मंत्री एस के भदौरिया महामंत्री उपेंद्र भदौरिया, नारायण सिंह ने सयुंक्त रूप से देते हुये बताया। कि दिनांक 06 जुलाई 2025 दिन रविवार को समय दोपहर 12:00 बजे से उक्त कार्यक्रम मिशन चंबल घाटी के तहत होगा। जिसमें किसान नौजवान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दिमनी रविंद्र सिंह तोमर भिडौसा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# कांग्रेस कमेटी का शपथ ग्रहण आज

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान पूरे जोरशोर से चल रहा है। जिला/ शहर कार्यकारिणी के गठित होते ही संगठन सृजन अभियान का पहला चरण पूर्ण हो चुका है। यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए दी।



प्रसवार्ता करते जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित व शहर अध्यक्ष मो . राशिद ।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। जहां एक ही मंच पर जिला, शहर कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर हम सोनिया गांधी के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व, राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के सिद्धान्तों को समाहित करते हुए एवं प्रियंका गांधी के उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन के स्वप्न को पूर्ण करते हुए हम एक सशक्त संगठन का निर्माण करेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सभी पदाधिकारियों को उनके कार्य और ज़िम्मेदारियों की शपथ दिलाकर यह संकल्प दिलाया जाये कि आज भाजपा शासनकाल में जिस तरह से समाज में नफ़रत फैलाई जा रही है, संविधान को ख़त्म करने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और गांधीवादी सिद्धान्तों को अपनाकर ही हम इन देश विरोधी ताकतों के विरुद्ध एक जुट होकर लड़ेंगे। मुख्य अतिथि एटा की पूर्व सांसद सत्या बहन उपस्थित रहकर पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगी। उनके साथ में कांग्रेस जिला प्रभारी सुमन तिवारी, राहुल सचान, ऊषा रानी कोरी और विकास अवस्थी भी मौजूद रहेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान ने कहा हम संकल्पित हैं कि आगामी 15 अगस्त तक हर बूथ स्तर तक कमेटियां गठित कर एक मजबूत और ज़मीनी संगठन का निर्माण करें। प्रेस वार्ता में पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाह, कांग्रेस ज़िला प्रवक्ता प्रेरणा ज़ुबैरी, प्रशांत तिवारी रहे।

# पहचान के लिए कब्र से निकाला शव

संवाददाता, अयाना (औरैया)

- अफसरों की मौजूदगी में डाक्टर ने डीएनए टेस्ट को लिया सैंपल
- शव की गलत शिनाख्त होने पर दफनाया गया था

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के पुरवा रहट में 27 जून को मिले शव की शिनाख्त के बाद परिजन ने अंतिम संस्कार कर दिया था। बाद में युवक के जीवित होने पर उन्होंने पुलिस को गलत शिनाख्त होने की सूचना दी थी। अब शव की पहचान के लिए शुक्रवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने कब्र खुदवाई और डॉक्टर ने डीएनए सैंपल लिया।

पुरवा रहट में काशी ईंट भट्ठा के पास 27 जून को शव की शिनाख्त करवाने के लिए पुलिस लगातार जुटी है। शुक्रवार को तहसीलदार अजीतमल अविनाश कुमा, कानूनगो रामनरेश, लेखपाल अमित तिवारी, डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज कुमार, अयाना सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील शर्मा, पोस्टमार्टम हाउस के फार्मासिस्ट अनिल कटियार, वार्ड ब्वॉय शिवम कटियार, अरुण कुमार, अयाना थानाध्यक्ष अजय कुमार, इंडियन ऑयल चौकी प्रभारी गणेश गुप्ता सेंगनपुर पहुंचे। टीम गांव के समसुल व उसके परिजनों को साथ लेकर कब्रिस्तान पहुंची। इसके बाद डॉक्टर ने मृतक का डीएनए सैंपल जुटाया। बाद में तहसीलदार की मौजूदगी में कब्र को बंद करवा दिया गया।

बता दें 28 जून को सेंगनपुर निवासी समसुल, उसके पड़ोसी नसीम खान सहित अन्य लोग औरैया कोतवाली पहुंचे थे। वहां उन्होंने अज्ञात शव की पहचान समसुल के भांजे नूर मोहम्मद के रूप में की थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को घर ले आए और दफना दिया। सोमवार को नूरे ने परिजन को फोन कर सकुशल होने की जानकारी दी। बाद में मंगलवार को पुलिस को गलत शव की शिनाख्त होने की जानकारी दी थी। तभी से पुलिस मृतक की असली पहचान करवाने में जुटी है। तहसीलदार अविनाश कुमार ने बताया कि डीएनए सैंपल के लिए कब्र खोद कर मृतक के बालों, नाखून, दांत व फीमर बोन का अंश लिया गया है।

# 17 लाख की मूंग दाल चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, एरवाकटरा, औरैया



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने मूंग दाल चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 231 क्विंटल मूंग दाल बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

व्यापारी दुर्गेश कुमार ने 26 जून को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी फर्म से दिल्ली की आरजी पल्सेस के लिए 378 बोरियों में मूंग दाल भेजी गई थी। माल ट्रक से भेजा गया था। माल समय पर नहीं पहुंचने और ट्रक चालक का मोबाइल बंद मिलने पर व्यापारी ने थाने में मामला दर्ज कराया। 3 जुलाई की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। मैनपुरी के रहने वाले शिवम और विशाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से चोरी का ट्रक, फर्जी नंबर प्लेट और फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली न जाकर एटा की तरफ जा रहे थे। वे दाल को खुद बेचने की योजना बना रहे थे। इसलिए उन्होंने ट्रक की असली नंबर प्लेट को बदलकर फर्जी नंबर प्लेट लगा दी थी। कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह के अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने ट्रक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। बरामद माल की कीमत करीब 17 लाख रुपये है।

## चोरी की साजिश रचते दो शातिर गिरफ्तार




पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी।

**औरैया।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए दो आरोपियों मधूपुर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों में रामू गिहार पुत्र बाबूराम गिहार एवं छोटू गिहार उर्फ छूटका पुत्र महावीर गिहार निवासी गिहार कालोनी हैं। आरोपियों के कब्जे से सामान भी बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से योजना बना रहे थे।

## एक नजर

### संपूर्ण समाधान दिवस आज

**औरैया।** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 5 जुलाई को जनपद की तहसील अजीतमल में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तहसील अजीतमल में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में समय से पहुंचना सुनिश्चित करें।

### तहसील स्तर पर किसानों की लगेगी पाठशाला

**औरैया।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जनपद औरैया में नामित कम्पनी एचडीएफसी एग्रो के प्रतिनिधियों व कर्मचारियों द्वारा तहसील स्तर पर एवं ब्लाक स्तर पर पाठशाला का आयोजन किया जायेगा। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा इस योजना का उद्देश्य कृषकों को प्राकृतिक अपदाओं से होने वाले फसल के नुकसान की भरपाई कराना है। ऋणी कृषक अपनी सम्बन्धित बैंक से सम्पर्क कर बीमा कराएं एवं गैरऋणी कृषक अपना आधार कार्ड, स्वप्रमाणित फसल बुआई घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल, बैंक पास बुक की आदि लेकर बैंक शाखा में जाकर अपनी फसल का बीमा करा सकतें है।

# झाड़ू लगाते समय लोहे के पाइप में करंट आने से किशोर की मौत

## गौहानी के कला गांव का मामला, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



**अमृत विचार।** कोतवाली के गौहानी कला गांव में शुक्रवार सुबह घर में झाड़ू लगाते समय 17 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के दौरान किशोर के माता-पिता अहमदाबाद गए हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की। किशोर कक्षा 11 का छात्र था।

गौहानी कलां निवासी विकास पुत्र अरविंद कुमार राठौर शुक्रवार सुबह घर में झाड़ू लगा रहा था। उसका पैर अचानक टिन शेड के लोहे के पाइप से छू गया, जिसमें करंट आ रहा था। करंट लगने से वह वहीं गिर गया। कुछ देर बाद उसकी बड़ी बहन नेहा और छोटी बहन निशा ने उसे अचेत अवस्था में देखा। दोनों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन विकास को तुरंत सीएचसी अजीतमल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विकास के पिता अरविंद कुमार राठौर खेती और मजदूरी करते हैं। वे अपनी पत्नी संजू देवी के इलाज के लिए चार दिन पहले अहमदाबाद गए थे। उन्हें फोन पर इस दुखद घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक अमर बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। शुरू में परिजन पोस्टमार्टम के लिए मना कर रहे थे, लेकिन पुलिस के समझाने पर वे तैयार हो गए। कोतवाल ललितेश त्रिपाठी ने पुष्टि की कि मौत करंट लगने से हुई है।

# ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

संवाददाता, कंचौसी (औरैया)।

- इटावा से कानपुर की ओर जा रही समर स्पेशल ट्रेन की चपेट आया, शिनाख्त के प्रयास शुरू

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर गुरुवार शाम कंचौसी रेलवे स्टेशन से पश्चिम दिशा में स्थित घसापुरवा गांव के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा शाम लगभग साढ़े सात बजे का है। जब इटावा से कानपुर की ओर जा रही समर स्पेशल ट्रेन गुजर रही थी।

सूचना मिलते ही कंचौसी चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला, जिससे प्रतीत होता है कि युवक ट्रेन के आगे कूदा या फिर हादसे का शिकार हुआ। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह आत्महत्या थी या दुर्घटना। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उसकी उम्र करीब 25 वर्ष हैं, उसने सफेद रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान हेतु 72 घंटे के लिए चिचोली शवगृह में रखवाया है। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**दिबियापुर, औरैया।** दिबियापुर में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने दो युवकों पर बलात्कार और एक युवती पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। घटना करीब 5 माह पुरानी है। एक युवती 15 वर्षीय पीड़िता को दवा लेने के बहाने मेडिकल स्टोर ले गई। वहां से अमरूद खिलाने का लालच देकर बाग में ले गई। बाग में पहले से मौजूद दो युवकों ने पीड़िता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। युवती ने मोबाइल से इस घटना का वीडियो बनाया। आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो उसके भाई को मार देंगे और वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता डर और लोक-लाज के कारण चुप रही। पेट में लगातार दर्द की शिकायत पर जब डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि वह 5 माह की गर्भवती है। पूछताछ में पीड़िता ने दोनों आरोपियों का नाम बताया। जांच में यह भी पता चला कि युवती चुपके से पीड़िता को गर्भपात की दवा खिलाती रही। आरोपी लगातार उसे धमकाते रहे। परिजनों ने किशोरी की जान बचाने के लिए गर्भपात करा दिया।

## सार-संक्षेप




रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### रैली निकालकर अभिभावकों को किया जागरूक

**औरैया।** अपेक्षा महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा शिक्षा को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से विकास खंड औरैया के ग्राम माल्हेपुर एवं जौरा में स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया। बीते तीन दिनों से चल रहे इस अभियान की विशेष कड़ी आज इन दोनों गांवों में आयोजित हुई, जिसमें स्थानीय बच्चों, अभिभावकों, समाजिक कार्यकर्ताओं, समाज के प्रबुद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा रोज पढ़े – रोज बढ़े की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंग–बिरंगे पोस्टर और स्लोगनों के माध्यम से शिक्षा का संदेश दिया और घर–घर जाकर माता–पिता को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

### इलाज में लापरवाही पर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट



अस्पताल सीज करते सीएचसी अधीक्षक।

**फफूंद (औरैया)** कस्बा के एक मोहल्ला निवासी गर्भवती की डिलेवरी कराने के लिए उसके परिजन एक अस्पताल में ले गए। हालत बिगड़ने पर अस्पताल के लोग महिला को बाहर ले गए। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर अस्पताल आए और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। पति की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल के संचालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गुरुवार को फफूंद कस्बे के मोहल्ला ताहरपुर निवासी महेश पुत्र अमर सिंह बहेलिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को अछल्दा चौराहा स्थित सांई अस्पताल में पत्नी सुशीला डिलीवरी के लिए गई थी। डॉक्टर ने गारंटी ली और लापरवाही से उसका ट्रीटमेंट किया। पति के प्रयास करने के बाद भी पत्नी को देखने नहीं दिया। जब उसकी चिंता जनक हालत हुई तो डॉक्टर स्वयं अपनी गाड़ी से अकबरपुर लेकर गए, जिससे जच्चा की रास्ते में मृत्यु हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दिबियापुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. विजय आनन्द ने बताया कि शुक्रवार को सांई अस्पताल को सीज कर दिया है।




अन्नपूर्णा भवन का लोकापर्ण करते पूर्व राज्यमंत्री। अमृत विचार

### पूर्व कृषि राज्यमंत्री ने अन्नपूर्णा भवन का किया लोकार्पण

**फफूंद, औरैया।** विकासखंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत सिंदुरिया आलमपुर में पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। अन्नपूर्णा भवन में गल्ला वितरण करते हुए डीलर हरबंश लाल एवं पंचायत सचिव सुरेश चंद, प्रधान प्रतिनिधि सुधीर राजपूत ने मिथिलेश कुमारी को अंत्योदय कार्ड पर गल्ला वितरण कर अन्नपूर्णा भवन का शुभारंभ किया। पूर्व कृषि मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने ग्राम में प्रधान द्वारा कार्यों की प्रशंसा। प्रधान बेला देवी द्वारा कार्य, अमृत सरोवर, नाला निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन निर्माण अमृत सरोवर के चारों तरफ सड़के, अंबेडकर पार्क, सामुदायिक शौचालय स्कूल के बगल से सीसी रोड बाईपास ग्राम पंचायत में बाटर कूलर पक्के शौचालय बनवा कर सभी वर्गों का सम्मान किया। इस मौके पर इंद्रपाल सिंह, विश्वनाथ सिंह, कुलदीप दुबे, श्याम सिंह कुशवाहा, मन्नू आदि मौजूद रहे।

# दुकानदार को थप्पड़ मारने पर चौकी इंचार्ज निलंबित

संवाददाता, अयाना (औरैया)

- सेंगनपुर कस्बे में पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद
- पुलिस अधीक्षक ने विभागीय जांच के भी आदेश दिए

**अमृत विचार।** सेंगनपुर कस्बा में गुरुवार रात को साथियों के साथ दुकान के बाहर बैठकर खाना खा रहे दुकानदार को चौकी प्रभारी ने थप्पड़ जड़ दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने और पीड़ित दुकानदार के शिकायत करने पर एसपी अभिजित आर. शंकर ने बबाइन चौकी प्रभारी अवनीश कुमार को निलंबित कर दिया है।

सेंगनपुर निवासी हसमुल खान ने अयाना थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी कस्बे में इलेक्ट्रिक सामान की दुकान है। गुरुवार रात 11:40 बजे वह दुकान के बाहर बैठकर साथियों के साथ खाना खा रहे थे, तभी वहां सिपाहियों के साथ बबाइन चौकी प्रभारी अवनीश कुमार बल्व लेने आए। खाना खाने की वजह से उसने चौकी प्रभारी से थोड़ा इंतजार करने के लिए कहा तो चौकी प्रभारी भड़क गए और अभद्रता करते हुए उसे थप्पड़ मार दिया।

इसके साथ ही चौकी प्रभारी ने दुकान पर मौजूद कस्बे के अवनीश, राहुल, हमराज और दिनेश के साथ भी गालीगलौज करते हुए धमकी दी। यह पूरी घटना उसकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस घटना के बाद दुकानदार के परिजनों और ग्रामीणों में चौकी प्रभारी के प्रति रोष है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अभिजीत आर. शंकर ने चौकी प्रभारी अवनीश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# फाल्ट होने से 7 घंटे ठप रही बिजली

**कंचौसी, औरैया।** असेनी पावर हाउस से जुड़े बिहारीपुर उपकेंद्र की लाइन में फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति गुरुवार रात्रि लड़खड़ा गई। 12 गांव के उपभोक्ताओं को 7 घंटे से अधिक समय तक बिजली नहीं मिल सकी। इससे उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कंचौसी और बिहारीपुर, जमौली, चंद्रपुर, बिनपुरापुर, सहायपुर, चमरोआ, कंचौसी गांव, प्रसाद पुरवा सहित 12 गांव की बिजली आपूर्ति की जाती है। गुरुवार रात्रि 12 बजे के बाद कंचौसी और जमौली के बीच मेन लाइन में फाल्ट हो जाने से विद्युत आपूर्ति शुक्रवार सुबह 8 बजे तक बाधित रही। फाल्ट को दुरस्त होने के सुबह लगभग 9 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। जिससे रात्रि में लोगों ने विद्युत आपूर्ति ना होने से लोगों ने रात जागकर काटी, सुबह लोग पानी के परेशान रहे। विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जेई सतीश जयसवाल ने बताया फाल्ट होने से बिजली ठप हुई थी।



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

# 94 ग्राम पंचायतों में बनेंगे डिजिटल पुस्तकालय

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित कराए जाने के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद में 94 ग्राम पंचायतों का लक्ष्य दिया गया है। जिनमें डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना कराई जाएगी। जिसमें ग्राम के युवा एवं किशोर के लिये डिजिटल लाईब्रेरी की स्थापना की जानी है। इसके लिये उन ग्राम पंचायतों का चयन किया जाना है जिन ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में 02 या 02 से अधिक कमरे स्थापित है। जिसमें डिजिटल लाईब्रेरी में एक स्मार्ट एलईडी टीवी कैमरे के साथ, डैस्कटाप कम्प्यूटर, यूपीएस इत्यादि सहित डिजिटल पाठ्यकम भी उपलब्ध कराये जायेंगे। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने संबंधितों को निर्देशित किया कि डिजिटल लाईब्रेरी स्थापित कराने के लिए ग्राम पंचायतों के चयन हेतु खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठन कर ग्राम पंचायतों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि चयनित ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट लाईब्रेरी स्थापित हो, जिसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा बाल एवं किशोरो को लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी हरेश कुमार सोलंकी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

प्रदर्शन — किसानों ने लगाया जबरन नापजोख करने का आरोप

# चारागाह की जमीन नापने पहुंचे लेखपालों का किया विरोध

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम रामपुर-बोडेपुर में उस समय किसानों ने विरोध किया जब लेखपाल अवनीश कुमार, सतेंद्र यादव और अजीत अपनी टीम के साथ चारागाह की जमीन की नाप करने पहुंचे। जैसे ही लेखपाल ने नाप शुरू की ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया।

किसानों नाथू राम, राम औतार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ईश्वर दयाल का आरोप है कि लेखपाल उनकी निजी खेतों के आगे लंबी-लंबी जबरन चारागाह की जमीन में नाप जोख करने लगे। एक महिला किसान द्रोपदी देवी ने बताया कि मेरे पास 2 बीघा खेत है और खेत के आगे की भूमि को भी चारागाह बताकर नापा जा रहा है। यह सरासर गलत है। वहीं, मौके पर सुरक्षा के लिए मौजूद उपनिरीक्षक शशि यादव और मनोज कुमार ने लोगों को शांत करने की कोशिश की, लेकिन किसानों और राजस्व टीम के बीच बहस काफी देर तक चलती रही। इस पर विरोध बढ़ता देख लेखपाल ने एसडीएम को सूचना दी।

मौके पर पहुंची एसडीएम गरिमा सोनकिया ने नाप कराई। किसानों ने कहा कि जब तक सही ढंग से जांच नहीं की जाती, वे विरोध जारी रखेंगे। लेखपाल अवनीश कुमार ने बताया कि चारागाह की आगे जगह पर कुछ लोग मेड डालने का विरोध कर रहे थे। एसडीएम ने मौके पर आकर नाप जोख कराते हुए जेसीबी से चारागाह की जगह पर मेड़ डलवाई है।

# विद्यालयों के विलय पर जताया विरोध

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया



विधायक को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा के आह्वान पर जनपद औरैया में शिक्षकों ने विद्यालयों के मर्जर एवं पेयरिंग के विरोध में आवाज बुलंद की। जिला अध्यक्ष अखिलेशचंद्र यादव के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों तथा 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित करना शिक्षकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इससे पूर्व भी एक ही परिसर में स्थित करीब बीस हजार विद्यालयों का संविलियन करके प्रधानाध्यापक पद समाप्त कर दिए गए थे। शिक्षकों ने चिंता जताई कि मर्जर की इस प्रक्रिया से बच्चों को दूरस्थ विद्यालयों में जाना पड़ेगा, जिससे ड्रॉपआउट दर बढ़ेगी। साथ ही हजारों रसोइयों की सेवाएं भी समाप्त हो जाएंगी, जिससे गरीब तबके को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव के साथ नीरज चक, बुद्धिपाल ब्लॉक मंत्री भाग्यनगर, गिरीश नारायण यादव, अनिल दोहरे ब्लॉक मंत्री अछल्दा, राजाभाई यादव संघर्ष समिति भाग्यनगर, पंचशीला बौद्ध, रजनी गौतम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हर जिले में बढ़ेगी जन औषधि केंद्रों की संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का राज्य में संचालन स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज़) द्वारा किया जाएगा। राज्य सरकार ने शुक्रवार को साचीज को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। यह जानकारी साचीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अर्चना वर्मा ने दी, उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब तक 793 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। उप्र. शासन का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी जिलों में कुल 1,110 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण नॉन-ब्रांडेड जेनरिक दवाएं बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है।

# सिर्फ निगरानी तक सीमित रहेगा आउटसोर्स सेवा निगम

## जिस निगम का 11 लाख संविदाकर्मियों से लेकर बेरोजगार कर रहे थे इंतजार, उसका ढांचा बदल गया

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- नियुक्ति पत्र देने और 60 साल में सेवानिवृत्ति जैसे प्रावधान हटे, बन सकते थे स्थाईकरण का आधार
- एजेंसियां ही करेंगी तीन साल के लिए नियुक्ति, आरक्षण, वेतन-पीएफ आदि की होगी सख्त निगरानी

**अमृत विचार :** जिस आउटसोर्स सेवा निगम का राज्य के 11 लाख संविदाकर्मियों से लेकर युवा पीढ़ी को बेसब्री से इंतजार था, अब उसका ढांचा ही बदल गया है। यह निगम न पहले से काम कर रहे कार्मिकों को कोई नया नियुक्ति पत्र देगा, न ही 60 साल में सेवानिवृत्त की गारंटी। अब सिर्फ तीन साल तक नियुक्ति पत्र देने वाली आउटसोर्स एजेंसियों के चयन से लेकर उनके द्वारा समय से वेतन, नियुक्ति में आरक्षण, ईपीएफ व ईएसआई आदि मामले में सख्त निगरानी करेगा।

अमृत विचार ने एक जून के अंक में 'आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े का रहे श्रम कानून' शीर्षक से सारी स्थितियां स्पष्ट कर दी थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुरुवार की देर शाम हुई उच्चस्तरीय बैठक में इसपर मुहर भी लग गई। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि आटसोर्स सेवा निगम को रेगुलेटरी बॉडी की भूमिका में रखा जाए जो एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निगरानी करे और नियमों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबारमेंट, पेनाल्टी और वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करे।

हालांकि मुख्यमंत्री योगी ने इस साल फरवरी माह के विधानसभा सत्र में संविदा कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए जब आउटसोर्स एजेंसियों को समाप्त करके आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान किया था, तो बेरोजगार युवकों ने खासा उत्साह दिखाया। इसका एक शासनादेश भी सामने आया, जिसमें कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन का ब्योरा था। इसमें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निदेशक मंडल, उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, प्रशासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए चार श्रेणी के कार्मिकों को कुल 93 विभागों में नियुक्ति का मसौदा था। साथ ही निगम के संचालन व प्रशासन की पूरी गाइडलाइन थी।

### अप्रैल में हुई पहली बैठक में उठे थे सवाल

मुख्यमंत्री की आउटसोर्स सेवा निगम को लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस व प्रमुख सचिव के साथ हुई बैठक में ही श्रम कानूनों के मद्देनजर सवाल उठे थे।

### आपत्ति के बाद आउटसोर्स सेवा निगम का बदला चेहरा

दरअसल सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। ऐसे में नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत आउटसोर्स सेवा निगम की ओर से प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) जनरेट करके संबंधित विभाग की चयन समितियों के अध्यक्ष के डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक देने की व्यवस्था से न्याय व श्रम विभाग सहमत नहीं हुआ। उनका तर्क था कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार होगा। साथ ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

### खाद की किल्लत नहीं, 27 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कई जिलों से खाद की कालाबाजारी किए जाने की आ रही सूचनाओं के बीच राज्य सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए अब तक 27 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हो चुकी है। 10 लाख मीट्रिक टन यूरिया और आपूर्ति की जा रही है, जिससे कुल उपलब्धता 37 लाख मीट्रिक टन तक रहेगी। पिछले वर्ष खरीफ में 32.84 लाख मीट्रिक टन यूरिया की खपत हुई थी, इस बार उससे अधिक स्टॉक मौजूद है। कृषि मंत्री एसपी शाही ने लोकभवन में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी।

# आठ जिलों में बनेंगे एकीकृत आयुष अस्पताल

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई नेशनल आयुष मिशन उप्र. की 11वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर, चित्रकूट, भदोही महाराजगंज, फिरोजाबाद सीतापुर, बहराइच और चंदौली में बनेंगे अस्पताल
- आकांक्षी जिलों में 32 सरकारी आयुष औषधालयों का होगा निर्माण, 651.81 करोड़ की राज्य वार्षिक कार्ययोजना अनुमोदित

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेशनल आयुष मिशन उत्तर प्रदेश की 11वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई। शुक्रवार को लोकभवन में हुई इस बैठक में आयुष सेवाओं के लिए 519.70 करोड़ रुपये, आयुष शिक्षा संस्थानों के लिए 86.17 करोड़ रुपये, फ्लैक्सी पूल के लिए 30.92 करोड़ रुपये और व्यवस्थापन लागत के लिए 15.01 करोड़ रुपये सहित कुल 651.81 करोड़ रुपये की राज्य वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 को स्वीकृति मिली।

आयुष सेवाओं में 19448 लाख रुपये नये प्रस्तावों, 214.78 करोड़ रुपये आवर्ती व्यय (आयुष दवाइयां, मानव संसाधन आदि), 110.43 करोड़ रुपये पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं की शेष राशि (अनावर्ती) पर व्यय किये जायेंगे। नवीन प्रस्तावों के तहत गाजीपुर, चित्रकूट, भदोही, महाराजगंज, फिरोजाबाद, सीतापुर, बहराइच और चंदौली में 8 नए 50 बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए गैर-आवर्ती राशि 15 करोड़ रुपये प्रति अस्पताल निर्धारित की गई है। आकांक्षी जिलों में 32 सरकारी आयुष औषधालयों (आयुर्वेद-21, होम्योपैथी-6, यूनानी-5) का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक औषधालय के लिए गैर-आवर्ती राशि 30 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

प्रदेश के 100 जिला अस्पतालों में को-लोकेटेड आयुष फैसिलिटी स्थापित की जाएंगी। प्रत्येक सुविधा के लिए कुल 23.3 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। कौशांबी, हाथरस, वाराणसी और आगरा में 4 सरकारी आयुर्वेदिक 15/25 बेड वाले अस्पतालों का उन्नयन किया जाएगा। प्रत्येक अस्पताल के लिए गैर-आवर्ती राशि एक करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

बुलंदशहर, फतेहपुर, उन्नाव और हरदोई में 4 पचास बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों के लिए प्रति अस्पताल 1.5 करोड़ रुपये की आवर्ती सहायता प्रदान की जाएगी। बहराइच, आजमगढ़ और मिर्जापुर में तीन नए तीस बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 10.5 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

वाराणसी में लसीका फाइलेरियासिस के लिए रुग्णता प्रबंधन और अक्षमता रोकथाम के लिए राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस पर 8 लाख रुपये व्यय किये जायेंगे। आयुष शिक्षा संस्थानों के अंतर्गत वाराणसी में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के लिए 70 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसी प्रकार अयोध्या में स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के 4.89 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है।

फ्लैक्सीपूल में नवीन प्रस्तावों के अंतर्गत इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ में 6 पंचकर्म और योग केंद्र स्थापित किए जायेंगे। प्रत्येक केंद्र के लिए 31 लाख रुपये निर्धारित की गई है। लखनऊ के स्टेट यूनानी और होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज तथा गोरखपुर के आयुष विश्वविद्यालय में ई-संजीवनी के तहत टेलीमेडिसिन हब स्थापित किए जाएंगे। एक टेलीमेडिसिन हब की स्थापना पर 10.49 लाख रुपए व्यय किया जायेगा। 15/25 बेड वाले आयुर्वेदिक अस्पतालों में 11 पंचकर्मा केंद्र स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रत्येक केंद्र के लिए 10.6 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है।

### 11 पंचकर्म केंद्र और आयुष सूचना सॉफ्टवेयर का होगा विकास

15/25 बेड वाले आयुर्वेदिक अस्पतालों में 10 .6 लाख रुपये प्रति केन्द्र की लागत से 11 पंचकर्म केंद्रों की स्थापना की जायेगी। आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए 2 करोड़ रुपये की लागत से आयुष सूचना सॉफ्टवेयर विकसित और संचालित किया जायेगा। आयुष स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं (एचसीएफ) के लिए कायाकल्प कार्यक्रम के लिए 15 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। ये परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, स्थानीय और पर्यावरणीय पर्यटन को बढ़ावा देने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# पैमाइश और मेड़बंदी जैसे मामलों में न दिखे उदासीनता : मुख्यमंत्री



प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों से अपने लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने 45 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को किया सचेत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। कहा कि भूमि विवाद, पैमाइश और मेड़बंदी जैसे मामलों में उदासीनता न दिखे। इनमें देरी से जनता में निराशा आती है। लोगों को त्वरित न्याय दिलाना कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने आवास पर शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि यूपी जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। योगी प्रशिक्षण के उपरांत प्रारंभिक 5-6 वर्षों का व्यवहार, दृष्टिकोण और कार्यशैली आने वाले तीन-चार दशकों की दिशा तय कर देता है।

# आरोपी डॉक्टर व कर्मियों पर कसी नकेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्राइवेट प्रैक्टिस करने वालों की होगी जांच : ब्रजेश पाठक
- महिला चिकित्सक पर निजी प्रैक्टिस करने का आरोप
- मरीजों से अवैध वसूली के आरोप में नर्स निलंबित

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मरीजों से अवैध वसूली के आरोपों में फर्रुखाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात उपचारिका (नर्स) को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में महिला डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल संस्थान में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की शिकायतों को संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। मालूम हो कि फर्रुखाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात नर्स विदेह कुमारी पर मरीजों से अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। साथ ही अस्पताल में अराजकता फैलाने के भी आरोप हैं। शिकायतों का उप मुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया। नर्स को निलंबित करते हुए बहराइच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनाती के आदेश दिए गए हैं। साथ ही प्रमुख सचिव को निर्देश दिए हैं कि नर्स को आरोप पत्र देकर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि कुशीनगर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आब्स एण्ड गायनी विभाग में सहायक आचार्य के पद पर तैनात डॉ. रूचिका सिंह पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को डॉ. रूचिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि आजमगढ़ सीएचसी में तैनात डॉ. सुरजीत सिंह द्वारा हरदोई के जिला चिकित्सालय में तैनाती के दौरान मरीजों से दुर्व्यवहार एवं दूसरी गम्भीर शिकायतें मिली हैं। डॉ. सुरजीत पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि बहराइच की पीएचसी गंगवल में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. विकास वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-पयागपुर में गलत मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया था। जांच के बाद डॉ. विकास की एक वेतनवृद्धि एक वर्ष के रोकते हुए परिनिंदा का दंड दिया गया है। उधर, हमीरपुर मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. गीतम सिंह ने महोबा में उप्र विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासनिक विलंब समिति की बीते 25 अप्रैल की बैठक में सूचना सहित प्रतिभाग न किये जाने के आरोप लगे हैं। यह शासकीय व पदीय दायित्वों में लापरवाही एवं उदासीनता है। लिहाजा डॉ. गीतम से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### मरीजों से अभद्रता पर स्पष्टीकरण तलब

रायबरेली के खीरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. इफ्तिखार अहमद पर महिला रोगियों से अभद्रता किये जाने के आरोप हैं। उच्चादेशों की अवहेलना करने का भी आरोप है। डॉ. इफ्तिखार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# लॉटरी से नियुक्ति पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर बिहार में पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में 'लॉटरी सिस्टम' से प्रधानाचार्य व शिक्षकों की नियुक्ति किए जाने की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्राधानाचार्य की नियुक्तियों को सही ठहराना, क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू होगी।

# स्कूलों के विलय मामले में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई पूरी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों के विलय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ में कृष्णा कुमारी व अन्य की ओर से दाखिल दो अलग-अलग याचिकाओं पर दो दिनों से जारी सुनवायी में याचियों और सरकार के अधिवक्ताओं ने अपनी बहस पूर्ण की। याचियों ने विलय सम्बंधी राज्य सरकार के 16 जून के आदेश को खारिज करने की मांग की है। उनकी ओर से अधिवक्ताओं एलपी मिश्रा व गौरव मेहरोत्रा की दलील थी कि सरकार का कृत्य संविधान के अनुच्छेद 21 ए में प्रदत्त 6 से 14 वर्ष के बच्चों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, क्योंकि इससे वे अपने नजदीक में शिक्षा पाने के हक से वंचित हो जाएंगे। कहा गया कि यदि किसी स्कूल में छात्रों की संख्या कम है तो सरकार को उस स्कूल के स्तर को सुधारने का प्रयास करना चाहिए, ताकि वहां अधिक से अधिक बच्चे दाखिला लें लेकिन सरकार ने यह करने की बजाय आसान तरीका निकाला है कि विलय या अन्य किसी तरीके से उन स्कूलों को ही बंद कर दिया जाय।

वहीं सरकार की ओर से पेश अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेशिया, मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह व निदेशक बेसिक शिक्षा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप दीक्षित का तर्क था कि सरकार ने नियमों के तहत ही निर्णय लिया है जिसमें कोई खामी नहीं है। कहा गया कि कई स्कूल तो ऐसे हैं जिनमें एक भी छात्र नहीं हैं। यह भी तर्क दिया गया कि सरकार ने मर्जर (विलय) नहीं किया है अपितु स्कूलों की पेयरिंग की गयी है।

# पंचायत चुनाव में अति पिछड़ी जातियों को मिले अलग से कोटा : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राजमंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को पार्टी के महासचिव अरूण राजभर के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात के दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी और अनुसूचित जाति आरक्षण में इन वर्गों की अति व सर्वाधिक पिछड़ी जातियों को अलग से कोटा दिए जाने की मांग उठाई। साथ ही कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उनके सामने प्रस्ताव रखेंगे।

लंबे समय से ओबीसी के आरक्षण कोटे में बंटवारे की मांग करने वाले कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी और अनुसूचित जाति में अति व सर्वाधिक पिछड़ी जातियों के लिए अलग से सीटें आरक्षित किया जाना समय की मांग है।


## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है; पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | ■ | 2 सं | पा | त |
| दि | ■ | ■ | ■ | को | ■ | ■ |
| र | ■ | ■ | ■ | च | ■ | 3 गो |
| ■ | 4 अ | पो | 5 ह | न | ■ | टी |
| ■ | भि | ■ | म | ■ | 6 ठे | ■ |
| 7 ख | जा | ■ | 8 पा | ठि | क | ■ |
| ■ | त | ■ | या | ■ | ना | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी-18 .58 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज व्यापार को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन को विवाह को लेकर प्रपोज कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के बीच आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे।

**वृष:** आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन:** आज आपके व्यक्तित्व में सुधार आयेगा। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क:** आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश क्रोधित हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी समस्या होगी। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**सिंह:** आज प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जॉब में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है। अचानक घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कन्या:** आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। प्रेम संबंधों में समस्या का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का वातावरण अत्यधिक अनुशासित रहने वाला है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवाएं। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें।


**धनु:** आज आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। दिन शांति और सुकून से व्यतीत होगा। लोग आपके विचारों को अत्यधिक महत्व देंगे।

**मकर:** आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत सक्रिय रहेंगे। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**कुंभ:** आज धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। आत्मिक सुख की अनुभूति होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको आह्लादित करेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत काफी नकारात्मक रहने वाली है। नया कार्य आरंभ करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में टोका-टाकी न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए।

## आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 19 .51 तक तत्पश्चात विशाखा।

## सुडोकू -29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 3 | | | |
| | 8 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| 9 | | 7 | | 5 | 1 | | 8 | 6 |
| | | 2 | 3 | 9 | | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | 7 | 8 | | |
| 6 | 1 | | 5 | 2 | | 7 | | 9 |
| | 5 | | 8 | | 9 | | 4 | |
| | | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |

येऽर्था: स्त्रीषु समायुक्ता: प्रमत्तपतितेषु च।
ये चानार्ये समासक्ता: सर्वे ते संशयं गता: ॥

आलसी, अधम, दुर्जन तथा स्त्री के हाथों सौंपी संपत्ति बरबाद हो जाती है। इनसे सावधान रहना चाहिए।

## संपादकीय

# ब्रिक्स सम्मेलन से उम्मीदें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच देशों की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव ब्राजील है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए ब्राजील जाएंगे। शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया संघर्ष, जलवायु के प्रतिकूल प्रभाव और साइबर खतरों सहित कई अनिश्चितताओं और चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसी स्थिति में ब्रिक्स से बहुत अधिक उम्मीदें हैं। शिखर सम्मेलन में आर्थिक सुधारों से परे, आतंकवाद विरोधी एकता को मजबूत करने पर जोर दिए जाने की उम्मीद है। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में, ब्राज़ील 'अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मज़बूत करना' थीम पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। शुरुआत में इस संगठन में ब्राजील, रूस संघ, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, हाल ही में विस्तारित गठबंधन में अब मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल हैं। ब्रिक्स ऐसे देशों का समूह है जो विकासशील हैं और जिनके उद्देश्य विकसित देशों से भिन्न हैं। यदि ब्रिक्स मजबूत होता है तो विकासशील देशों की आवाज़ मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ब्रिक्स की बैठक में वैश्विक दक्षिण के हितों के रक्षक के रूप में भारत की छवि को बेहतर बनाने का कठिन काम है।

उम्मीद है प्रधानमंत्री कूटनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में हलचल पैदा करेंगे, जिससे ब्रिक्स वैश्विक मामलों के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में और मजबूत होगा। हालांकि वैश्विक दक्षिण के बैनर तले जो नई वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इससे वैश्विक दक्षिण के भारतीय एजेंडे को नई धार मिलेगी। 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में होगा। शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी और वैश्विक दक्षिण के हितों को साझा करने से ब्रिक्स सदस्यों और सहयोगियों में यह विश्वास पैदा होगा कि भारत पर वैश्विक दक्षिण के प्रमुख नेताओं में से एक होने का भरोसा किया जा सकता है। निःसंदेह सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर है। यानी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने वाला है।

# पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए चुनौती



संजय सक्सेना
स्वंतत्र पत्रकार, लखनऊ

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है।

भारत-पाकिस्तान के तल्ख रिश्तों के बीच पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मासिक रोटेशनल अध्यक्षता संभाले जाने से भारत के एक विशेष वर्ग में बहुत तीखी प्रक्रिया हो रही है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जैसे मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से पिट गई है। पहली नजर में यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण लगती है,लेकिन ऐसा है नहीं।

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है, विशेष रूप से तब जब पाकिस्तान लम्बे समय से कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए प्रयासरत है।

गौरतलब हो, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता एक रोटेशनल प्रक्रिया है, जिसमें 15 सदस्य देशों (5 स्थायी और 10 अस्थायी) को वर्णानुक्रम के आधार पर हर महीने यह जिम्मेदारी मिलती है। इस दौरान अध्यक्ष देश परिषद की बैठकों का एजेंडा तय करता है, प्रेसिडेंशियल स्टेटमेंट जारी करता है, और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा को दिशा देता है। वैसे पाकिस्तान ने अपनी अध्यक्षता की शुरुआत में ही कश्मीर मुद्दे को उठाकर भारत को असहज करने की कोशिश की है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रमुख कारण बताते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए खतरा करार दिया। यह कदम भारत की आशंकाओं को सही साबित करता है, जो पहले से ही मानता था कि पाकिस्तान इस मंच का दुरुपयोग भारत के खिलाफ प्रचार के लिए करेगा।



विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है।

गौर करने वाली बात यह भही है कि पाकिस्तान की रणनीति में दो प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं, जो 22 और 24 जुलाई को आयोजित होंगे। पहला, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना और दूसरा, संयुक्त राष्ट्र और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बीच सहयोग पर केंद्रित है। इन दोनों बैठकों की अध्यक्षता पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है। लेकिन, यूएनएससी जैसे मंच पर इस मुद्दे को उठाने से पाकिस्तान वैश्विक समुदाय का ध्यान इस ओर खींच सकता है, जिससे भारत को अपनी स्थिति को और मजबूती से रखना होगा। दूसरा, पाकिस्तान की अध्यक्षता के दौरान भारत को अपनी कूटनीतिक रणनीति को और सशक्त करना होगा। भारत ने हाल ही में यूएन मुख्यालय में द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म प्रदर्शनी आयोजित कर पाकिस्तान की आतंकवाद में कथित भूमिका को उजागर किया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस दौरान स्पष्ट किया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को वैश्विक मंचों पर और मजबूती से उठाएगा। लेकिन, पाकिस्तान की अध्यक्षता भारत के लिए एक कूटनीतिक चुनौती पेश करती है।

तीसरा, भारत में विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस, ने इस घटना को मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता करार दिया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि पहलगाम में हाल के आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी मिलना भारत की विदेश नीति की नाकामी को दर्शाता है। इससे भारत में आंतरिक राजनीतिक दबाव भी बढ़ सकता है, जो सरकार के लिए एक अतिरिक्त चुनौती है। जबकि सरकारी पक्ष का कहना है भारत इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही सक्रिय है। वह वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा और यूएनएससी में अपने सहयोगी देशों, जैसे अमेरिका, रूस, फ्रांस, और ब्रिटेन, के समर्थन का उपयोग करेगा। ये देश पहले भी कश्मीर मुद्दे पर भारत के पक्ष में रहे हैं। इसके अलावा, भारत अपनी कूटनीतिक ताकत का उपयोग कर यह सुनिश्चित करेगा कि पाकिस्तान का कोई भी प्रस्ताव परिषद में समर्थन न पाए, क्योंकि किसी भी प्रस्ताव को पास होने के लिए सभी पांच स्थायी सदस्यों की सहमति आवश्यक है।

लब्बोलुआब यह है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए एक रणनीतिक चुनौती है, लेकिन इसका प्रभाव सीमित है। यह अध्यक्षता केवल एक महीने की है और इसमें कोई विशेष शक्ति नहीं है। फिर भी, भारत को सतर्क रहना होगा, क्योंकि पाकिस्तान इस मंच का उपयोग अपनी छवि सुधारने और भारत के खिलाफ प्रचार के लिए कर सकता है। भारत की मजबूत कूटनीति और वैश्विक समर्थन इस चुनौती का सामना करने में सक्षम है, लेकिन यह स्थिति भारत की विदेश नीति की मजबूती और सतर्कता की परीक्षा होगी।

## प्रसंगवश

# दिखावे की दौड़ में हांफ रही जिंदगी

अब ज़िंदगी केवल जीने की चीज नहीं रही, बल्कि निभाने की ज़िम्मेदारी बन गई है-वो भी उस रूप में, जैसा समाज देखना चाहता है। यह दिखावा सिर्फ सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालने तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर छोटे-बड़े निर्णय में शामिल हो चुका है। यह अब हमारी सोच, प्राथमिकताओं, खर्चों, रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य तक को नियंत्रित कर रहा है। हर व्यक्ति नजर आने के दबाव में है। कौन क्या पहन रहा है, कहां घूम रहा है, किस ब्रांड की चीज़ें इस्तेमाल कर रहा है, किस रेस्तरां में खा रहा है, किस स्कूल में बच्चे पढ़ा रहा है-ये सब निर्णय अब ज़रूरत के आधार पर नहीं, सामाजिक छवि के आधार पर लिए जा रहे हैं। यह छवि बनाए रखने की होड़ ने 'साधारण' को एक तरह का अपराध बना दिया है। लोग कमाते कुछ हैं, दिखाते उससे ज्यादा हैं। और इस अंतर को पाटने के लिए उधार, ईएमआई, 'बाय नाउ पे लेटर' सुविधा देने वाले ऐप्स, क्रेडिट कार्ड-सब अब सामान्य जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

यह सब केवल बड़े या मेट्रो सिटी कहलाने वाले शहरों तक सीमित नहीं बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी जीवन की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। पहले जहां ज़रूरतें साधनों के अनुसार तय होती थीं, अब निर्णय इस बात से प्रभावित होते हैं कि लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे, और सोशल मीडिया पर क्या दिखेगा। चाहे बच्चों की स्कूलिंग हो या घर का इंटीरियर, शादी-विवाह हो या मामूली बर्थडे पार्टी-हर आयोजन, हर खरीदारी, हर चयन अब 'इंप्रेशन' के हिसाब से होता है। लोग उन वस्तुओं और अनुभवों के लिए पैसे खर्च कर रहे हैं-या उधार ले रहे हैं-जिनका उपयोग नहीं, बल्कि प्रदर्शन अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। ब्रांडेड मोबाइल, फर्नीचर, गाड़ियों से लेकर हॉस्पिटल और ट्यूशन तक-सब कुछ अब 'कौन देख रहा है' से तय हो रहा है। इस एक झूठी प्रतिष्ठा के पीछे लोग अपने पूरे वित्तीय संतुलन को दांव पर लगाने लगे हैं। परिणामस्वरूप एक क्षण की तारीफ़ के पीछे वर्षों की तंगी, तनाव और पछतावा जमा हो रहा है।

जब यह आर्थिक बोझ बढ़ने लगता है, तब व्यक्ति दोहरी ज़िंदगी जीने लगता है-बाहर से चमकदार, भीतर से घुटता हुआ। किश्तों की तारीखें, कर्ज़ की सीमाएं, और तुलना की आग मिलकर ऐसा दबाव बनाती हैं जो आत्मग्लानि, चिंता और अवसाद को जन्म देती हैं। अब मुस्कुराहटें भरोसेमंद नहीं रहीं-क्योंकि ज्यादातर हंसी अब कर्ज़ के नीचे दबी हुई है। और यही वह मोड़ होता है जहां यह समस्या सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी बन जाती है।

इस दबाव का दूसरा पहलू और भी खतरनाक है-त्वरित और आसान कमाई की भूख। क्रिप्टो करेंसी, ऑनलाइन सट्टेबाज़ी, शेयर बाज़ार में रातों-रात अमीर बनने की कोशिशें, 'एक क्लिक में करोड़पति' बनने के सपने-यह सब उस मानसिकता से जन्म लेते हैं जो मेहनत की बजाय शॉर्टकट में विश्वास दिलाती है। सोशल मीडिया पर तैरती हुई सफलताओं की कहानियां, जिनमें संघर्ष का ज़िक्र नहीं होता, एक ऐसी छवि बनाती हैं कि हर कोई बस क़रीब है बड़ी सफलता के। जबकि सच्चाई यह है कि इन शॉर्टकट्स में ज्यादातर लोग सब कुछ हार बैठते हैं-पैसे भी, मानसिक स्थिरता भी और कई बार आत्म-सम्मान भी।

यह संकट अब एक आयुवर्ग या वर्ग-विशेष तक सीमित नहीं है। नौकरीपेशा से लेकर गृहिणियां तक, छात्र से लेकर रिटायर बुज़ुर्ग तक-हर कोई इस मानसिकता से संक्रमित हो चुका है कि 'साधारण दिखना ठीक नहीं'। व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर अब हर कोई अपनी लाइफ को कुछ इस तरह पेश कर रहा है जैसे उसमें कोई कमी ही न हो। लेकिन इन पोस्ट्स के पीछे जो चुप्पी है, जो मानसिक थकावट है, उसकी कोई तस्वीर नहीं होती। और जब यह थकावट हद से बाहर हो जाती है, तब कई बार इंसान ऐसे फैसले ले लेता है जिनके परिणाम बेहद गंभीर और दुखद होते हैं। पूरे देश में ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं जहां लोग मानसिक तनाव और कर्ज के दबाव में आत्महत्या कर रहे हैं, या परिवार सहित दुखांत को गले लगा रहे हैं। कभी अपराध, कभी आत्मविनाश-यह अब अपवाद नहीं, आम होती घटनाएं बन चुकी हैं। और यही वह जगह है जहां समाज को सिर्फ चिंता नहीं, आत्ममंथन की ज़रूरत है।

# वैश्विक अस्थिरता के बीच परिवार की सुरक्षा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलें: टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता ने निवेशकों के मन में कई तरह के सवाल पैदा कर दिए हैं। कभी यूक्रेन-रूस युद्ध, कभी पश्चिम एशिया में तनाव, तो कभी अमेरिका-चीन के बीच व्यापार विवाद -ये सब मिलकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर देते हैं। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों में बदलाव भी निवेशकों की नींद उड़ाने के लिए काफी हैं। ऐसे माहौल में सबसे जरूरी सवाल यही है कि कोई अपने निवेश पोर्टफोलियो को इन बाहरी झटकों से कैसे सुरक्षित रखे, और साथ ही भविष्य के लिए संपत्ति भी बना पाए।

सबसे पहली और मजबूत रणनीति है-पोर्टफोलियो में विविधता: हमारे यहां पुरानी कहावत है,'सारे अंडे एक ही टोकरी में मत रखो।' यही निवेश पर भी लागू होता है। अपने पूरे पैसे को एक ही एसेट में लगाना सबसे बड़ा जोखिम होता है। आपको इक्विटी, डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट और इंटरनेशनल फंड्स में अपना निवेश बांटना चाहिए। इक्विटी यानी शेयर बाजार लंबी अवधि में सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाला माध्यम है, लेकिन यह सबसे ज्यादा उतार-चढ़ाव वाला भी है। वहीं डेट फंड्स या बॉन्ड्स अपेक्षाकृत स्थिर रिटर्न देते हैं और जब बाजार गिरता है, तब आपके पोर्टफोलियो को संभालते हैं। सोना सदियों से आर्थिक संकटों में भी सुरक्षित विकल्प रहा है। अब डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसे साधनों ने इसे और आसान बना दिया है। साथ ही थोड़ी राशि अंतर्राष्ट्रीय इक्विटी या फंड्स में लगाकर एक देश विशेष के संकट के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

दूसरा अहम कदम है- आपातकालीन फंड बनाना: कोविड महामारी ने यह सबक बहुत अच्छे से सिखा दिया कि जीवन में कोई भी संकट अचानक आ सकता है। इसीलिए कम से कम 12 से 24 महीने के खर्च जितनी राशि लिक्विड फंड या सेविंग अकाउंट में रखें, ताकि किसी इमरजेंसी में आपको अपने निवेश तोड़ने की नौबत न आए।

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलें: टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है। स्वास्थ्य बीमा भी उतना ही जरूरी है। इलाज के बढ़ते खर्च से आप अच्छी हेल्थ पॉलिसी लेकर ही निपट सकते हैं। इससे आपको अपने निवेश को हॉस्पिटल के बिल में न तोड़ना पड़ेगा और आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। आपका पोर्टफोलियो तभी पूरी तरह असरदार होता है जब यह आपके जीवन के लक्ष्यों से जुड़ा हो।

बच्चों की पढ़ाई, शादी, अपने घर का सपना या रिटायरमेंट जैसी प्राथमिकताओं के हिसाब से निवेश करना चाहिए। लंबी अवधि के लिए इक्विटी फंड सबसे अच्छे माने जाते हैं, जबकि मध्यम अवधि में बैलेंस्ड या अल्ट्रा शॉर्ट टर्म फंड अच्छे रहते हैं। वहीं कम अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट या लिक्विड फंड बेहतर हैं।

बहुत सारे लोग बाजार में गिरावट देखकर घबरा जाते हैं और अपना निवेश निकाल लेते हैं। इतिहास गवाह है कि हर बार बाजार गिरे जरूर हैं, लेकिन कुछ सालों बाद उससे भी ऊंचे स्तर पर पहुंचे हैं। इसलिए अपने निवेश को समय दें और धैर्य रखें। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लॉन्ग टर्म में सही पोर्टफोलियो अच्छा रिटर्न देता है।

आज के समय में एसआईपी यानी सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान सबसे अच्छा विकल्प बनकर उभरा है। यह आपको बाजार के उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना नियमित निवेश की आदत डालता है और औसत लागत को भी कम करता है। लंबी अवधि में कंपाउंडिंग का असर इतना जबरदस्त होता है कि आप खुद चौंक जाएंगे।

इसके अलावा ध्यान रखें कि ज्यादा कर्ज न लें, क्योंकि कर्ज भविष्य के निवेश की क्षमता को कम कर देता है। हर साल अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करें ताकि जरूरत पड़ने पर उसमें बदलाव किया जा सके। टैक्स प्लानिंग को भी नजरअंदाज न करें। और हां, क्रिप्टो जैसे अत्यधिक जोखिम वाले निवेश में अगर पैसा लगाएं भी तो बहुत छोटी राशि ही लगाएं अन्यथा निवेश न करना ही बेहतर है। वैश्विक अस्थिरता के दौर में घबराने के बजाय समझदारी से निवेश करें। विविधता, बीमा, आपातकालीन फंड और लक्ष्य आधारित निवेश से न केवल आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। यही स्मार्ट इन्वेस्टमेंट की असली कुंजी है।

## सोशल फोरम

# खांटी धर्मनिरपेक्षता

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है।

खांटी धर्मनिरपेक्षता के लिए दो बातें ज़रूरी हैं। एक, आदमी में पूर्ण व्यक्तिगत ईमानदारी हो कि वह चीजों को साफ नीयत से और पूरी वस्तुपरकता से देख सके। किसी भी समूह या दल से जुड़ने और जुड़े रहने के लिए ऐसी ईमानदारी को बचा पाना कठिन हो जाता है।

दो, आदमी किसी भी धर्म के ऐसे अंश में विश्वास न करता हो जो बुद्धि-विवेक-सम्मत न हो या बुद्धि-विवेक से परे कहा जाता हो। ऐसे अंश में विश्वास होते ही मनुष्य के लिए इस प्रतीति से बचना असंभव नहीं तो मुश्किल तो हो ही जाता है कि वह और उसके सहधर्मी सत्य को पा चुके हैं, इसलिए सही हैं और बाक़ी सब ग़लत या अंधेरे में हैं। ऐसा आदमी लाख कोशिश करे, मनसा, वाचा, कर्मणा सौ टका धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है। इतिहास में टर्की के कमाल पाशा (बाद में कमाल अतातुर्क) इसके ज्वलंत और निरपवाद उदाहरण हैं जिन्होंने पूर्ण धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर लागू किया। स्वघोषित अज्ञेयवादी नेहरू को भी नरम धर्मनिरपेक्ष कहा जा सकता है। धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर उतारने की कोशिश उन्होंने नहीं की, उनके लिए संभव ही नहीं था। उन्होंने इसे अपनी प्रतीति तक सीमित रखा।

कोई 'धार्मिक' भी हो और पूर्ण 'धर्मनिरपेक्ष' भी, यह तो आदमी नाम के प्राणी से कुछ ज़्यादा ही अपेक्षा करना है। अपवाद स्वरूप ही ऐसे लोग धर्मनिरपेक्ष हो सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सहकारिता आंदोलन से बदलती लोगों की जिंदगी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी।

भारत में सहकारिता आंदोलन से लाखों महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया हैं। यह आंदोलन, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, और सूक्ष्म वित्त में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

फिलहाल देश में 8 लाख से अधिक पंजीकृत सहकारी समितियां हैं, जिनसे लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हैं। 20 प्रतिशत कृषि ऋण, 35 प्रतिशत उर्वरक वितरण और 31 प्रतिशत चीनी उत्पादन अब सहकारी संगठनों द्वारा संभाला जाता है। इसके अलावा, डेयरी सहकारी समितियां भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.5 प्रतिशत का योगदान देती हैं। अनुमान है कि 2030 तक सहकारी क्षेत्र 11 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्यक्ष और स्व-रोजगार दोनों शामिल हैं।

दरअसल केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से विकास का यह मॉडल न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में सफल हो रहा है। कुछ साल पहले तक ग्रामीण भारत में सबसे बड़ी समस्या यह थी कि छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए लोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था और उसका बड़ा हिस्सा बिचौलियों को देना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिल रही है। आज, दिल्ली से दूर राज्यों में रहने वाली आदिवासी महिलाएं भी सहकारी समितियों के माध्यम से अपने घरेलू खर्च आसानी से चला सकती हैं। वे पोल्ट्री, डेयरी और कृषि के जरिए सालाना 1.5 से 2 लाख रुपये कमा रही हैं। सहकारी समितियों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें आसान शर्तों पर कर्ज मिल रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा रही हैं और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बना रही हैं।

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, जैसे सहकारी समितियों में ऑडिट और जवाबदेही अनिवार्य करना।

दरअसल देश के सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने की शुरूआत नरेंद्र मोदी ने तब कर दी थी जब उन्होंने ग्रामीण विकास में सहकारिता के महत्व को समझते हुए इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। फिर अमित शाह को इसका मंत्री नियुक्त किया। जानकार जानते हैं कि 2014 से पहले सहकारी संगठनों से लोग निराश थे। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी थीं। उनके कामकाज में पारदर्शिता की कमी थी, लेकिन इस मंत्रालय ने अब एक सुसंगत, आधुनिक और डेटा-आधारित सहकारी संगठन का मॉडल स्थापित किया है।

जम्मू-कश्मीर में सहकारी आंदोलन का विस्तार, खासकर 2014 के बाद, विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, इस क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सहकारिता को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखा गया है। जम्मू-कश्मीर में सेब, केसर और अखरोट जैसे स्थानीय उत्पादों के लिए सहकारी समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों ने किसानों को बेहतर बाजार, भंडारण सुविधाएं और उचित कीमतें दिलाने में मदद की है।

उदाहरण के लिए, कश्मीर के सेब उत्पादकों के लिए सहकारी समितियों ने न केवल स्थानीय स्तर पर मार्केटिंग को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में भी मदद की है।

सहकारिता ने सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डाला है। महिलाएं सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्व की भूमिकाएं निभा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। ये समितियां सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देती हैं, जिससे महिलाएं सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी आवाज उठा रही हैं।

सहकारी संगठनों में बढ़ते जनविश्वास का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से कर्ज वितरण पिछले तीन वर्षों में पांच गुना बढ़ गया है। इसने 2021 में 25,000 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित किए थे, जबकि अब तक 1.28 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत और वितरित किए जा चुके हैं।

केंद्र सरकार का नारा, "सहकार से समृद्धि", इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सकता है। अमित शाह ने बार-बार जोर दिया है कि सहकारिता उन लोगों के लिए एक शक्तिशाली साधन है जिनके पास कम या कोई पूंजी नहीं है। यह समझना चाहिए कि भारत जैसे कृषि प्रधान और सामाजिक-आर्थिक रूप से विविध देश में, सहकारी आंदोलन की सफलता राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# पैरोल रद्द होने के बाद भी सजायाफ्ता को छोड़ा

- सजायाफ्ता बंदी को पैरोल पर छोड़ने में नैनी केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक का तबादला
- 24 साल पहले शहर में भाजपा नेता समेत पांच लोगों की हुई थी सरेशाम हत्या

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नैनी जेल में बंद सामूहिक हत्याकांड में सजायाफ्ता मुल्जिम को शासन की मनाही के बाद भी पैरोल पर छोड़े जाने से पीड़ित परिवार तनाव में रहा। इस मामले को लेकर पीड़ित भाजपा नेता ने शासन में शिकायत की थी, जिस पर उम्रकैद के सजायाफ्ता बंदी को 14 दिन की पैरोल पर छोड़े जाने पर शासन के आदेश पर नैनी केन्द्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक हटा दिए गए हैं।

हमीरपुर शहर में 24 साल पहले पांच लोगों की सामूहिक हत्या की गई थी। हत्याकांड में राजीव शुक्ला और उनके बच्चों समेत कई लोग फायरिंग में घायल हुए थे। इस हत्याकांड में पूर्व सांसद अशोक सिंह चंदेल, उत्तम सिंह, शराब कारोबारी आशुतोष उर्फ डब्बू सिंह समेत कई लोगों को वर्ष 2019 में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा हुई थी। सजा के बाद हत्याकांड के सभी आरोपी प्रदेश की अलग-अलग जेलों में निरुद्ध हैं।

सामूहिक हत्याकांड के सजायाफ्ता उत्तम सिंह को बेटी की शादी में शामिल होने के लिए एक माह दो दिन की पैरोल पर रिहा करने की अर्जी दी गई थी, जिस पर हमीरपुर के डीएम घनश्याम मीना ने उत्तम सिंह को पैरोल दिए जाने की संस्तुति नहीं की। बताते हैं कि शासन के अनु सचिव अनीस अख्तर अंसारी ने भी केंद्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ अधीक्षक को भी पत्र जारी कर उत्तम सिंह के पैरोल प्रार्थना पत्र को अस्वीकृति कर दिया था। इसके बावजूद नैनी जेल के वरिष्ठ अधीक्षक ने उत्तम को बेटी की शादी के लिए 14 दिन की पैरोल पर छोड़ दिया था, जो हमीरपुर में शादी में शामिल हुआ।

इस मामले को लेकर वादी राजीव शुक्ला ने शासन से शिकायत की थी। इसके बाद शासन ने बड़ा एक्शन लिया है। शासन के आदेश पर केन्द्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल को जेल ट्रेनिंग सेंटर के लिए स्थानांतरण कर दिया गया है। सामूहिक हत्याकांड के वादी ने बताया कि पांच लोगों की सामूहिक हत्या में दोषी करार बंदी उत्तम सिंह की पैरोल अर्जी निरस्त होने के बाद भी नैनी जेल प्रशासन ने 14 दिन के लिए छोड़ा गया, जो चिंता का विषय है।

# मारपीट में पिता-पुत्रों को पांच साल की कठोर कैद

- अदालत ने दोषियों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** युवक के साथ मारपीट करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रहलाद सिंह ने पिता व तीन पुत्रों को पांच-पांच वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15-15 हजार जुर्माने भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि कुरारा क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी बृजलाल ने तहरीर में बताया था कि 29 अप्रैल 2022 की रात 9:30 बजे उसका पुत्र गुलाब सिंह घर आ रहा था तभी पड़ोसी सोबरन, उसके पुत्र प्रेमचंद्र, कल्लू उर्फ प्रताप सिंह व चरन सिंह नशे में गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। झगड़ा सुनकर पत्नी श्यामबाई, पुत्र फूलसिंह बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट में पुत्र गुलाब सिंह, फूल सिंह व पत्नी श्यामबाई को गंभीर चोटें आई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रहलाद सिंह ने सोबरन, प्रेमचंद्र, कल्लू उर्फ प्रताप सिंह व चरन सिंह को 5-5 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप



कोटेश्वर मंदिर परिसर में पौधरोपण करते लोग। अमृत विचार

### कोटेश्वर धाम परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के बेरी गांव स्थित ऐतिहासिक कोटेश्वर मंदिर परिसर में शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने भगवान शिव के दर्शन करने के बाद पीपल व पाकड़ के पौधे रोपे। जिलाध्यक्ष ने पौधरोपण को सही अर्थों में मां के नाम भावपूर्ण श्रद्धांजलि और पर्यावरण सेवा बताया। कहा कि पर्यावरण को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सभी को पौधरोपण करना होगा और उनको अपने बच्चों की तरह संरक्षित करना होगा। इस मौके पर उप क्षेत्राधिकारी वन तौहीद खान ने कहा धार्मिक स्थलों पर हरित वातावरण से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। यह पहल जनजागरण का माध्यम बनेगी। यहां ग्राम प्रधान अनिल कुमार अनुरागी, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, समाजसेवी हेमंत द्विवेदी आदि ने भी पौधरोपण किया।



पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद: डॉ.भवानीदीन

**सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत महान देशभक्त एवं बेमिसाल परिव्राजक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा कि विवेकानंद एक प्रमुख वेदान्ती और शलाका पुरुष थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया किउनका नाम नरेन्द्र दत्त था। वह प्रारम्भ से ही समाज और राष्ट्रसेवी थे। उनका एक प्रसिद्ध मंत्र वाक्य था –उठो, जागो और तब तक न रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस थे। वह अपने गुरुजी के न रहने के बाद अमेरिका सहित भारतीय महाद्वीप में बहुत घूमे। अमेरिका के 1893 के विश्व धर्म सम्मेलन में उनका अमिट प्रभाव पड़ा। वह युवा हृदय सम्राट थे। उनका 04 जुलाई 1902 को निधन हो गया। इसके साथ ही दक्षिण भारत के जनजातीय नायक एवं रम्पा विद्रोह के सूत्रधार महान क्रांतिकारी अल्लूरी सीताराम राजू की जयंती पर उन्हें भी याद किया गया। अल्लूरी सही अर्थों में एक देश परायण आदिवासी क्रांतिकारी थे। उनका भी आजादी के संघर्ष में अपूर्व योगदान था। 07 मई 1924 को देश के गोरों से मुकाबला करते हुए मात्र 27 साल की उम्र में शहीद हो गए थे। अल्लूरी सीताराम राजू को देश हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम में प्रेम, सागर, बाबूलाल, पंकज सिंह, विकास, रामनारायन, दस्सी और राहुल आदि शामिल रहे।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोग गंभीर घायल



घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार और बाइक।

**सुमेरपुर।** कस्बे के बांदा रोड पर धर्मेश्वर बाबा मोहल्ला में तेज रफ्तार कार बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे गड्ढे में जाकर फंस गई। इस हादसे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। कस्बे के बस स्टॉप के समीप रहने वाले देवराज और रवि बाइक लेकर धर्मेश्वर बाबा मोहल्ले गए थे। लौटते समय बांदा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर गड्ढे में फंस गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दुकान में इन्वर्टर की बैटरी फटने से दुकानदार झुलसा

**सुमेरपुर।** कस्बे के पैलानी बस स्टैंड के समीप इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में इनवर्टर की बैटरी अचानक फट जाने से दुकानदार मामूली रूप से झुलसा है। अचानक हुई इस घटना से दुकान में बैठे लोग भाग खड़े हुए। कस्बा निवासी नरेश कुमार की पैलानी बस स्टॉप के समीप इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की दुकान है। शुक्रवार को दोपहर करीब 3 बजे के बाद दुकान में रखी इनवर्टर की बैटरी में अचानक विस्फोट हो गया और बैटरी के चीथड़े उड़ गये। वहीं बैटरी का तेजाब दुकानदार नरेश के ऊपर आ गिरा, जिससे वह झुलस गया। अचानक हुये विस्फोट से दुकान में बैठे लोग भाग खड़े हुए। दुकानदार का एक निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया है।



मौदहा में ताजिया को अंतिम रूप देते ताजियादार। अमृत विचार

### मौदहा में आग के मातम के बाद आज उठेंगे ताजिया

**मौदहा।** शनिवार नवीं मोहर्रम को अलाव के बाद ताजिया उठाए जाएंगे। जिसके चलते ताजियादार दिन रात मेहनत कर ताजियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मोहर्रम की नवीं और दसवीं को कस्बे सहित क्षेत्र में ताजिया निकालने की परंपरा है। जबकि आठवीं मोहर्रम को बुर्राक का जुलूस निकाला जाता है जो शुक्रवार देर रात कस्बे के छोटा कसौड़ा स्थित इमाम चौक से उठकर कस्बे में परम्परागत मार्गों से होता हुआ शनिवार तड़के तक चलेगा। शनिवार रात होने वाले अलाव (आग का मातम) होने के बाद ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा। जो अपने परंपरागत मार्गों से होकर संपन्न होगा। ताजिया निकलने से पहले ताजियादार दिन रात मेहनत कर अपने अपने ताजियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। कस्बे के बड़ा कसौड़ा हैदरिया में अख्तर हुसैन लकी, समीर, फरहान, सलमान, अक्बर हुसैन बिक्की, सैफ उर्फ मुन्ना, सरताज उर्फ भोपा, चमन, अरमान कुरेशी, अरमान, अयाज़, अयान, हैदर निजामी, अली हसनैन सहित मोहल्ले के किशोरों ने दिन रात मेहनत कर ताजिया तैयार किया है। वहीं इन्हें दिशा निर्देश देने का काम अनवर हुसैन कर रहे हैं। बच्चों का कहना है कि उन्होंने ताजिता में बिजली, कागज, लकड़ी आदि के काम बांट लिए हैं और वही अपने अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। हो सकता है कि कल रात को निकलने के लिए शनिवार सुबह तक उनका ताजिया तैयार हो जाएगा।

### वृद्धाश्रम में एक्सपायरी दवाएं और रसोईघर में बत्ती नहीं

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार शहर के वृद्धाश्रम में मासिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। सचिव ने वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे जानकारी दी। वृद्धजनों द्वारा पेंशन न प्राप्त होने और चिकित्सा एवं पारिवारिक विवाद संबंधी समस्याएं बताई, जिनका निराकरण करने के लिए पीएलवी नीरज विश्वकर्मा को निर्देशित किया कि उनके प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें। इसके बाद उन्होंने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया, जहां फर्श टूटी मिली। वॉश बेसिन साफ नहीं मिले। कूलर व अग्निशामक यंत्र और रसोईघर में लाइट व्यवस्था नहीं मिली। प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स में एक्सपायरी दवाइयां मिलीं। उन्होंने सहायक प्रबंधक को जल्द सारी व्यवस्था ठीक कराने व सभी दरवाजों में जाली लगवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर 85 महिला एवं पुरुष वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक पूनम तिवारी व कंप्यूटर ऑपरेटर कीर्ति सागर आदि रहे।

## एक नजर

### मौदहा में मोहर्रम जुलूस के दौरान युवक से मारपीट

**मौदहा।** मोहर्रम जुलूस के साथ चल रहे युवकों के बीच आपसी झगड़ा हो गया। चार युवकों ने मिलकर एक युवक को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। गुरुवार की शाम मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था, तभी जुलूस के दौरान उपरौस के अरमान रंगा, फरहान रंगा और दो अज्ञात युवकों ने मोहम्मद कौशिक (18) को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में पीड़ित ने कोतवाली पहुंच न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल मेडिकल परीक्षण व इलाज के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने कहा कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### करंट की चपेट में आने से युवक हुआ अचेत, रेफर

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के सरसई गांव में घर की लाइन सही करते समय 35 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आने से अचेत हो गया। उसे परिजन सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सरसई गांव निवासी राधेश्याम (35) पुत्र शिवगोपाल गुरुवार की देर शाम करीब 8 बजे अपने घर की लाइन सही कर रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया और अचेत होकर वहीं गिर गया। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### भैंस बांधने के विरोध पर महिला को रॉड से पीटा

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के चंदौली जार गांव में घर के दरवाजे पर भैंस बांधने का विरोध करने पर पड़ोसी ने महिला को लोहे की रॉड से पीटकर लहूलुहान कर दिया। चंदौली जार निवासी सुष्मिता निषाद ने तहरीर में बताया कि उसके दरवाजे पर पड़ोसी मनोज कुमार निषाद भैंस बांध रहा था। मना करने पर उसने लोहे की रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है।

### पड़ोसी के खिलाफ थाने में दी तहरीर, जांच शुरू

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के सायर गांव के नत्थू पुरवा निवासी रमेश अनुरागी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अपनी पुत्री पुत्र दोनों के साथ आधार कार्ड को अपलोड कराने के लिए कस्बे आ रहा था। तभी गांव निवासी छिद्दू पुत्र भगवानदीन के मकान के सामने से निकलने देख पुरानी रंजिश के चलते अभद्रता करने लगा। विरोध के करने पर डंडा लेकर मरने के लिए दौड़ पड़ा। रमेश अपना बचाव करते हुए बच्चों को लेकर भाग खड़ा हुआ। रमेश ने छिद्दू के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# झमाझम बारिश से सड़कें लबालब

## जगह-जगह जलभराव से आवागमन में लोगों को उठानी पड़ी परेशानी, उमस भरी गर्मी से जरूर मिली राहत



हमीरपुर की कांशीराम कॉलोनी में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार



झमाझम बारिश से सुमेरपुर की गलियां बन गईं नहर। अमृत विचार

### सुमेरपुर में झमाझम बारिश फसल बोने की तैयारी शुरू

**सुमेरपुर।** दिन भर उमस के बाद दोपहर बाद झमाझम बारिश से लोगों को राहत मिली। वार्ड संख्या 10 में जलभराव होने से लोग परेशान है। शुक्रवार सुबह से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। अपराह्न 3 बजे के बाद मौसम बदला और तेज बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को निजात मिल गई। वार्ड संख्या 10 में नालियां जाम होने से जलभराव हो गया। इससे लोग परेशान नजर आए। लगातार बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया, वहीं किसान खरीफ की फसलें बोने में जुट गए हैं।

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर से लेकर कस्बे तक शुक्रवार को एक घंटे हुई बारिश से जहां लोगों को उमस से राहत मिली है। वहीं जगह जगह जलभराव से परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बारिश होने से मौसम सुहावना रहा। शाम को भी बादलों में काली घटाएं छाएं रहने से लोगों ने देर रात बारिश होने की संभावना जताई है।

मौसम का मिजाज पिछले दो दिनों से बदला है। दो दिन से तेज धूप के साथ बादलों में काली घटाएं छायी रही। गुरुवार की सुबह तेज धूप से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा इसके बाद शाम होते रिमझिम बारिश का क्रम प्रारंभ हो गया। जो लगभग आधे घंटे तक रही। रात में भी रूक रूक कर बारिश होती रही। शुक्रवार की सुबह भी तेज धूप खिली रही। दोपहर 12 बजते ही बादलों में काली घटाएं छा गई और तेज बारिश शुरू हो गई।

लगभग एक घंटे की बारिश ने मुख्यालय के मेरापुर, भिलावां, एसपी आवास, डिग्गी, ब्रह्म का डेरा आदि मार्गों पर जलभराव कर दिया। इस दौरान लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर शाम को काली घटाएं छा गईं। लोगों ने देर रात बारिश होने की संभावना जताई है। इस बारिश से किसान धान के साथ मिर्च की फसल की रोपाई के लिए खेतों में तैयार करने में जुट गए है।

### धान की बेल हुई तैयार, अब खाद आने का इंतजार

**बिवांर।** मुस्करा विकास खंड के आसपास के गांव बड़े पैमाने पर इस वर्ष धान की खेती कर रहे हैं। इनमें उमरी, मसगांव, निवादा, बिवांर, बजेहटा, पारा में किसानों के द्वारा बड़े स्तर पर धान की खेती की जाती है। इसके लिए करीब एक माह पहले से ही किसानों ने धान की बेल तैयार कर ली है, लेकिन सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया दोनों खादों का टोंटा है। रबी की फसल में हुई मारामारी से किसान खाद को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है। कस्बा स्थित कोआपरेटिव बैंक की दोनों पैक्स बिवांर, भुजपुर रूरीपारा से करीब 18 गांव के किसानों को खाद मिलती है। अब धान रोपाई का समय चल रहा है। लेकिन खाद न होने से किसान केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं। सचिव रामफल यादव ने बताया कि अभी खाद की रैक नहीं लगी है। रैक लगते ही किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इस वर्ष धान की रोपाई का रकबा बढ़ा है परंतु खाद की किल्लत नहीं होगी।

### बिजली गिरने से बकरी चरा रहे किसान की मौत



शिवकुमार प्रजापति।

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के भौंरा गांव में बिजली गिरने से खेतों में बकरी चरा रहे किसान की मौत हो गई। भौंरा गांव निवासी शिवकुमार प्रजापति (42) खेतीबाड़ी करने के साथ बकरी पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार को वह खेत पर बकरियां चरा रहा था, तभी बारिश शुरू हो गई। शाम करीब पांच बजे बारिश के दौरान बिजली गिरने से वह चपेट में आ गया, जिससे उसकी खेत पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत से पत्नी सुनैना, पुत्र हिमांशु (10) और अंशु (7) रोते-बिलखते रहे। प्रधान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत हुई है।

# सब्जी की दुकान लगाने में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य बाजार में शुक्रवार को सब्जी विक्रेताओं के बीच मामूली बात को लेकर जमकर लाठी-डंडे चले। जिससे बाजार में हड़कंप मच गया। बाद में पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में चार लोगों का चालान किया है।

शुक्रवार को मुख्य बाजार में सब्जी की दुकान लगाने को लेकर कस्बा निवासी सब्जी विक्रेता शाहिद व तौफीक की सब्जी विक्रेता शमशाद व मुस्तफा के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने लाठी और डंडे लेकर एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस घटना से बाजार में मौजूद अन्य दुकानदार डर गए और अपनी-अपनी दुकानों के शटर गिराकर इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और चारों दुकानदारों को हिरासत में लेकर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया है।

### नाती को गोली मारने में बाबा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**सुमेरपुर।** गुरुवार को टेढ़ा गांव में युवक को तमंचे से गोली मारने के मामले में बाबा ने केस दर्ज कराया है। महोबा जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के गुगौरा निवासी रज्जन सिंह ने तहरीर में बताया कि वह बांदा के कटरा निवासी अपने नाती अनुरुद्ध सिंह, पुष्पेंद्र सिंह और आनंद सिंह के साथ अपने रिश्तेदार प्रिंशु सिंह के घर टेढ़ा गांव आए थे। रात करीब 8 बजे आनंद सिंह ने अनुरुद्ध सिंह को तमंचे से गोली मार दी। गोली कंधे में लगी है। आनंद सिंह भी घायल हुआ है। आनंद सिंह का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि अनुरुद्ध सिंह का इलाज कानपुर में हो रहा है।



एसडीएम को ज्ञापन देते लोधी महासभा के लोग। अमृत विचार

# डॉक्टर के पक्ष में लोधी महासभा

**राठ।** स्वामी ब्रह्मानंद बांध में पिकनिक मनाने गए नर्सिंग होम के लैब टेक्नीशियन की संदिग्ध हालात में मौत को लेकर संचालक डा.कुलदीप राजपूत और उनके सहयोगियों के पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने पर शुक्रवार को अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

महासभा के अध्यक्ष रूप सिंह लोधी ने कहा कि जेएस कान्हा हॉस्पिटल का स्टाफ अपनी पत्नी बच्चों को लेकर पिकनिक मनाने के लिए मौदहा के स्वामी ब्रह्मानन्द बांध गए थे। स्टाफ के रोहित पाठक व नीरज मना करने के बाद भी नहाने के लिए चले गए। पानी अधिक होने के कारण रोहित डूब गया। रोहित पाठक के परिजनों ने प्रशासन पर दबाव बनाकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी। ज्ञापन देने के दौरान रामपाल सिंह, राजकुमार, सौरभ, यशपाल, प्रहलाद सिंह, सुरेश, हरीशरण आदि लोग शामिल रहे।

# ताला तोड़ गुटखा और सामान चोरी

**सुमेरपुर।** हाईवे किनारे स्थित इंगोहटा बस स्टैंड पर गुरुवार की रात चोरों ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक दुकान का ताला तोड़कर पान मसाला, सिगरेट और अन्य सामग्री समेत करीब 50 हजार रुपये का माल चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है।।

दुकानदार धनीराम साहू ने बताया कि वह रात में दुकान बंद कर घर चला आया था। सुबह जब दुकान पहुंचा तो ताला टूटा मिला। अंदर रखे करीब 30 हजार मूल्य के एसएनके गुटखे के गत्ते, 20 हजार कीमत के केसर मसाला के पैकेट, सिगरेट और अन्य सामान गायब था। पीड़ित ने इंगोहटा पुलिस चौकी में घटना की जानकारी दी। चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को कंगाला जा रहा है। शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा।

**प्रशासन सतर्क** — नौ जुलाई को मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारी शुरू

- लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण होने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर बैठक करते डीएम घनश्याम मीना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में आगामी 9 जुलाई को मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डीएम ने कार्यक्रम को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के की बात कही।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के अंतर्गत वृक्षारोपण, पूर्ण योजनाओं का लोकार्पण, प्रस्तावित योजनाओं का शिलान्यास, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों व उपलब्धियों संबंधी स्टॉल/प्रदर्शनी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के साथ राजकीय स्टेडियम में जनसभा आदि कार्यक्रम संभावित हैं। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने दायित्वों से भली भांति परिचित हो लें और तदनुसार तैयारियां करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह सहित पीडब्ल्यूडी, विद्युत, सिंचाई, उद्यान, कृषि, विपणन, पूर्ति, सूचना सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# घर से नकदी-जेवर लेकर युवती गायब

- पिता ने तहरीर देकर पड़ोसी पर लगाया आरोप

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने सीओ को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी पुत्री बीते 27 जून की रात घर का दरवाजा खोलकर लापता हो गई है। साथ ही घर में रखे 50 हजार रुपये नगदी व सोने चांदी के जेवरात भी ले गई है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि उसके पड़ोसी बेटी को अक्सर अपने घर बुलाते रहे। इन्हीं के सहयोग से उसकी बेटी को गांव का शाहरूख खान पुत्र छिद्दू भगा ले गया है। साथ ही पुत्री को गायब करने में उक्त लोगों की पूरी साजिश है। इन्ही लोगों ने पुत्री को बहला फुसलाकर शाहरूख खान के साथ कहीं गायब कर दिया है।

पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद लोक लाज के भय से वह गोपनीय ढंग से लगातार अपने नाते-रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर पुत्री की तलाश करता रहा। जब उसका कहीं पता नहीं लगा तो तीन जुलाई को उसने कोतवाली में तहरीर दी।लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़ित पिता ने अंदेशा जताया कि यदि समय रहते बरामदगी नहीं की गई तो आरोपी नगदी और जेवरात के लालच में उसकी हत्या कर सकते हैं।

# दुलदुल जुलूस में उमड़े अकीदतमंद, चढ़ाए सोने-चांदी के नींबू

मोहर्रम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हजरत इमाम हुसैन की सवारी घोड़ा का ऐतिहासिक तथा धार्मिक 169वां जुलूस मातमी धुनों, ढोल नगाड़ों, और अखाड़ों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाला गया। हिन्दु-मुस्लिम दोनों ही समुदाय के लोगों ने पूरी अकीदत के साथ घाड़े को दूध जलेबी खिलाई और सोने-चांदी के नीबू चढ़ाए। रात 10 बजे से प्रारम्भ हुए जुलूस का सामापन सुबह 9 बजे हुआ।

हर साल मोहर्रम की सात तारीख को निकलने वाली हजरत इमाम हुसैन की सवारी दुलदुल घोड़ा का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस की शुरुआत अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने फातहा के बाद दुलदुल को गजरा पहनाते हुए किया। वीपार्क पर जुलूस के मौके पर सीओ रविकान्त गोंड, एसडीएम चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार, तहसीलदार आरएन मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, कोआपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेन्द्र यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे और फातहा के बाद जैसे ही इमाम चौक से घोड़ा बाहर निकला वैसे ही अकीदतमन्दों की भीड़ दूध जलेबी खिलाने के लिए उमड़ पड़ी तथा जिन लोगों की मुराद पूरी हुई उन्होंने सोने व चांदी के नीबू चढ़ाते हुए अकीदत पेश की।



दुलदुल जुलूस में शामिल अकीदतमंद। अमृत विचार



पुलिस फोर्स को निर्देश देते डीआईजी। अमृत विचार

इस दौरान सड़क व सड़क पटरियां अकीदतमन्दों से पटी दिखाईं दीं और बेतहाशा भीड़ के बीच जुलूस कामयाबी के साथ अंतिम सफर की ओर बढ़ता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले के सभी दस थानों की फोर्स के अलावा भारी संख्या में पीएसी बल मौजूद रहा। जिसकी कमान अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, सीओ रविकान्त गोंड प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर के हाथों रही। जायरीनों के बैठने तथा पीने के पानी कस्बा की सफाई आदि का कार्य नगर पालिका द्वारा कराया गया। जहां वरिष्ठ लिपिक अययूब खां, लिपिक संजीत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सौरभ सक्सेना सहित समस्त स्टाफ व्यवस्थों में जुटा दिखाई दिया। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष न्याज अहमद खां ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मोहर्रम कमेटी के मुहम्मद सईद सौदागर, शेख नियामत सौदागर, सरफराज, मुहम्मद शफीक एडवोकेट, हसीन बाबू, आशिक मंसूरी, मुस्ताक मंसूरी, हबीब मंसूरी, आमिर खां, मुहम्मद खां, सहित सैकड़ों की संख्या में वालियंटर्स मोजूद रहे। इधर दुलदुल के जुलूस में प्रदेश व देश के अन्य प्रान्तों के लोग चरखारी पहुंचे लेकिन हमीरपुर-महोबा, तिन्दवारी लोकसभा सीट के सांसद अजेन्द्र राजपूत इस बड़े कार्यक्रम में भी नहीं पहुंचे जिसका मलाल हर खास और आम लोगों में देखने को मिला। हालांकि समाजवादी पार्टी के कद्दावार नेता पुष्पेन्द्र यादव, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत सहित सपा, भाजपा, बसपा, कांग्रेसी जुलूस के दौरान मौजूद रहे।

- एडीएम, एएसपी ने गजरा पहना कर जुलूस की शुरुआत की
- डीआईजी ने मौके पर पहुंच दिए दिशा-निर्देश

### सवारी जुलूस से पहले डीआईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**चरखारी।** दुलदुल जुलूस में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मुख्य चुनौती होती है। जुलूस से पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस चरखारी पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी ली साथ ही ड्यूटी में तैनात जनपद के सभी दस थानों के अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखने के निर्देश दिए। पुलिस ब्रीफिंग के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के साथ आयोजन स्थल के रूट का निरीक्षण किया।

## मोहर्रम की सांतवीं पर निकाला गया बुर्राक जुलूस

कुलपहाड़। मोहर्रम की सातवीं को नगर के टिलवापुरा एवं नजरबाग के इमामबाड़े से बुर्राक जुलूस निकाला गया। जिसमें भारी संख्या में उपस्थित अकीदतमंदों द्वारा फातिहा पढ़ा गया, बाद में इमाम हुसैन की याद में मर्सिया पेश किए गए।

हज़रत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम की सातवीं को वृहस्पतिवार की रात को नगर के टिलवापुरा एवं नजरबाग के इमामबाड़े से अकीदतमंदों द्वारा मातमी धुनों के साथ बुर्राक जुलूस निकाला गया, जो अपने पुराने मुकामों से होते हुए नगर भ्रमण कर वापस यथास्थान देर रात्रि को पहुंचे। इस जुलूस में अकीदतमंदों ने बढ़. चढ़कर हिस्सेदारी निभाई। जुलूस के साथ प्रभारी निरीक्षक आरएस वर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर अरविन्द सिंह गौर, एसआई विकास तिवारी, एसआई मधुरेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# बिजली गिरने से बच्चे समेत दो की मौत

## कुलपहाड़ और चरखारी के बमहौरी में गिरी गाज, झुलसे दो लोग अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के बीच कुलपहाड़ कस्बे और चरखारी में गरज-चमक के साथ बिजली गिरी। इसमें एक बच्चे समेत किसान की मौत हो गई। जबकि दो लोग झुलस गए। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया।

कोतवाली चरखारी के बमहौरी कला गांव निवासी मकबूल अहमद 51 पुत्र मैकू अपने खेतों की रखवाली कर रहा था, तभी करीब तीन बजे बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से किसान खेत में ही गिर कर बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टर ने चेकअप के मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत के बाद सूचना पर पहुंचे लेखपाल और कानूनगों में उसकी रिपोर्ट बनाकर विभागीय अधिकारियों को सौंप दी। मृतक के दो पुत्री और दो पुत्र हैं।

कुलपहाड़ संवाददाता के अनुसार कस्बा कुलपहाड़ में रेलवे स्टेशन रोड पर फायर बिग्रेड कार्यालय के समीप डेरा जमाए अनुसूचित जनजाति के लोग टपरा बना कर रह रहे हैं। शुक्रवार की शाम को अचानक आकाशीय बिजली टपरे में गिर गई, उसके नीचे खेल रहे बब्लू उर्फ भूसे 8, शबनम 12, पुत्री शहीद, सुहाना 9 पुत्री लालू, शायना 8 पुत्री काली आकाशीय बिजली से बुरी तरह झुलस गए। बिजली गिरते ही चीख पुकार मच गई। आस पास के लोग दौड़ पड़े। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने एम्बुलेंस भेज दी, और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुलपहाड़ से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर डॉक्टरों ने बब्लू उर्फ भूसे को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य लोगों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर परिजनों में रोना-पीटना शुरू हो गया।



झमाझम बारिश होने से मैदान में भरा पानी। अमृत विचार

### झमाझम बारिश से मैदान बन गए तालाब, आवागमन में दिक्कत

**महोबा।** शुक्रवार को एक घंटे हुई झमाझम बारिश से मैदान तालाब बन गया। हाईवे और सड़कों पर भी दो-दो फीट पानी भर जाने से आवागमन बाधित रहा, कच्चे मार्ग कीचड़ युक्त हो गए। तहसील से डाक बंगला रोड पर जल निकासी की समुचित सुविधा न होने से सड़कों पर पानी भर जाने से स्कूटी चालक व अन्य लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खेत भी पानी से लबालब हो गए। इस साल बारिश पूरे सबाब पर है। हालत यह है कि जून माह से ही बारिश ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया जो देररात तक जारी रही। इस साल किसान भी खासा खुश है। सालों बाद लोगों को इस तरह की बारिश देखने को मिल रही है। शुक्रवार को दिन में करीब तीन बजे से शुरू हुई बारिश चार बजे तक तेज रफ्तार से होती रही। इसके बाद एक घंटे तक रुक-रुक कर बारिश होने से सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। कुछ लोग बारिश का मजा लेने के लिए भीगते पानी में निकल पड़े। हालांकि नई बस्तियों में में पक्के मार्ग न होने से जगह जगह पानी भर जाने से मार्ग कीचड़ युक्त हो गया। जिससे लोगों का आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## डिजिटल पुस्तकालय और पौधरोपण की डीएम ने समीक्षा की

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायत उत्सव भवन, ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय, जनपद में पौधरोपण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने पंचायत उत्सव भवन शासन स्तर से प्रथम चरण में प्रत्येक जनपद से एक विधानसभा की एक ग्राम पंचायत जिसमें न्यूनतम 3000 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध हो का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। समिति के सदस्य, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि अधिशासी अभियंता विद्युत एवं जिला पंचायत राज अधिकारी, सदस्य, सचिव नामित है। चयनित ग्राम पंचायत में 1.41 करोड़ रुपये की लागत से पंचायत उत्सव भवन का निर्माण निर्धारित है। पंचायत उत्सव भवन में एक हॉल स्टेज, मंडप सहित, 100 लोगों की क्षमता का, 03 कमरे जिसमें एक दिव्यांगजन हितैषी कमरा, भूतल पर शौचालय सहित पुरुष, महिला, दिव्यांग शौचालय, रसोई घर इत्यादि का निर्माण किया जायेगा।

# बेलाताल-घुटई मार्ग पर पुलिया धंसने से 10 गांवों का संपर्क टूटा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बेलाताल-घुटई मार्ग पर ग्राम भड़वारा के पास एक पुलिया धंस जाने से आसपास के दस गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क कट गया है। लगातार बारिश के कारण पुलिया के नीचे जलभराव की स्थिति बनी हुई है, इससे आवागमन ठप हो गया है। लोगों को एक से दूसरे गांव जाने में कई-कई किलो मीटर का चक्कर काटना पड़ रहा है।

इस पुलिया के धंसने से बेलाताल, घुटई, भड़वारा, पिपरी, कनौरा, अमिलिया, दिदौरा, रूरीकला, रजौनी सहित करीब दस गांवों के लोगों की आवाजाही ठप हो गई है। अति आवश्यक कार्य होने पर ग्रामीणों को कई कई किलो मीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है, इससे ग्रामीणों पैसा और समय बर्बाद हो रहा है। ग्रामीण इस मार्ग का उपयोग स्कूल, अस्पताल, बाजार और खेतों तक पहुंचने के लिए किया करते थे लेकिन इस समय परेशान हैं।

पिपरी गांव के प्रधान प्रतिनिधि स्वतंत्र राजपूत ने बताया कि जिस रोड पर यह पुलिया थी वह आवागमन के लिए मुख्य कड़ी थी। ग्रामीणों का कहना है कि वे पहले भी कई बार प्रशासन को पुलिया की खराब स्थिति से अवगत करा चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से अस्थायी पुलिया बनाने या वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि पुलिया धंस जाने से स्कूली बच्चों की पढ़ाई, मरीजों का इलाज और किसानों की आवाजाही ठप हो गई है।



पुलिया धंसने से कटी सड़क। अमृत विचार

- ग्रामीणों को दूसरे गांव जाने पर कई किलो मीटर का लगाना पड़ रहा है चक्कर

# हर्ष फायरिंग में दो महिलाएं घायल, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- ग्रामीण के बेटे के चौक कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग

**अमृत विचार।** थाना अजनर के बिजौरी गांव में गुरुवार की रात को एक ग्रामीण के बेटे के चौक कार्यक्रम के प्रीतिभोज के दौरान एक युवक ने हर्ष फायरिंग कर दी। जिससे कार्यक्रम में आईं दो महिलाओं को छर्रे लगने से घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्राम बिजौरी निवासी संतराम पुत्र दामोदर के बेटे का चौक कार्यक्रम चल था। एक तरफ भोजन और दूसरी ओर गीत संगीत के का कार्यक्रम हो रहा था। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने तमंचे से हर्ष फायंरिग कर दी, जिससे कार्यक्रम में आई महिला रामबाई 55 पत्नी मूलचन्द्र व राधा 20 पुत्री ईश्वरदास घायल हो गईं। जिन्हे परिवारीजन सीएचसी नौगांव ले गये। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने दोनों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। अजनर थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह का कहना है कि बिजौरी में हर्ष फायर के दौरान दो महिलाएं घायल होने की सूचना पर पुलिस भेजी थी किन्तु जब तक दोनों को इलाज के लिए घर से नौगांव ले कर चले गए थे। वहां से छतरपुर जिला अस्पताल रेफर हो गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नीलगाय से टकराकर बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी मार्ग में करहरा कला गौशाला के पास रात में दो बजे अचानक सड़क पर नीलगाय आ गई। इससे एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि पीछे दूसरी बाइक से चल रहा उसका साथी भी संतुलन खो बैठा और गिरकर घायल हो गया। दूसरे साथी ने उसे रात में जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शहर के मुहल्ला शक्ति नगर निवासी किशन कुशवाहा (16) पुत्र परशुराम और उसके मित्र अजय कुशवाहा (16) पुत्र प्रभु निवासी गांधीनगर कबरई व अमर सिंह कुशवाहा दूसरी बाइक में सवार होकर गुरुवार रात को चरखारी में हजरत इमाम हुसैन की सवारी (दुलदुल) जुलूसा देखने गए थे। देर रात करीब दो बजे दुलदुल जुलूस देख कर दो बाइकों से तीनों महोबा लौट रहे थे, दोनों मित्रों की गाड़ी एक दूसरे को आगे पीछे चल रही थीं।



अस्पताल परिसर में जुटी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

किशन कुशवाहा जैसे ही करहरा गौशाला के पास पहुंचा तभी नील गाय अचानक सड़क पर आ गई और किशन की बाइक नील गाय से भिड़ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किशन कुशवाहा के थोड़ा पीछे बाइक से चल रहे अजय कुशवाहा का भी संतुलन बिगड़ गया और वह भी सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। जबकि बाइक में पीछे बैठा उसका साथी अमर सिंह बाल-बाल बच गया।

पुलिस की मदद से बुरी तरह से घायल अजय कुशवाहा को नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- चरखारी मार्ग में करहरा कला के पास हुआ हादसा
- पीछे चल रहे साथी भी गिरे एक गंभीर घायल

समस्या — भटीपुरा इलाके में सड़क की खोदाई करने के बाद भी नहीं डाली पाइप लाइन

# गैस पाइप लाइन बिछाने को खोदी सड़कें, हो रही दिक्कत



खुदी पड़ी सीसी सड़क। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर में गैस पाइप लाइन बिछाए जाने के नाम पर बारिश के मौसम में सीसी और डामरयुक्त सड़कों को खोदा जा रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में पाइप लाइन खोदने से पानी भर रहा है।

जिससे अब मार्ग पर आना जाना मुश्किल हो गया है। भटीपुरा क्षेत्र में सड़क तो खोद दी गई, लेकिन पाइप लाइन डाले बिना ही मजदूर चले गए। अब यहां के निवासियों को दो पहिया, चार पहिया वाहन निकालने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।

गौरतलब है कि इंद्रप्रस्त गैस कम्पनी लिमिटेड ने शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने का ठेका लिया है, जो मजदूर लगाकर गैस पाइप लाइन बिछा रही है। इसके लिए जगह जगह कुछ साल पहले बनाई गई सीसी सड़कों को खोदा जा रहा है। इससे मार्ग पूरी तरह से बेकार हो गए है। खुदाई के दौरान कई-कई दिन तक लोग अपने घरों तक दो पहिया वाहन नहीं ले जा सके।

कम्पनी द्वारा पक्के मार्गों और सड़कों की खुदाई तो करा दी गई, लेकिन खुदाई के बाद सड़क बनाना भूल गई। खुदाई के बाद मार्ग ऊंचे नीचे ऊबड़ खाबड़ हो जाने से अब लोगों को अब अपने घरों तक वाहन से पहुंचना मुश्किल हो गया है। सपा नेता मुईन सिद्दीकी उर्फ गुड्डू का कहना है कि सड़कों की खुदाई करके आवागमन बाधित किया जा रहा है। आदर्श पब्लिक स्कूल से निशान एजेन्सी के पीछे तक गैस पाइप लाइन की खोदाई करने के बाद पाइप भी नहीं डाले गए। इससे मुहल्ले वासियों में खासा गुस्सा है।

- बारिश का मौसम होने से गड्ढों में भर गया पानी, लोगों को आवागमन हो रही परेशानी

## बकाया ऋण जमा करें नहीं तो होगी कार्रवाई

**चित्रकूट।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप ने बताया कि उप्र अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित टर्मलोन योजना के तहत ऋण लेने वाले बकायेदार कार्यालय में उपस्थित होकर अपना बकाया जमाकर रसीद प्राप्त कर लें। अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार भू-राजस्व बकाया की भांति अतिरिक्त ब्याज के साथ वसूली की जायेगी। बकाया की धनराशि उनके गारंटरों से भी वसूली की जाएगी। धनराशि जमा न किये जाने की दशा में नियमानुसार आरसी भी काटी जाएगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैने अपना नाम ABHISHEK KUMAR AGRAWAL से बदलकर ABHISHEK AGARWAL रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GOPICHAND ADD-RANIBAZAR NEAR RAMJANKI MANDIR, BARGAON, DIST-GONDA-271002(U.P)

**सूचना**

मैंने अपना नाम PRITPAL SINGH से बदलकर PRITHPAL SINGH रख लिया है अब भविष्य में मुझे PRITHPAL SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O- NIRMAL SINGH R/O-NAUGAVAN MUDA SAWARAN LAKHARAWA, LAKHIMAPUR KHERI

**सूचना**

मैंने अपना नाम NADEEM से बदलकर NADEEM ALI रख लिया है अब भविष्य में मुझे NADEEM ALI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SHAAHID R/O, 104, MOHALLA GADHI KALAN SHAHABAD DEHAT, HARDOI

**सूचना**

मैं **अजीत कुशवाहा पुत्र स्व0 राम सेवक सिंह मौर्य, निवासी- ई-1/577, सेक्टर-एच. एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0,** मैने अपने छोटे पुत्र रोहित कुशवाहा तथा उसकी पत्नी नेहा द्वारा किये जा रहे व्यवहार से काफी दुःखी व पीड़ित हूँ। अपने उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार व प्रताड़ना के कारण अपने घर से अलग कर रहा हूँ। पुत्र व पुत्र वधु द्वारा भविष्य में किए गये किसी भी कृत के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं **साक्षी पाण्डेय पुत्री कमलेश पाण्डेय, नि0- ग्राम व पो0 तेण्डवा बसन्तपुर थाना- कोत0 देहात तह0 महसी जनपद-बहराइच,** मेरा सही व दस्तावेजी नाम साक्षी पाण्डेय है जबकि गलती से आधार कार्ड में काशिश दर्ज हो गया है। मेरा एक ही नाम साक्षी पाण्डेय है जो पूर्ण रूप से सही है अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम काशिश के स्थान पर साक्षी पाण्डेय दर्ज किया जाय।

**सूचना**

एल. आई. सी. के पॉलिसी संख्या- 216825225 के संबंध में मैं आशीष मिश्रा पुत्र स्व. अशोक कुमार मिश्रा सर्वसाधारण को यह सूचित करता हूँ कि पहले मेरा नाम आशीष वर्मा पुत्र स्व. राम नरेश वर्मा था। मेरे पिता स्व. राम नरेश वर्मा की मृत्यु के बाद मेरी माता द्वारा स्व. अशोक कुमार मिश्रा से दूसरी शादी करने की वजह से उक्त मेरे नाम एवं पिताजी के नाम में परिवर्तन हुआ है। मेरे सभी साक्ष्यों एवं बैंक खाते में मेरा नाम आशीष मिश्रा हो गया है यह दोनों नाम मेरे स्वयं के है।

**सूचना**

मैने अपना नाम SWATI GUPTA JALOTA से बदलकर SWATI GUPTA रख लिया है। अब से मुझे SWATI GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AVINASH JALOTA ADD-D-5/52, VIRAJ KHAND GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P)

**सूचना**

मेरे पति अजय कुमार के पासपोर्ट नंबर M9568988 में मेरा नाम नीलम कनौजिया त्रुटिवश अंकित हो गया है, जो कि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम नीलम कुमार है जो कि मेरे आधार कार्ड में भी अंकित है। मुझे नीलम कुमारष के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज रिकार्ड किया जाये। **नीलम कुमार पत्नी अजय कुमार नि0 : म0नं0-178/4, सेक्टर कालोनी, मानक नगर, लखनऊ हाल पता 80 एन/सी-1 नियर, एस0बी0आई0 इन्दिरा नगर, कानपुर नगर।**

**सूचना**

मैं **कर्तव्य छाबड़ा पुत्र अजय छाबड़ा निवासी बी/187 लाजपतनगर पर0 व तह0 नवाबगंज जिला बाराबंकी,** मेरा नाम पालिसी सं0 236659631 में गगन छाबड़ा लिखा हुआ है जबकि सही नाम कर्तव्य छाबड़ा है जो सही व सत्य है। यह कि गगन छाबड़ा एवं कर्तव्य छाबड़ा दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ तथा दोनों नाम मेरी ही है।

**सूचना**

मेरे पुत्र शिवम ढांगी की मां का नाम PARVEENA है जो गलत है, आधारकार्ड में सही नाम PRAVEENA है। अतः भविष्य में सभी दस्तावेजों में इसी नाम से जाना ,पहचाना जाय। PRAVEENA प्रवीना पत्नी मनोज कुमार सुलतानपुर हटाना बागपत उत्तर प्रदेश 250619

**NOTICE**

I am Binita devi M/O Adarsh singh resident of 541R/1050 Rifa colony campwell road Lucknow. My name is Binita devi as mentioned in my Adhar card . My name has been wrongly mentioned as Beenu singh in school record. My correct and full name is Binita devi. Binita devi and Beenu singh both are the name of same person.

# हिंसक पशुओं से बचाव के लिए बनाया जाएगा रेस्क्यू सेंटर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



रानीपुर टाइगर रिजर्व उपनिदेशक कार्यालय का मुख्य द्वार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आयेदिन जंगली जानवरों से गांववालों को होने वाली दिक्कत के मद्देनजर बहिलपुरवा में रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। यह बाघ, तेंदुए, भालू और सियार जैसे खतरनाक वन्य जीवों से बचाव के लिए आश्रय प्रदान करेगा। विभाग को आशा है कि इससे एक ओर वन्य जीवों को संरक्षण प्राप्त होगा तो दूसरी तरफ वन क्षेत्रों के बफर एरिया और आसपास रहने वाले ग्रामीणों को भी सुरक्षा मिलेगी।

रानीपुर टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रत्यूष कटियार ने बताय कि रानीपुर टाइगर रिजर्व 529.36 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला है। इसमें 230.32 वर्ग किलोमीटर का कोर क्षेत्र और 299.05 वर्ग किलोमीटर का बफर क्षेत्र शामिल है। रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य, जो अब टाइगर रिजर्व है, को 1977 में रानीपुर वन जीव विहार के रूप में स्थापित किया गया था। 2022 में इसे टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया, जिससे यह बुंदेलखंड क्षेत्र का पहला और उत्तर प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व बन गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट से, केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत बनाए जा रहे बांध के चलते बड़े जानवर बाघ, तेंदुआ, गुलदार, भालू आदि बड़ी संख्या में रानीपुर टाइगर रिजर्व पहुंच रहे हैं। इन जंगली जानवरों को गांव की सीमाओं का पता नहीं होता और ऐसे में ये रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं। कई बार ये पशु चराते या लकड़ी काटते समय ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। इन खतरनाक जंगली जानवरों का रेस्क्यू कर विभाग द्वारा शेल्टर हाउस भेजा जाएगा।

### निर्माण कार्य शुरू, जल्द ही होंगी अन्य व्यवस्थाएं



- डिप्टी डायरेक्टर प्रत्यूष कटियार ने बताया कि रेस्क्यू सेंटर की स्थापना का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ ग्रामवासियों को इनसे सुरक्षा प्रदान करना है। इसका निर्माण कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज़ (सीएनडीएस) कर रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से लगभग 14 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। निर्माण प्रक्रिया लगभग शुरू कर दी गई है, और जल्द ही उनमें जरूरी मैनपावर और उपकरण आदि व्यवस्था की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सेंटर आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। मैनपावर और उपकरण की व्यवस्था राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के सहयोग से की जाएगी।

### ग्रामीणों ने किया पहल का स्वागत

- ग्रामीणों ने टाइगर रिजर्व की इस पहल का स्वागत किया। रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट से सटे गांवों-मजरों में रहने वाले ग्रामीणों ने कहा कि कई बार ऐसी घटनाएं हुईं, जिसमें जानवरों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। सरकार की यह एक अच्छी पहल है। जंगली पशुओं से बचाव होगा तो वहीं जंगली जानवरों का जीवन रेस्क्यू सेंटर में शेल्टर हाउस में रहने पर बच पाएगा।

## गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया।

19 जून को रामविलास शुक्ल निवासी ग्राम मनका थाना बरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका नाती शिवम् शुक्ला पुत्र रामअनुग्रह शुक्ल टोल प्लाजा में नौकरी करता था। 18 जून की रात उसके ऊपर ट्रक चढ़ाकर हत्या कर दी गई थी। इसमें तीन टोल कर्मी पंकज शुक्ला,सौरभ और प्रशांत शुक्ला भी घायल हो गए थे। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया था। वाहन स्वामी के बयान व साक्ष्य के आधार पर प्रकाश में आए आरोपी उस्मान अली पुत्र शहजाद अली निवासी मुरका को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर छिवलहा घाटी टावर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसआई शहनबाज खां, मुख्य आरक्षी राजकुमार और आरक्षी राकेश शामिल रहे।

# किसानों को खाद के साथ अन्य उत्पाद खरीदने को बाध्य न करें

## सीडीओ ने थोक व खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


खाद विक्रेताओं के साथ बैठक करतीं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर।

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने खाद विक्रेताओं को आगाह किया कि किसानों को मुख्य उर्वरकों यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी, एमओपी आदि के साथ अन्य उत्पाद नैनो यूरिया, जिंक, सल्फर एवं कैल्शियम आदि खरीदने को बाध्य न किया जाए। ऐसा पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीडीओ ने कहा कि किसी कंपनी/ उर्वरक विक्रेता द्वारा अनावश्यक रूप से किसी उत्पाद को खरीदने के लिए जबरन दबाव बनाया जाता है तो इसकी सूचना उनको या जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला को दी जाए, जिससे संबंधित पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जा सके। सीडीओ ने शुक्रवार को वर्तमान खरीफ वर्ष में किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता के संबंध में प्रमुख उर्वरक निर्माता कंपनी/ प्रतिनिधि, थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि यूरिया, डीएपी, एनपीके आदि के साथ किसी भी उत्पाद की टैगिंग कदापि न की जाए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी खुदरा उर्वरक दुकानदारों को निर्देशित किया कि कृषकों को पीओएस मशीन से उनकी जोत बही के अनुसार निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराएं। स्टाक / वितरण रजिस्टर, रेट बोर्ड तथा स्टाक बोर्ड नियमित रूप से अपटूडेट रखें, कैश मेमो जरूर दें। सीडीओ ने किसानों से अपील की कि मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करें। बैठक में उप कृषि निदेशक राजकुमार, एआर कोआपरेटिव राजेंद्र कुमार, कंपनियों के प्रतिनिधि राजवीर सिंह, रोहित कापरी, विक्रेता संजय गुप्ता, गोविंद अग्रवाल, हेमराज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी

- जिला कृषि अधिकारी ने भी खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए कि बिक्री नियमानुसार करें और शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। किसानों से अपील की कि वे ज्यादा खाद खरीद कर भंडारित न करें।

### तय कीमत पर करें बिक्री

- जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यूरिया 266 .50 रुपये प्रति बोरी (45 किलो), डीएपी 1350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की बोरी, एनपीके 1400 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की बोरी, एमओपी 1800 प्रति 50 किलोग्राम पर ही उपलब्ध कराया जाए। मशीन के माध्यम से ही खाद वितरण करने के निर्देश दिए।


चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

## सहायक चकबंदी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सहायक चकबंदी अधिकारी श्याम लाल गौतम की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन ने बताया कि जिले में भूचित्र पुनरीक्षण अंतर्गत आठ गांवों में काम किया जा रहा है। औदहा में जनविरोध के कारण अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। इसी प्रकार धारा -8 पड़ताल के स्तर पर कुल 12 ग्राम हैं, जिनमें दो में पड़ताल चल रही है। बताया कि बचे गांवों के चकबंदीकर्ताओं के कब्जा परिवर्तन में लगे होने के कारण काम प्रारंभ नहीं हुआ है। ऐंचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा महरुच में चक सीमांकन कराया जा रहा है, जिनमें से महरुछ का कब्जा परिवर्तन पूरा किया जा चुका है। डीएम ने चकबंदी अधिकारी को निर्देशित किया कि कब्जा परिवर्तन प्रत्येक दशा में 15 जुलाई तक पूरा कराएं। डीएम ने चकबंदी न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों की समीक्षा में पाया कि जिले में पांच वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमे विचाराधीन नहीं है।

### सीसीटीवी कैमरों के सहारे बाइक चोर को ढूंढ रही पुलिस

**कालपी।** बीती रात को नगर के व्यापारी के घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को निशाना बना लिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के माध्यम से बाइक व चोर का पता लगाने में जुटी हुई है। उक्त प्रकरण के संबंध में वादी संदीप कुमार निवासी मोहल्ला राम चबूतरा ने बताया कि 3 जुलाई की शाम करीब 7 बजे अपनी दुकान बंद कर घर आया और मोटर साइकिल घर के दरवाजे पर खड़ी कर दी और वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आकर देखा तो मोटर साइकिल गायब थी। सीसीटीवी फुटेज में देखा तो एक बदमाश मोटर साइकिल को देर शाम 8 :30 बजे लेकर जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने उक्त प्रकरण का मुकदमा अज्ञात बदमाश के खिलाफ दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह भदौरिया उक्त प्रकरण की जांच करने में जुट गए।

## मोहर्रम जुलूस के मार्गों की परखी व्यवस्था

संवाददाता, कालपी जालौन


कालपी में मौजूद पुलिस टीम जायजा लेते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी 6 जुलाई को आयोजित होने वाले मोहर्रम मेले तथा ताजिया जुलूस रूटों का पुलिस अधिकारियों के द्वारा घूम घूम कर स्थलीय निरीक्षण किया गया। तथा जनता एवं ताजियेदारों से संवाद स्थापित किया।

परंपरागत तरीके से नगर के अलग-अलग इमाम चौकों से 11 ताजिये बड़ा बाजार श्री दरवाजे में सुबह 5 बजे पहुंचेंगे तथा मिशिलबंद होकर ताजिया जुलूस पूर्वाहन 10 बजे तक निकाला जायेगा। इसके बाद दोपहर को दो बजे कर्बला के मैदान में परंपरागत तरीके से मोहर्रम का मेला आयोजित होगा। त्योहारों को कुशलता पूर्वक निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस विभाग पूरी तरीके से मुस्तैद हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी,एडिशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ ने इमाम चौकों का निरीक्षण किया। जुलूस के रूटों श्री दरवाजा बड़ा बाजार, दीवान आलिया आदि जगह भ्रमण किया गया। इसी प्रकार पुलिस अधिकारियों की टीम ने अलाव स्थल का भी निरीक्षण किया गया।ताजियादारों तथा कार्यक्रमों के आयोजकों से संवाद स्थापित कर उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की गई। 6 जुलाई को आयोजित होने वाले मोहर्रम के ताजिया मेले स्थल का पुलिस अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद के द्वारा जुलूस के रूट इमाम चौकों तथा मोहर्रम मेले के स्थान में सफाई की व्यवस्था शुरू कर दी ।

## जगन्नाथ स्वामी के भंडारे में श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

**चित्रकूट।** तरौंहा स्थित महंत जयदेवदास अखाड़े में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी की नौ दिवसीय रथयात्रा समापन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। अखाड़ा के महंत रमाशंकर दास ने बताया कि भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा निकलने की परंपरा सौ वर्ष से अधिक पुरानी है। बताया कि नौ दिन चलै अढ़ाई कोस की यात्रा पूरी करने पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर कर्वी माफ़ी प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह, उमाशंकर सिंह, कल्लू सिंह, पप्पू सिंह, श्रीपाल सिंह, शिवमंगल शास्त्री, अशोक सिंह मौजूद रहे।

## लंबित मामलों के जल्द निस्तारण पर रहेगा जोर

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** वैसे तो कालपी मेरे लिए कोई नई जगह नहीं क्यों कि मैं यहां पूर्व से ही बतौर न्यायिक एसडीएम तैनात ही था हां अब एस डीएम प्रशासन का पद भार मिल गया है। उक्त बाते एक नवागंतुक एसडीएम अतुल कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता रहेगी कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले इतना ही नहीं शासन के निर्देशानुसार एक तय समय सीमा में ही राजस्व मामले निस्तारित हों। उन्होंने यह भी कहा कि आई जी आर एस के मामले बिल्कुल पारदर्शिता के साथ निस्तारित हों। आगामी त्योहारों के मद्देनजर साम्प्रदायिक सौहार्द अच्छा बना रहे इस पर सभी का प्रयास रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मेरा प्रयास है कि जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन पर शासन की मंशानुरूप कार्य करूं । बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. अमर सिंह निषाद, पूर्व अध्यक्ष गयादीन, जय किशोर कुलश्रेष्ठ, रवींद्र श्री वास्तव, देवेंद्र श्री वास्तव, दीप चंद्र सैनी आदि लोगों ने नवागंतुक एसडीएम को बधाई दी।


एसडीएम अतुल कुमार।

### ओबीसी संघ के संयोजक ने बंदरों की बताई समस्या

**कालपी।** आज नवागंतुक उप जिलाधिकारी प्रशासन का पद भार ग्रहण करने के बाद अतुल कुमार से मुलाकात करते हुए ओबीसी संघ के संयोजक एड. दीप चंद्र सैनी (वरिष्ठ पत्रकार) ने कहा कि कालपी की मुख्य समस्या बंदरों की है, जिस पर नियंत्रण बहुत जरूरी ।

दिये दिशा-निर्देश | 9 जुलाई को सीएम के संभावित सतोह दौरे को लेकर अटकलें तेज

## कमिश्नर,डीआईजी ने नून नदी का किया निरीक्षण

संवाददाता कोंच जालौन


कोंच-सतोह गांव में नून नदी का अवलोकन करते कमिश्नर विमल कुमार दुबे ,डीआईजी झांसी केशव कुमार, डीएम व एसपी।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे का ड्रीम प्रोजेक्ट सतोह में नून नदी के पुनर्जीवन की ख्याति शासन तक जा पहुंची है। इस नदी के पुनर्जीवन के लिए जिस तरह से भगीरथ प्रयास किए जा रहे हैं उसे देखते हुए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ 9 जुलाई को तहसील क्षेत्र के सतोह गांव का दौरा कर सकते हैं।

इसी के चलते शुक्रवार को झांसी मंडल के कमिश्नर विमल कुमार दुबे एवं डीआईजी झांसी केशव कुमार चौधरी ने अधीनस्थों के साथ सतोह पहुंच कर स्थिति का अवलोकन किया और संबंधितों अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम राजेश कुमार पांडे, एसडीएम ज्योति सिंह सहित जिले के तमाम अधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र का सतोह गांव आजकल नून नदी को लेकर सुर्खियों में है। लुप्त प्राय इस नून नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने शानदार पहल करते हुए श्रमदान के माध्यम से जो मुहिम शुरू की है वह फलीभूत होती दिखाई दे रही है। इस नदी के अस्तित्व में आने से इसके तटवर्ती इलाकों के किसानों को काफी फायदा होगा। वहीं ग्रामीणों का भी कहना है कि नून नदी के पुनर्जीवित होने से हम लोगों को जबरदस्त फायदा होगा।

## सार-संक्षेप


विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

### स्कूलों के युग्मन के खिलाफ विधायक को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को परिषदीय स्कूलों के युग्मन के खिलाफ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी को ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई ब्लाक इकाई रामनगर और मऊ के अध्यक्ष, मंत्री और जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने की। ज्ञापन में विद्यालय मर्जर प्रक्रिया, प्रधानाध्यापक के पद समाप्त किए जाने,रसोइयों के पद समाप्त किए जाने तथा बच्चों की शिक्षा व्यवस्था सरलीकृत की जगह जटिल किए जाने आदि मुद्दे हैं। यह जानकारी ब्लाक अध्यक्ष रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने दी।

### कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर गांव में एक वृद्ध की कुयें में गिरने से मौत हो गई। बताया जाता है कि राधे सिंह (75) बीते दिन घर के सामने सफाई कर रहे थे कि अचानक पैर फिसल गया और वह सीधे कुएं में जा गिरे। परिवारीजनों ने व्यस्तता की वजह से काफी देर के बाद उनका पता किया और कुयें में गिरा पाया। ग्रामीणों की मदद से वृद्ध को निकाला गया पर तबतक मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भरतकूप पुलिस ने बताया कि प्रथमदृष्टया दुर्घटनावश फिसलकर गिरने का मामला प्रतीत हो रहा है।

### प्रदूषण को दूर करने में मदद करता है पौधरोपण

**राजापुर (चित्रकूट)।** वृहद वृक्षारोपण महाभियान पखवाड़े के तहत शुक्रवार को उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन की अगुवाई में कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पौधे रोपे गए। उप जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण को दूर करने के लिए पौधरोपण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उप जिलाधिकारी के साथ तहसीलदार भारत सिंह, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार, क्षेत्रीय वन अधिकारी रैपुरा अपूर्व श्रीवास्तव तथा उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने छायादार, फलदार व औषधि पौधों का रोपण किया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है। आज पूरे प्रदेश में पेड़ों की कटान के कारण पर्यावरण बड़ी तेजी से विशुद्ध हो रहा है। इससे मानव जीवन व वन्य जीवों को खतरा पैदा हो रहा है। वृक्षों के संरक्षण के प्रति प्रेम होना अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश सरकार ने वृक्षों के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। बताया कि सात जुलाई तक आठ हेक्टेयर ऊबड़ खाबड़ जमीन में तथा तालाबों के भीटों पर सचिव, प्रधान व राजस्व लेखपालों, ग्राम प्रधानों को पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने भी पौधरोपण का महत्व बताया। इस मौके पर नगर उद्योग व्यापार मंडल के शिवपूजन गुप्ता, सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, सत्यप्रकाश पांडेय, एडवोकेट नरेंद्र शुक्ला, राज आनंद प्रताप, राम विलास पांडेय, संजय मिश्रा, राम सजीवन यादव, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### मोहर्रम के मद्देनजर की गई रूट डायवर्जन की व्यवस्था

**चित्रकूट।** ट्रैफिक पुलिस ने मोहर्रम के मद्देनजर रूट डायवर्जन की व्यवस्था की है। इसके अनुसार, पांच जुलाई को प्रातः साढ़े पांच बजे से छह जुलाई की रात साढ़े नौ बजे तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन-आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कर्वी नगर में छह जुलाई से 30 दिन तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन/आवागमन निर्धारित समयानुसार प्रतिबंधित रहेगा। इसके अनुसार, लोढ़वारा मोड, राजापुर मार्ग पर आवाजाही प्रातः साढ़े पांच बजे से रात साढ़े नौ बजे तक, रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व प्रयागराज रोड और खोह (पुलिस लाइन तिराहा) मानिकपुर रोड पर इन वाहनों का आवागमन प्रातः साढ़े पांच बजे से रात दस बजे तक, शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर, सतना रोड पर रात साढ़े दस बजे तक और बेड़ी पुलिया (मत्यगजेंद्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड पर रात 11 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा प्रातः साढ़े पांच बजे तक नो इंट्री बैरियरों से प्रवेश किए हुए भारी माल वाहन प्रातः छह बजे तक प्रत्येक दशा में बाहर निकल जाएंगे ।निर्मोही अखाड़ा यूपी एमपी बार्डर से बेड़ी पुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नया नो इंट्री मार्ग घोषित किया गया है।

### राजस्व निरीक्षक से अभद्रता के आरोपी पर रिपोर्ट

**कालपी जालौन।** तहसील कालपी में कार्यरत चुरखी सर्किल के राजस्व निरीक्षक के साथ गाली गलौज तथा अभद्र व्यवहार करने पर आरोपी के खिलाफ थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस घटना पर राजस्व कर्मियों ने नाराजगी जताई है। इस घटना में पीड़ित राजस्व निरीक्षक सुरेश चंद्र ने थाना चुरखी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 1 जुलाई 2025 को प्रार्थी अपने तहसील कार्यालय में बैठकर शासकीय कार्य निपटा रहा था। इसी दौरान चुर्खी थाना क्षेत्र के निवासी आरोपी अरविंद कुमार ने अपने मोबाइल के माध्यम से हमारे फोन पर गाली बकने लगा। इससे आहत होकर प्रार्थी अपने साथी कर्मचारियों के साथ थाना चुर्खी में शिकायत करने जा रहा था। तभी गांव के पास दिनांक 2 जुलाई 2025 को आरोपी अरविंद ने फिर रोक लिया तथा धमकी दी है कि अगर शिकायत की तो जान से मार दूंगा। इस घटना से प्रार्थी काफी परेशान है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। तथा आरोपी की तलाश शुरू कर दी। लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी तथा राजस्व कर्मचारियों ने इस घटना की निंदा करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

### आधी रोटी खायेंगे, स्कूल पढ़ने जायेंगे

**जालौन।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद परिषदीय विद्यालयों का संचालन शुरू हो गया है। विद्यालय में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन के लिए कंपोजिट कन्या जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरलीमनोहर, नगर पालिका स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरलीमनोहर के बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली को शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी जालौन ज्ञानप्रकाश अवस्थी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें बच्चे अपने हाथों में स्कूल चलो अभियान के स्लोगन की तख्तिया लिए लेकर चल रहे थे। बच्चे नगर में भ्रमण करते समय आधी रोटी खाएंगे, लेकिन पढ़ने जायेंगे और स्कूल चलो अभियान, हम स्कूल पढ़ने जाएंगे नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह रैली नगर के मोहल्ला पुरानीहाट, गणेशजी, मुरली मनोहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। रास्ते में अभिभावकों से भी संपर्क किया गया और अध्यापकों ने उनसे प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने की बात कही। रैली में विद्यासागर मिश्रा, अर्चना सिरोठिया, अर्चना राय, पूनम राजे, प्रशांत पुरवार, आनंद कुमार श्रीवास्तव, रंजना सक्सेना लोकेश पांडे, सुनीता राठौर विजय सिंह, इसाक मुहम्मद, वीरबहादुर सिंह, पप्पू, अनवर, मोहम्मद नौशाद, सभासद सफीक राईन, राधाकृष्ण तिवारी आदि मौजूद रहे।

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**उरई।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरौती निवासी 24 वर्षीय नीलू पुत्र शिववीर सिंह का गुरुवार की शाम को गांव के ही मुन्नालाल रजक व विनय से शराब के नशे में झगड़ा हो गया था। इसके बाद नीलू शाम को घर नहीं पहुंचा, और शुक्रवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से अंगौछा से फांसी के फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो तुरंत घटना की खबर उसके परिजनों को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के पिता शिववीर सिंह ने पुलिस को बताया कि मुन्नालाल व विनय ने ही उसके साथ मारपीट की और फिर उसे फंदे पर लटका दिया। मामले में कोतवाली निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि युवक गांव में आए दिन शराब के नशे में झगड़ा करता था।

### बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, दो घायल

**उरई।** गोहन में दो मोटर साइकिलों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाइकों पर सवार चार लोगों में दो की मौत हो गई। जबकि दो की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। जिला हमीरपुर के थाना कुरारा के गांव जल्ला निवासी मोहित कुशवाहा 34 वर्ष अपने साथी नरेंद्र प्रजापति 26 वर्ष के साथ इलाज कराने के लिए माधौगढ़ मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। तभी माधौगढ़ की तरफ से आ रहे गोहन थाना के गांव इस्लामपुर निवासी सत्यम तिवारी 21 अपने साथी कासिमपुर निवासी राहुल चतुर्वेदी 20 के साथ गोहन थाना के पास आमने सामने दोनों मोटर साइकिलों की जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिसमें चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद मोहित कुशवाहा व सत्यम तिवारी को मृत घोषित कर दिया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,432 .89 | 25,461 |
| बढ़त | 193 .42 | 55 .70 |
| प्रतिशत में | 0 .23 | 0 .22 |

# अमेरिका से व्यापार समझौता 9 जुलाई से पहले

## कृषि और वाहन क्षेत्र के कुछ लंबित मुद्दे अब भी सुलझाने की जरूरत, चर्चा जारी रहेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के बाद भारतीय दल वाशिंगटन से लौट आया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है, लेकिन कृषि और वाहन सेक्टर में कुछ मुद्दों को अभी भी सुलझाए जाने की जरूरत है, इसलिए चर्चा जारी रहेगी। भारतीय दल का नेतृत्व मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल कर रहे हैं। वे वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव हैं।

अधिकारी ने कहा कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है, जो भारत सहित कई देशों पर लगाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाबी शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन की अवधि का अंतिम दिन है। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वाशिंगटन से आ गई है। वार्ता जारी रहेगी। कृषि और वाहन क्षेत्रों में कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है। भारत ने वाहन क्षेत्र में 25% शुल्क का मुद्दा उठाया है। इसने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सुरक्षा समिति में इस मामले को उठाया है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को यह भी बताया है कि उसने इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखा है।

भारत ने विश्व व्यापार संगठन को भेजे पत्र में कहा है कि 26 मार्च, 2025 को अमेरिका ने भारत में बने या वहां से आयातित यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25% मूल्यानुसार शुल्क वृद्धि के रूप में एक उपाय अपनाया है। वाहन कलपुर्जों पर यह उपाय 3 मई, 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू होगा। पिछले साल अमेरिका ने वैश्विक स्तर पर 89 अरब डॉलर के वाहन कलपुर्जों का आयात किया। इसमें मेक्सिको का हिस्सा 36 अरब डॉलर, चीन का 10.1 अरब डॉलर और भारत का हिस्सा सिर्फ 2.2 अरब डॉलर का था। कृषि क्षेत्र में, अमेरिका डेयरी उत्पादों, सेब, वृक्षों से प्राप्त मेवों और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों जैसे उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण, भारत के लिए कृषि क्षेत्र में कोई रियायत देना कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने अब तक जितने भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, उनमें से किसी भी व्यापारिक साझेदार के लिए डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है।



● अंतरिम व्यापार समझौते पर वार्ता के बाद भारतीय दल लौटा

### समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं, राष्ट्र हित सबसे ऊपर: गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह अंतिम रूप ले लेगा, ठीक से संपन्न होगा और राष्ट्रहित में होगा। गोयल ने कहा कि भारत यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, अमेरिका, चिली और पेरू सहित विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर कहा कि यह एफटीए तभी संभव है जब यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो। गोयल ने कहा, राष्ट्रीय हित हमेशा सबसे ऊपर होना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए यदि कोई समझौता होता है तो भारत विकसित देशों के साथ करार करने को तैयार है। गोयल ने कहा, भारत कभी भी समयसीमा या निर्धारित समय पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है। जब समझौता अच्छी तरह होगा, पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा और देश के हित में होगा, तभी हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की कोई योजना नहीं है।

## क्रिप्टोकरेंसी : डिजिटल वित्त की नई दिशा




क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा है, जो क्रिप्टोग्राफी तकनीक पर आधारित होती है और सरकार या केंद्रीय बैंक के नियंत्रण से मुक्त होती है। यह विकेन्द्रीकृत प्रणाली से संचालित होती है, जिसमें ब्लॉकचेन तकनीक से लेनदेन को सुरक्षित और पारदर्शी रूप से रिकॉर्ड किया जाता है। बिटकॉइन, एथेरियम, और लाइटकॉइन जैसे कई क्रिप्टोकरेंसी बाजार में उपलब्ध हैं। इसका उपयोग ऑनलाइन भुगतान, निवेश और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए किया जाता है।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल मुद्रा है, जिसे सुरक्षित करने को क्रिप्टोग्राफी (गोपनीय गणना) का उपयोग होता है। यह इंटरनेट पर आधारित होती है और इसका संचालन किसी भी केंद्रीय संस्था जैसे बैंक या सरकार के नियंत्रण में नहीं होता।

### ब्लॉकचेन तकनीक

क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती हैं, जो एक ओपन, पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल बहीखाता होता है। इसमें हर लेनदेन का रिकॉर्ड एक ब्लॉक में दर्ज होता है और ये ब्लॉक आपस में शृंखला (चेन) के रूप में जुड़े रहते हैं।

### प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी

- **बिटकॉइन** : पहली और सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी।
- **एथेरियम** : स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए लोकप्रिय।
- **लाइटकॉइन**, रिपल, डोजकॉइन आदि भी अन्य प्रमुख क्रिप्टो टोकन हैं।

### इसकी उपयोग

● ऑनलाइन भुगतान और खरीदारी ● अंतर्राष्ट्रीय फंड ट्रांसफर ● निवेश और ट्रेडिंग ● स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स और डीऐप्स (विकेन्द्रीकृत ऐप्स)

### निवेश के लाभ

तेजी से और सस्ते लेनदेन, बिचौलियों की आवश्यकता नहीं, गोपनीयता और पारदर्शिता, वैश्विक पहुंच और नियंत्रण से मुक्ति।

### जोखिम का दें ध्यान

कीमत में उतार-चढ़ाव, कानूनी स्थिति अस्पष्ट (कुछ देशों में प्रतिबंधित), साइबर हमलों और धोखाधड़ी का खतरा, तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता

## सेबी ने हेरफेर पर जेन स्ट्रीट पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया है और कंपनी को 4,843 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया है। यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्देशित अब तक की सबसे अधिक वसूली गई राशि हो सकती है।

कंपनी पर सूचकांक विकल्पों में भारी मुनाफा कमाने के लिए समाप्ति के दिनों में सूचकांक स्तर में कथित रूप से हेरफेर करने का आरोप है। सेबी ने अंतरिम आदेश में जेएसआई इन्वेस्टमेंट्स, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट ग्रुप (जेएस ग्रुप) की जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग (ऑनलाइन कारोबार) को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। जेन स्ट्रीट ग्रुप की स्थापना 2000 में हुई थी। यह एलएलसी वित्तीय सेवा उद्योग में एक वैश्विक स्वामित्व वाली 'ट्रेडिंग' कंपनी है। यह अमेरिका, यूरोप और एशिया में 5 कार्यालयों में 2,600 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती है और 45 देशों में ट्रेडिंग का संचालन करती है। सेबी द्वारा गुरुवार को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार, जेएस समूह की संस्थाओं ने एनएसई के सभी उत्पाद श्रेणियों और खंडों में जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक एनएसई पर सूचकांक विकल्पों से 44,358 करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाया। संस्थाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से धोखाधड़ी, हेरफेर या अनुचित व्यापार में शामिल होने या किसी ऐसी गतिविधि में शामिल होने से बचने का निर्देश दिया गया, जो मानदंडों का उल्लंघन करती हो।



● अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी को 4,843 करोड़ के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश

## 6 देशों से पॉलीथीन के आयात पर डंपिंग रोधी जांच शुरू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने भारतीय रसायन एवं पेट्रोरसायन संघ की शिकायत के बाद कुवैत, मलेशिया, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से पॉलीथीन के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है।

आवेदक ने आरोप लगाया कि लीनियर-डेंसिटी पॉलीइथिलीन (एलएलडीपीई) की डंपिंग के बाद किए गए आयात से उद्योग प्रभावित हुआ है। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता है, जिससे पैकेजिंग फिल्म, तार और केबल जैसे विभिन्न उत्पाद बनाए जाते हैं। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की अधिसूचना के अनुसार, आवेदक ने डंपिंग किए गए आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में साक्ष्य प्रदान किए हैं। इसमें कहा गया, प्राधिकरण डंपिंग के अस्तित्व और प्रभाव को निर्धारित करने के लिए डंपिंग रोधी जांच शुरू करता है।

## आईटीसी फर्जीवाड़ा रोकने पर जीओएम ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के राजस्व विश्लेषण पर गठित मंत्री-समूह (जीओएम) की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की आईटीसी(इनपुट टैक्स क्रेडिट) धोखाधड़ी रोकने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की गई।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में गठित जीओएम ने जीएसटी लागू होने से पहले और बाद के राजस्व रुझानों, इलेक्ट्रॉनिक बिल और उत्पादों के स्रोत एवं गंतव्य की निगरानी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली में सुधार पर तुलनात्मक विश्लेषण पर चर्चा की। मंत्री समूह ने राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य-विशिष्ट नीतिगत सुझावों और जीएसटी चोरी को रोकने के लिए केंद्र और राज्य कर प्रशासन के बीच समन्वय पर भी चर्चा की।

सावंत ने एक्स पर कहा, जीएसटी राजस्व विश्लेषण पर बने जीओएम की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें राज्यवार राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा हुई और बेहतर जीएसटी संग्रह के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों को चिह्नित किया गया। जीओएम ने जीएसटी के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों में की जाने वाली धोखाधड़ी को प्रमुख मुद्दा बताया और राज्यों ने इसे रोकने के लिए उपाय सुझाए। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री समूह ने दो लाख करोड़ की आईटीसी धोखाधड़ी को चिह्नित किया, जिसमें गुजरात, तेलंगाना और राजस्थान जैसे राज्यों ने जीएसटी राजस्व बढ़ाने के तरीकों पर प्रस्तुतियां दीं। जीओएम की जल्द दोबारा बैठक होगी और वह जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। जीएसटी संबंधी मामलों में शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने मार्च में जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण पर जीओएम बनाया था।



● जीएसटी विश्लेषण को गठित मंत्री-समूह की बैठक में राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा



# हम धर्मनिरपेक्ष, कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी : रीजीजू

## केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने व गुमराह करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने के लिए उनकी गरीबी दूर न करने तथा गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा धर्मनिरपेक्ष है और मुख्य विपक्षी दल तथा उसकी सहयोगी पार्टियां सबसे बड़े सांप्रदायिक हैं।

उन्होंने हज समीक्षा बैठक के बाद यह भी कहा कि वोटबैंक बनने से मुसलमानों को नुकसान हुआ और कांग्रेस को इसका राजनीतिक फायदा। रीजीजू ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे देश में 6 अल्पसंख्यक समुदाय हैं और कांग्रेस उन्हें डराने तथा गुमराह करने की कोशिश नहीं करे। उनका कहना था, यहां किसी को कोई दिक्कत नहीं है। अल्पसंख्यकों को वही सुविधा मिलती है जो हिंदुओं को मिलती है। अल्पसंख्यकों को अतिरिक्त संरक्षण मिलता है। दुनिया का कोई देश अल्पसंख्यकों को इतनी सुविधा नहीं देता है। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राजनीतिक खेल खेला जा रहा है जो ठीक नही है।

रीजीजू ने दावा किया, मुसलमानों को गरीब कांग्रेस ने बनाया है। बिहार में एआईएमआईएम द्वारा महागठबंधन में शामिल होने की पेशकश पर मंत्री ने कहा, सेकुलर हम हैं जो धर्म और जाति देखकर काम नहीं करते हैं। सबसे बड़ी कम्यूनल पार्टी कांग्रेस और ये लोग हैं जो मुसलमानों को डराकर, उनकी गरीब दूर न कर उनका वोट हासिल करते हैं।



● हज समीक्षा बैठक में शामिल हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

### हमने हज का सर्वश्रेष्ठ आयोजन किया, अगले साल और सुधार करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि 2025 में हज का अब तक का सबसे बेहतरीन आयोजन हुआ तथा अगले साल उनका मंत्रालय इसमें और सुधार करने का प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि इस साल हज के दौरान 64 भारतीय हजयात्रियों की मौत हुई जबकि 2024 में 200 से अधिक की मृत्यु हुई थी। हज समीक्षा बैठक के बाद रीजीजू ने कहा कि जिंदगी में एक बार हज करना हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है और इसको पूरा करने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र को लेकर चल रही है। 2026 के हज के लिए आवेदन जल्द शुरू होगा और इस यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए। रीजीजू ने कहा, इस बार कुल 64 लोगों की मौत हुई, पिछली बार 200 से अधिक जानें गई थीं।

## ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा का सर्वोत्तम उदाहरण

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सशस्त्र बल एवं नेतृत्व देश की संप्रभुता या स्वराज की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान यह बहुत अच्छे तरीके से प्रदर्शित हुआ। शाह ने घोड़े पर सवार मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में अनावरण के बाद कहा कि जब भी वह नकारात्मक विचारों से ग्रस्त होते हैं तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज और बाजीराव के बारे में सोचते हैं।

उन्होंने कहा कि एनडीए उनके स्मारक के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है क्योंकि यह वह अकादमी है जहां सैन्य नेतृत्व को प्रशिक्षित किया जाता है। शाह ने कहा कि जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, तो मैं आमतौर पर बाल शिवाजी और पेशवा बाजीराव के बारे में सोचता हूं कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 'स्वराज' स्थापित करने में सक्षम रहे। शाह ने कहा कि स्वराज की रक्षा करने की जिम्मेदारी अब 140 करोड़ भारतीयों पर है। उन्होंने कहा कि जब स्वराज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ने का समय आया तो हमने ऐसा किया। जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की आवश्यकता होगी तो हमारी सेना एवं नेतृत्व निश्चित रूप से ऐसा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे अच्छा उदाहरण था।

उन्होंने बाजीराव प्रथम (1700 से 1740) को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अगर शिवाजी महाराज की ओर से शुरू की गई और पेशवाओं द्वारा 100 साल तक आगे बढ़ाई गई स्वतंत्रता की लड़ाई नहीं लड़ी गई होती, तो भारत का मूल ढांचा अस्तित्व में नहीं होता। शाह ने कहा कि अपने 40 साल के जीवन में पेशवा बाजीराव ने अपना ऐसा अमर इतिहास लिखा जो कोई और व्यक्ति नहीं लिख सकता। बाजीराव 19 वर्ष की आयु में मराठा साम्राज्य के पेशवा या प्रधानमंत्री बने। उन्हें मध्य और उत्तरी भारत में मराठा शासन के विस्तार का श्रेय दिया जाता है। कार्यक्रम के बाद शाह ने एनडीए काडरों से भी बातचीत की।



पुणे में पेशवा बाजीराव की प्रतिमा के अनावरण की सभा को संबोधित करते अमित शाह।

● अमित शाह ने मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के एनडीए में अनावरण सभा को किया संबोधित

### एक नजर

#### हिमाचल:सिलेंडर विस्फोट में मुरादाबाद के मजदूर की मौत

**हमीरपुर (हिप्र)।** हमीरपुर के जल शक्ति विभाग के पंप हाउस में रसोई गैस सिलेंडर फटने से मुरादाबाद निवासी प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कमरे में मौजूद 6 अन्य मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे। मजदूरों का समूह गुरुवार शाम हमीरपुर पहुंचा और उखली गांव में जल शक्ति विभाग के पंप हाउस के कमरे में ठहरा था। जब विस्फोट हुआ तब मजदूर खाना बना रहे थे। हादसे में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमरे में मौजूद छह अन्य बाहर भागने में सफल रहे।

#### मंत्री के काफिले पर हमले में पांच लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के नेता सिद्दीकुल्लाह चौधरी के काफिले पर पूर्वी बर्धमान जिले में हुए हमले में शुक्रवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। टीएमसी से जुड़े कुछ लोगों ने गुरुवार को सिद्दीकुल्लाह के वाहन पर पत्थरबाजी की, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने इस संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया।

#### पीसीआई प्रमुख के परिसरों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय भेषजी परिषद (पीसीआई) के अध्यक्ष मोंटू एम पटेल के परिसरों पर छापेमारी की है, जिनके खिलाफ फार्मेसी कॉलेजों के निरीक्षण और अनुमोदन प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार एवं प्रणालीगत अनियमितताओं के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

### भारी बारिश से बाढ़, डूबे ट्रक




मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। तेज बहाव में सड़क पर खड़े ट्रक पानी में डूबे हुए नजर आए। बाढ़ जैसे हालात से जनजीवन प्रभावित हो गया है, जिस पर प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। एजेंसी

## नेशनल हेराल्ड: सोनिया ने कोर्ट में ईडी के मामले को अजीब बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को कहा कि ईडी का मामला वास्तव में एक अजीब मामला है। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा 3 जुलाई को मामले में दायर आरोपपत्र के बिंदु पर दलीलें पूरी किए जाने के बाद सिंघवी ने यह बात कही।

सिंघवी ने कहा, यह बिना किसी संपत्ति, बिना किसी उपयोग या संपत्ति प्रयोजन के, धनशोधन का एक कथित मामला है। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 2,000 करोड़ की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश व धनशोधन का आरोप लगाया है।



● ईडी के आरोपपत्र पर सोनिया गांधी के वकील सिंघवी ने कहा- बिना किसी संपत्ति के धनशोधन का यह एक कथित मामला है

## किशोरी से एक वर्ष तक दुष्कर्म किशोर समेत आठ पर केस

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 15 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में एक किशोर और उसकी मां सहित आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि भिवंडी क्षेत्र की किशोरी से अप्रैल 2024 से इस साल जून के बीच कई स्थानों पर दुष्कर्म किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई थी।

शांति नगर पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा, हमने पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारी ने कहा कि नाबालिग लड़की एक सहायिका के तौर पर काम करती थी और जिस घर में वह काम करती थी उसी घर के एक किशोर ने उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद कुछ अन्य लोगों ने भी उससे दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। प्राथमिकी में नाबालिग आरोपी, उसकी मां और 6 अन्य लोगों के नाम दर्ज हैं। पुलिस ने पॉक्सो सहित अन्य अधिनियम के तहत धाराएं लगाई हैं। अधिकारी ने कहा, जांच जारी है।

## निजी मेडिकल कॉलेजों के नियामक ढांचे में हेरफेर

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जो भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में हेरफेर सहित कई कृत्यों में शामिल थे।

एजेंसी ने प्राथमिकी में 34 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के 8, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का एक अधिकारी और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के निरीक्षण दल से जुड़े 5 डॉक्टर शामिल हैं। टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डी पी सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के चेयरमैन रविशंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया का नाम भी प्राथमिकी में शामिल है।

● सीबीआई ने सरकारी अधिकारियों समेत 34 पर दर्ज किया मामला

## मणिपुर के पहाड़ी जिलों में 200 से अधिक हथियार बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के 4 पहाड़ी जिलों में सुरक्षा बलों 200 से अधिक हथियार और युद्ध संबंधी सामग्री बरामद किए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त अभियान में बरामद विस्फोटकों में इंसास राइफलें, सेल्फ-लोडिंग राइफलें (एसएलआर) और परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) शामिल थे। एडीजीपी लहरी दोरजी ल्हाटू ने कहा, कई स्थानों पर हथियार छिपाकर रखे जाने की जानकारी पर अभियान चलाया गया।

## हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वकील के बयान पर कहा कि हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें। वकील ने कहा था कि वह न्यायाधीशों में भगवान देखते हैं। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और के विनोद चंद्रन ने उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

इस प्रकरण में उपस्थित वकील ने मामले से मुक्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल उनकी बात नहीं सुन रहा है। वकील ने दावा किया कि उन्हें अपने मुवक्किल से एक नोटिस मिला है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वकीलों के माध्यम से न्यायाधीशों से सांठगांठ की जा रही है। इसे बहुत अपमानजनक करार देकर वकील ने दुख जताते हुए कहा, अगर हमें लगता है कि कोई बेईमानी हो रही है तो हम मामले से हट जाते हैं। हम अपने न्यायाधीशों में ईश्वर को देखते हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, हममें ईश्वर को मत देखिए। कृपया न्याय में ईश्वर को देखिए। पीठ ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और वकील को मामले से मुक्त कर दिया।

● उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की टिप्पणी

## नीट-यूजी 2025 के नतीजों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक प्रश्न में कथित त्रुटि से नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसने दो दिन पहले इसी तरह की एक याचिका खारिज की थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, हमने समान मामलों को खारिज कर दिया है। हम सहमत हैं कि कई सही उत्तर हो सकते हैं। लेकिन हम उस परीक्षा में हस्तक्षेप नहीं कर सकते जिसमें लाखों अभ्यर्थी बैठते हैं।

## एक नजर



किदांबी श्रीकांत। ● एजेंसी

### श्रीकांत, श्रीयांशी व मुथुसामी क्वार्टर फाइनल में

**ओंटारियो :** तीन भारतीय शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चल रहे अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन इवेंट कनाडा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। किदांबी श्रीकांत, श्रीयांशी वलीशेट्टी और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने अपने-अपने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में सीधे गेम में जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर 1 श्रीकांत, जो इस साल की शुरुआत में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में उपविजेता रहे थे, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वांग पो-वेई को 40 मिनट से भी कम समय में 21-19, 21-14 से हराया। 18 वर्षीय वैलिशेट्टी ने ओंटारियो में भी अपना प्रभाव जारी रखा और महिला एकल ड्रॉ में मलेशिया की करुपाथेवन को 21-15, 21-14 से हराया।

### भारतीय भारोत्तोलक पुंगनी तारा ने रजत पदक जीता

**अस्ताना :** भारतीय भारोत्तोलक पुंगनी तारा ने शुक्रवार को एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में युवा लड़कियों के 44 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। तारा ने टूर्नामेंट के पहले दिन कुल 141 किग्रा (60 किग्रा+81 किग्रा) वजन उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 81 किग्रा के वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता। महाद्वीपीय, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भारोत्तोलन के लिए अलग-अलग पदक दिए जाते हैं।

### भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के नये कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खराब फॉर्म से जूझ रही पुरुष टीम के नये मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। स्पेन के मानोलो मारकेज के जाने के बाद नये कोच की तलाश शुरू की गई। मारकेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। वह पिछले साल ही टीम से जुड़े थे। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच एआईएफएफ महासचिव को रिपोर्ट करेगी और सभी मैचों और टूर्नामेंटों में टीम के प्रदर्शन के लिये जवाबदेह होगा। इसमें कहा गया मुख्य कोच राष्ट्रीय टीम विभाग, राष्ट्रीय टीम निदेशक और तकनीकी निदेशक के साथ मिलकर काम करेगा।

### भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 37वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर यहां 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। एशियाई टूर पर 11 जीत के साथ सबसे सफल भारतीय भुल्लर मौजूदा एशियाई टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन जॉन कैटलिन से चार शॉट पीछे हैं। भुल्लर ने तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाये।

### एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन में भारत ने जीता रजत पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान) :** भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग (युवा बालिका) में रजत पदक जीता। पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी।

# इंग्लैंड ने फालोआन बचाया, भारत ने कसा शिकंजा

## ब्रुक और स्मिथ के तेज शतक से इंग्लैंड ने की वापसी, मोहम्मद सिराज ने छह और आकाश दीप ने झटके 4 विकेट

**6 विकेट**




मोहम्मद सिराज।

बर्मिंघम, एजेंसी

मोहम्मद सिराज (70 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (88 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 407 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाये थे जिससे उनके पास 180 रन की बढ़त है। इंग्लैंड के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने नाबाद 184 रन की पारी खेलने के साथ ही तीसरे विकेट के लिए हैरी ब्रुक के साथ 303 रन की साझेदारी कर मैच में इंग्लैंड की मैच में वापसी कराई। स्मिथ ने 207 गेंद की नाबाद पारी में 21 चौके और चार छक्के लगाये। ब्रुक ने अपने 234 गेंद की पारी में एक छक्का और 17 चौके लगाये। भारत ने नयी गेंद लेने के बाद 20 रन के अंदर इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट झटक लिये। जिससे दिन के आखिरी सत्र में टीम की पारी खत्म हुई। इंग्लैंड के छह बल्लेबाज खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।

इससे पहले हैरी ब्रुक और जैमी स्मिथ की शतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन फालोआन बचा लिया। सुबह के सत्र में 172 रन लुटाने के बाद भारतीय गेंदबाज रन-रेट को नियंत्रित करने में सक्षम रहे, लेकिन ब्रुक और स्मिथ के बीच लंबी साझेदारी को तोड़ने के लिए पर्याप्त मौके नहीं बना पाए। इंग्लैंड ने दिन के दूसरे सत्र में बिना कोई विकेट गंवाये 28 ओवर में 106 रन बनाये। ब्रुक ने दूसरे सत्र के चौथे ओवर (पारी के 51वें ओवर) में प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ चौका जड़कर 137 गेंद में अपना शतक पूरा किया। सुबह के सत्र में शॉर्ट बॉल की रणनीति विफल होने के बाद, भारतीय तेज गेंदबाजों ने रणनीति बदल दी और खासकर ब्रुक को ऑफ स्टंप से बाहर गेंदबाजी करना शुरू कर दिया। इस योजना को हालांकि ज्यादा देर तक जारी नहीं रखा गया। भारत को लंच के बाद सत्र का एकमात्र मौका तब मिला जब ऋषभ पंत ने नीतीश रेड्डी की गेंद पर स्मिथ का मुश्किल कैच अपनी दाहिनी ओर डाइव लगाते हुए छोड़ दिया। सुबह के सत्र में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी ब्रुक का एक कैच छोड़ा था। वह भी हालांकि मुश्किल मौका था। ब्रुक ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर जोर से प्रहार किया था और




इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ और हैरी ब्रूक अपनी शतकीय पारी के दौरान एक-दूसरे को बधाई देते हुए। ● एजेंसी

गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप की ओर गयी जहां गिल समय पर प्रतिक्रिया नहीं दे पाए और गेंद उनके सिर पर लगी। दिन के शुरुआती सत्र में सिराज ने लगातार दो विकेट चटकाए थे लेकिन स्मिथ ने बेहद आक्रामक रवैया अपनाकर मैच का रुख इंग्लैंड की ओर मोड दिया। टीम ने लंच तक पांच विकेट पर 249 रन बना लिए थे। इंग्लैंड ने दिन के पहले दो घंटे में 27 ओवरों में 172 रन बनाए। दिन की शुरुआत 77 रन पर तीन विकेट से करते हुए इंग्लैंड ने सुबह के सत्र के दूसरे ओवर में ही दो और विकेट गंवा दिये जब सिराज ने जो रूट (22) और बेन स्टोक्स (शून्य) को विकेट के पीछे कैच कराया। रूट विकेट के पीछे ऋषभ पंत के द्वारा लपके गये जबकि स्टोक्स पहली ही गेंद पर तेजी से ऊपर उठती गेंद से हैरान रह गए और गेंद उनके दस्तानों से टकरा कर पंत के हाथों में चली गयी। इंग्लैंड 84 रन पर पांच विकेट गंवा चुका था, लेकिन स्मिथ और ब्रुक ने लगातार आक्रामक रूख अपना कर भारतीय गेंदबाजों पर दबाव डाला। प्रसिद्ध कृष्णा को छह क्षेत्ररक्षकों के साथ शॉर्ट गेंद योजना लागू करने के लिए लाया गया था, लेकिन वह विफल रहे। स्मिथ ने दिन के 12वें ओवर में उन पर 23 रन बटोरे। उन्होंने इस ओवर में चार चौके और डीप स्क्वायर लेग पर एक छक्का लगा।

**भारत पहली पारी : 587/10**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**407/10 (89.3 ओवर)**

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉउली का नायर बो सिराज | 19 |
| बेन डकेट का गिल बो आकाश दीप | 00 |
| ओली पोप का राहुल बो आकाश दीप | 00 |
| जो रूट का पंत बो सिराज | 22 |
| हैरी ब्रुक बो आकाश दीप | 158 |
| बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज | 00 |
| जेमी स्मिथ नाबाद | 184 |
| क्रिस वोक्स का नायर बो आकाश दीप | 05 |
| ब्राइडन कार्स पगबाधा सिराज | 00 |
| जोश टंग पगबाधा सिराज | 00 |
| शोएब बशीर बो सिराज | 00 |

**गेंदबाजी :** आकाश दीप 20-2-88-4, सिराज 19.3-3-70-6, प्रसिद्ध 13-1-72-0, नितीश 6-0-29-0, जडेजा 17-2-70-0, सुंदर 14-0-73-0

### उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसी बचपन में करता था : गिल

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे अपने शुरुआती दिनों में करते थे। बल्लेबाजी में लय और लुत्फ दोनों पर फोकस था। यह पूछने पर कि श्रृंखला से पहले क्या उन्होंने अपनी तकनीक में बदलाव किया है। गिल ने मेजबान प्रसारक से कहा मैंने आईपीएल के आखिर में और इस श्रृंखला से पहले इस पर काफी काम किया। मैंने मूल रूप से शुरुआती मूवमेंट पर काम किया। इससे पहले मुझे लगता था कि बल्लेबाजी अच्छी हो रही है। मैं 30-35-40 रन लगातार बना रहा था, लेकिन शीर्ष फोकस टाइम की कमी लग रही थी। उन्होंने कहा इस श्रृंखला में मैने अपने बेसिक्स पर लौटने की कोशिश की।

### अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए जल्दी पहुंचे थे जडेजा

**बर्मिंघम :** रविंद्र जडेजा एडबस्टन टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से काफी पहले अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंच गए थे जिसका फायदा भी उन्हें मिला चूंकि कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर उन्होंने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जडेजा और गिल ने 203 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से भारत ने दूसरे दिन दो विकेट पर 587 रन बना लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने उन्हें काफी शॉर्ट गेंदें फेंकी लेकिन जडेजा इसके लिए तैयार थे। भारतीय खिलाड़ियों को टीम बस से जाना था लेकिन समझा जाता है कि जडेजा ने मैदान पर जल्दी पहुंचने के लिए विशेष अनुमति ली थी।

# कोहली की राह पर शुभमन पंत और जायसवाल : वॉन

बर्मिंघम, एजेंसी

● **इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा भारत को नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिला सकते हैं तीनों खिलाड़ी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि विराट कोहली की अनुपस्थिति में भारतीय टेस्ट टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को मिलकर उठानी होगी। वॉन ने कहा कि कोहली ने अपने समय में अकेले ही यह जिम्मेदारी उठाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी क्रम कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आराम से आगे बढ़ रहा है। लेकिन वॉन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि अच्छी शुरुआत का यह मतलब नहीं है कि काम पूरा हो गया है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने वॉन ने कहा गिल, जायसवाल और पंत को भारतीय टेस्ट टीम को उसी तरह आगे ले जाना होगा जैसा विराट कोहली अकेले करते थे। मैं देख रहा हूं कि इनका ग्रुप सही तरीके से खेल रहा है। उन्होंने कहा इनके पास शानदार मौका है कि वे उसी तरह ही विरासत छोड़े जैसा विराट कोहली भारतीय टेस्ट टीम के लिए छोड़कर गए हैं। अगर ये खिलाड़ी



नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिलाने वाली कोहली की ऊर्जा और इतने लंबे समय तक पड़े उनके प्रभाव के करीब भी पहुंच सके तो उनका काम अच्छा होगा। कोहली और रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट से संन्यास की घोषणा की और वॉन ने कहा कि भारत में हमेशा ही प्रतिभा की भरमार रहेगी लेकिन कोहली जैसे खिलाड़ी को पाना आसान नहीं है। वॉन ने कहा आप दो महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने या टीम से बाहर जाने के बाद आप अचानक आगे नहीं बढ़ सकते। शुभमन ने कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर शानदार शुरुआत की है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी के मामले में मुझे नहीं लगता कि टीम को बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा यह वह प्रतिस्पर्धी ऊर्जा है जो विराट टेस्ट टीम में लेकर आए। वह वो जज्बा और उत्साह लेकर आए जिसकी आपको जरूरत होती है। वह रणनीतिक रूप से भी बहुत अच्छे थे। हालांकि कप्तान के तौर पर शुभमन इसमें बेहतर हो सकते हैं।

## भारत का बांग्लादेश दौरा स्थगित होने की संभावना

**नई दिल्ली :** भारतीय टीम का बांग्लादेश का आगामी दौरा स्थगित होने की संभावना है क्योंकि बीसीसीआई देश में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित है।

पिछले साल राजनीतिक अस्थिरता के बाद बांग्लादेश के हालात तनावपूर्ण हैं, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया गया था। भारत को 17 से 31 अगस्त तक चटगांव और ढाका में तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया बीसीसीआई जाहिर तौर पर राजनीतिक अस्थिरता और प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क है। हालांकि यह श्रृंखला रद नहीं हुई है, लेकिन यह बाद की तारीख में 2026 में आयोजित की जाएगी क्योंकि विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए वनडे चैंपियनशिप अंक इससे जुड़े हैं। समझा जाता है कि बीसीसीआई चाहता है कि बांग्लादेश में आम चुनाव होने के बाद ही दौरा आगे बढ़े तथा कानून-व्यवस्था का ख्याल रखने के लिए वहां एक स्थिर सरकार हो।

# नाओमी का सफर तीसरे दौर में खत्म

लंदन, एजेंसी

पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही विम्बलडन के तीसरे दौर से बाहर हो गई। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है। उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है। ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकॉर्ड वहां 5-4 का था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था।



नाओमी ओसाका।

### बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

**लंदन :** दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को यहां विम्बलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

### वांग शिनयू दूसरे दौर में बाहर

चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने गुरुवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया। वांग ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा 4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

# डूरंड कप फुटबॉल 23 से, 24 टीमें हिस्सा लेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान, भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं।



# नीरज को भारत में भाला फेंक क्रांति की उम्मीद

बेंगलुरु, एजेंसी

तीन ओलंपिक भाला फेंक पदक विजेताओं नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर और जूलियस येगो के साथ बैठे हुए सचिन यादव काफी उत्साहित दिख रहे थे लेकिन चमचमाते मंच पर देश के स्टार की मौजूदगी ही काफी अहमियत रखती है। यह चोपड़ा के उस ख्वाब की ताबीर है जिसमें वह भाला फेंक को पूरे देश में हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं। इस लिहाज से शनिवार को होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक भारत में मोंडो क्लासिक के बराबर हो सकती है जो विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक चैंपियन अर्मांडो डुप्लांटिस द्वारा स्वीडन में अपने गृहनगर उप्साला में होने वाला पोल वॉल्ट टूर्नामेंट है।

**नीरज चोपड़ा क्लासिक**




बेंगलुरु : भाला फेंक खिलाड़ी जर्मनी के थॉमस रोहलर, भारत के नीरज चोपड़ा और सचिन यादव भारत (बाएं से) पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

डुप्लांटिस अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की इच्छा से प्रेरित रहते हैं और अभी तक 15 दफा ऐसा कर चुके हैं। लेकिन चोपड़ा की महत्वकांक्षा इससे बड़ी है। चोपड़ा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों की अगली पीढी को प्रेरित करने के अपने विचार पर बात करते हुए भावुक हो गए और उन्होंने कहा सबसे पहले मैं जूलियस, थॉमस और भारत के सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी मेरे अच्छे दोस्त हैं और यहां आने के लिए आपका शुक्रिया। आखिरकार हम इतने महान भाला फेंक खिलाड़ियों के साथ यहां बैठे हैं। मैं बहुत खुश हूं कि भारत में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मेजबान देश का प्रतिनिधित्व भी अच्छा रहे जिससे उनके और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन के अलावा रोहित यादव, साहिल सिल्वाल और यशवीर सिंह इसमें खेलेंगे। ये सभी युवा भारतीय भाला फेंक एथलीट जर्मनी के 2016 ओलंपिक पदक विजेता रोहलर से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि उन्होंने उनके लोकप्रिय यूट्यूब चैनल से काफी गुर सीखे हैं। रोहलर ने कहा कि उभरती हुई प्रतिभाओं से अपने अनुभव और जानकारी साझा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा मैं हमेशा ही जानकारी साझा करना पसंद करता हूं क्योंकि तभी मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। मेरे लिए दूरी, पदक और ये सभी चीजें बस कागज पर लिखे नंबर हैं। मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। इसलिये मुझे प्रतिभाओं से बात करने में हिचक नहीं होती। मैं खुश हूं कि मैं इनमें से कईयों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता हूं। चोपड़ा को अपने प्रयासों की बदौलत सहयोग मिलना भी शुरू हो गया है और काफी प्रायोजक इन टूर्नामेंट का प्रायोजन करने के इच्छुक हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक को जेएसडब्ल्यू और बीपीसीएल का समर्थन मिला है।

## मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है : कार्लसन

**जगरेब :** विश्व चैंपिनयन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।



भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद 'टेक टेक टेक' से कहा ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को रूस ने दी मान्यता

मास्को, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने द्विपक्षीय संबंध मजबूत होने की जताई उम्मीद

रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता दे दी है। रूस की मीडिया ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट कहा, हमारा मानना है कि अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात सरकार को आधिकारिक मान्यता देने से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने में गति मिलेगी।

इस्लामी आतंकवादी समूह तालिबान ने अमेरिका समर्थित सरकार को गिराने के बाद अगस्त 2021 में अमेरिकी और नाटो बलों की वापसी के उपरांत अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया था। तास न्यूज एजेंसी ने रूस के विदेश मंत्रालय के अधिकारी दिमित्री झिरनोव के हवाले से कहा, राष्ट्रपति पुतिन ने विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की सिफारिश पर अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात को मान्यता देने का फैसला किया है, ताकि मास्को के संबंधों को विकसित करने के इरादे को दिखाया जा सके।

उन्होंने कहा, यह एक ऐसा निर्णय है, जो रूसी विदेश मंत्री के सुझाव पर राष्ट्रपति ने सैद्धांतिक रूप से लिया है। यह अफगानिस्तान के साथ व्यापक साझेदारी स्थापित करने की रूस की इच्छा को दर्शाता है। इससे पहले उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने रूस में अफगानिस्तान के नये राजदूत गुल हसन से परिचय पत्र स्वीकार किए।

# एयर ट्रैफिक कंट्रोलर की हड़ताल से फ्रांस में उड़ानें बाधित

**पेरिस।** फ्रांस के हवाई यातायात नियंत्रकों की हड़ताल से पेरिस के सभी हवाई अड्डों पर शुक्रवार को लगभग 40 प्रतिशत उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा हुई। हवाई यातायात नियंत्रक बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं।

हड़ताल से फ्रांस के आसपास के हवाई अड्डों पर बृहस्पतिवार को उड़ानें प्रभावित हुईं लेकिन शुक्रवार को यह समस्या और बढ़ गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने विमानन कंपनियों से पेरिस के चार्ल्स डी गॉल, ओरली एवं ब्यूवैस हवाई अड्डों पर शुक्रवार को 40 प्रतिशत उड़ानें, नाइस में करीब 50 फीसदी उड़ानें और मार्सिले, ल्योन व कुछ अन्य शहरों में 30 प्रतिशत उड़ानें रद्द करने को कहा।

# सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पाने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक लगभग 24 देशों की ओर से सर्वोच्च नागरिक सम्मान या उच्चस्तरीय सम्मानजनक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। किसी एक देश के नेता को इतने देशों से सम्मान मिलना एक दुर्लभ उपलब्धि तो है ही, विश्व में उसकी स्वीकार्यता विश्वनेता के तौर पर उभरती छवि का भी प्रतीक है। मेजबान देशों की ओर से ये पुरस्कार आमतौर पर विदेश नीति, द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक प्रभाव को मान्यता देने के लिए दिए जाते हैं। मोदी को मिले ये सम्मान सिर्फ भारत की प्रतिष्ठा नहीं बढ़ाते, बल्कि दूसरे देशों के साथ सामरिक और आर्थिक सहयोग को भी गहरा करते हैं। किसी एक नेता को इतने देशों से मिलना एक दुर्लभ उपलब्धि है।



## भारत के लिए महत्व

वैश्विक मान्यता के तौर पर देखा जाए तो मोदी को इतने देशों में सम्मान मिलना दिखाता है कि भारत का नेतृत्व और विदेश नीति प्रभावी रही है। इसे सॉफ्ट पावर में वृद्धि के तौर पर भी देख सकते हैं क्योंकि इन सम्मानों से भारत की छवि वैश्विक नेता के रूप में मजबूत होती है। भारत और सम्मानित करने वाले देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्तों में गहराई का संकेत मिलता है लिहाजा इन्हें द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती भी कह सकते हैं।

## मोदी को मिले प्रमुख सम्मान

वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश ने मुक्ति युद्ध सम्मान से नवाजा था। इसके बाद 2016 में सऊदी अरब ने किंग अब्दुल अजीज साश सम्मान और अफगानिस्तान ने अमीर अमानुल्लाह खान अवार्ड से सम्मानित किया। वर्ष 2018 में इंडोनेशिया और 2019 में श्रीलंका ने उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा। वर्ष 2019 में उन्हें तीन देशों में सर्वोच्च सम्मान मिले। इनमें रूस का ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू, यूएई का ऑर्डर ऑफ जायद और मालदीव का निशान इज्जुद्दीन शामिल था। वर्ष 2020 में उन्हें अमेरिका लिजियन ऑफ मेरिट सम्मान दिया गया। 2021 में भूटान ने ऑर्डर ऑफ द डुक ग्यालपो सम्मान दिया। वर्ष 2023 में सर्वाधिक पांच सम्मान मिले। इनमें फ्रांस का ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर, मिस्र का ऑर्डर ऑफ नाइल, पापुआ न्यू गिनी का कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू, फिजी का कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी और पलाऊ ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द की था। हाल ही में उन्हें घाना के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से नवाजा गया है।

## देशों की कूटनीतिक परंपरा

दरअसल, यह कूटनीतिक परंपरा है कि देश अपने विशेष सहयोगी देशों के नेताओं को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देते हैं। ऐसा खासतौर पर उस स्थिति में होता है जब द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की मंशा होती है और वैश्विक मंचों पर एक-दूसरे के साथ सक्रिय भूमिका निभाने की इच्छा भी। आमतौर पर इससे दो देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी पनपती है।

## मंडेला सर्वाधिक सम्मानित

दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला पहला नाम हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 250 से ज्यादा सम्मान मिले हैं। रूस के व्लादिमीर पुतिन को भी कई देशों में नागरिक और सैन्य सम्मानों से नवाजा जा चुका है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को शांति के नोबल पुरस्कार के अलावा कई अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भई सोवियत लैनिन शांति पुरस्कार समेत कई सम्मान हासिल किए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को मरणोपरांत कई देशों ने अपना सर्वोच्च आदर्श माना। हालांकि भारत में उन्हें भारत रत्न नहीं मिला।

## एक नजर

### माइक्रोसॉफ्ट ने बंद किया पाकिस्तान में कार्यालय

**कराची।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने कार्यबल में कटौती की अपनी वैश्विक रणनीति के तहत पाकिस्तान में अपने सीमित परिचालन को बंद करने की घोषणा की है। शुक्रवार को विभिन्न पक्षों ने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत बताया। माइक्रोसॉफ्ट ने 25 साल बाद पाकिस्तान में कार्यालय बंद करते हुए वैश्विक पुनर्गठन और क्लाउड-आधारित, साझेदार-नेतृत्व वाले मॉडल में बदलाव का हवाला दिया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब इस माइक्रोसॉफ्ट ने 2023 के बाद से अपने सबसे बड़े छंटनी दौर में दुनिया भर में लगभग 9,100 नौकरियों में कटौती की है।

### पंजाब: रिश्वत की पेशकश पर डीएसपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के फरीदकोट में एक डीएसपी को अपने खिलाफ दर्ज शिकायत दबाने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी के कर्मचारी को एक लाख रुपये की रिश्वत की पेशकश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक राजपाल सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। सिंह फिलहाल फरीदकोट में महिलाओं के विरुद्ध अपराध प्रकोष्ठ मे तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि सिंह ने एक वैवाहिक विवाद से संबंधित शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए एक लाख रुपये लिए थे।

### रोम में गैस स्टेशन पर धमाका, 25 लोग घायल

**रोम।** दक्षिण-पूर्वी रोम में शुक्रवार सुबह एक गैस स्टेशन पर विस्फोट हो गया। इस घटना में नौ पुलिस अधिकारियों और एक अग्निशमन कर्मी सहित कम से कम 25 लोग घायल हो गए। विस्फोट सुबह करीब आठ बजे हुआ और इसकी आवाज दूर तक सुनी गई। विस्फोट के बाद उठा काला धुआं और आग का गोला दूर से ही दिख रहा था। रोम पुलिस की प्रवक्ता एलिसाबेट्टा एकार्डो ने बताया कि 16 निवासी घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

### इंडोनेशिया में नौका डूबी, 30 लोग लापता हुए

**गिलिमानुक।** इंडोनेशियाई प्राधिकारियों ने पर्यटक द्वीप बाली के निकट नौका डूबने के बाद लापता हुए 30 लोगों की तलाश का अभियान तेज कर दिया। 'केएमपी टुनु प्रतामा जया' नौका बुधवार देर रात पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से रवाना होने के बाद डूब गई। राष्ट्रीय बचाव एजेंसी के संचालन उप प्रमुख रिबुत एको सुयात्नो ने बताया कि दृश्यता न होने से बचाव अभियान बृहस्पतिवार शाम को रोक दिया गया था। शुक्रवार सुबह 160 से अधिक बचावकर्मियों इसे पुनः शुरू किया है।

# परमाणु कार्यक्रम जारी रखने पर ईरान को आरपार की चेतावनी

## संरा में इजराइल के राजदूत ने कहा- भविष्य में हम सिर्फ अंतिम परिणाम देखेंगे

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसी स्थिति में अंतिम परिणाम देखेंगे।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजराइल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा, हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं तो हमें निर्णय लेना होगा। डैनी डैनन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे। इजराइल के साथ अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा।

इजराइल के राजदूत ने कहा, हमारा रुख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की। अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे।



गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी गुरुवार को भी जारी रही।

### आईएईए की टीम वियना मुख्यालय लौटी

**वियना/तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों की टीम शुक्रवार को ईरान से रवाना होकर वियना में अपने मुख्यालय में वापस आ गई। एजेंसी ने घोषणा में कहा कि तेहरान के उसके साथ सहयोग निलंबित करने के बाद टीम वियना मुख्यालय लौट आई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने आईएईए के अपरिहार्य निगरानी और सत्यापन कार्य को जितनी जल्दी हो सके फिर से शुरू करने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के महत्व को दोहराया है।

### गाजा में इजराइली हमले से मारे गए 35 लोग

**दीर अल-बलाह।** गाजा में शुक्रवार को तड़के इजराइली हवाई हमलों में 15 फलस्तीनी मारे गए, वहीं राहत सामग्री के लिए इंतजार कर रहे 20 अन्य लोगों की भी गोलीबारी में मौत हो गई। मृतकों के शवों को जिस अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है उसने 'एपी' को यह जानकारी दी। इजराइली हवाई हमलों में मारे गए 15 लोगों में आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। नासेर अस्पताल के अनुसार, राहत सामग्री के लिए इंतजार करते समय 20 अन्य लोगों को गोली मार दी गई। गोलीबारी में जान गंवाने वाले लोगों में से दो लोग राफा स्थित राहत सामग्री वितरण स्थल के पास मारे गए जबकि 18 लोग अन्य स्थान पर तब मारे गए जब वे दक्षिणी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। ये घटनाएं ऐसे समय हुई हैं जब 21 महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के प्रयास आगे बढ़ते दिख रहे हैं। हमास ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह मिस्र और कतर के मध्यस्थों द्वारा प्रस्तुत युद्ध विराम प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अन्य फलस्तीनी गुटों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर रहा है।

# उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी।

- सुरक्षा बलों की ओर से तीन जिहादियों की हत्या का लिया प्रतिशोध

रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी। हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की। स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है।

इस क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय सैन्य गठबंधन, बहुराष्ट्रीय संयुक्त कार्य बल के लेफ्टिनेंट कर्नल ओलानियी ओसोबा ने कहा कि गुरुवार को इस्लामिक स्टेट वेस्ट के अफ्रीका प्रांत के जिहादियों ने सीमावर्ती शहर मालम फतोरी पर हमला किया और विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर पर गोलीबारी की, जिसमें 11 मारे गए, 20 घायल हो गए, जिन्हें सीमा पार नाइजर के बोसो स्थित एक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# ट्रंप की युद्धविराम की अपील के बाद रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

कीव, एजेंसी

- रात भर में किए 550 ड्रोन और मिसाइल हमले, कीव के कई शहरों में हुआ भारी नुकसान

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ गत तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के तहत शुक्रवार की रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर सबसे बड़ा हवाई हमला किया जिसमें 23 लोग घायल हो गए और राजधानी के कई जिलों में नुकसान हुआ है।

रूस की वायुसेना के मुताबिक उसने रात में यूक्रेन पर 550 ड्रोन और मिसाइल हमले किये। अधिकतर हमले शाहिद ड्रोन से किये गए जबकि 11 मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। कीव में तैनात एपी के संवाददाताओं के मुताबिक पूरी रात ड्रोन की गड़गड़ाहट, धमाकों तथा मशीन गन से तीव्र गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं।

महापौर विटाली क्लिटस्को ने बताया कि रूस के इस हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। उन्होंने बताया कि इसमें कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 की हालत गंभीर है और वे अस्पताल में भर्ती हैं। यूक्रेन की वायु रक्षा ने दावा किया कि उसने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 लक्ष्यों को मार गिराया। उसके मुताबिक अन्य 208 लक्ष्य रडार से गायब हो गए और माना गया कि वे जाम हो गए हैं। रूस ने नौ मिसाइलों और 63 ड्रोनों से आठ स्थानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। रोके गए ड्रोनों का मलबा कम से कम 33 स्थानों पर गिरा।

यह हमला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने तथा यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अपने प्रशासन के निर्णय पर पहली सार्वजनिक टिप्पणी करने के कुछ घंटों बाद हुआ। रूसी प्रशासन के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से फोन पर करीब एक घंटे लंबी बातचीत की थी। इस दौरान उनकी युद्धविराम की अपील पर पुतिन ने दो टूक जवाब दिया था कि सैन्य लक्ष्य पूरे होने तक उनका देश यूक्रेन में युद्धविराम नहीं करेगा।

# सीजेआई का कॉलेजियम प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता का आश्वासन

मुंबई, एजेंसी



- मुंबई बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में योग्यता से कभी समझौता न करने का भरोसा दिलाया

सीजेआई बीआर गवई ने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाने का शुक्रवार को आश्वासन दिया, जिसमें योग्यता को लेकर कभी समझौता नहीं किया जाएगा और समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

पिछले महीने देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति गवई ने देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर उनकी पदोन्नति के सम्मान में मुंबई बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि क्योंकि उनके पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति संजीव खन्ना प्रधान न्यायाधीश थे, इसलिए कॉलेजियम ने नियुक्तियों के मामलों में अधिक पारदर्शिता लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज दीपांकर दत्ता ने पिछले सप्ताह नागपुर में एक कार्यक्रम में कॉलेजियम के कामकाज में हस्तक्षेप के बारे में बात की थी। सीजेआई ने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि हम पूर्ण पारदर्शिता की प्रक्रिया अपनाएंगे। योग्यता से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। हमारे पास समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि होंगे।

उन्होंने कहा कि जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए उनके नाम की सिफारिश की गई थी तो कॉलेजियम में एक न्यायाधीश इसके पक्ष में नहीं थे। न्यायमूर्ति गवई ने न्यायाधीश का नाम बताने से इन्कार करते हुए कहा, उन न्यायाधीश को लगता था कि उनके पदोन्नत होने से मुंबई के कुछ वरिष्ठ वकीलों में बेचैनी पैदा हो सकती है। हालांकि, मुंबई बार एसोसिएशन के कई वरिष्ठ वकीलों ने दिल्ली में उन न्यायाधीश से मुलाकात की और उन्हें बताया कि उनकी धारणा गलत है।

## अमरनाथ यात्रा

# तीसरा जत्था जम्मू से कश्मीर रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए 6,400 से अधिक तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था शुक्रवार को दो अलग-अलग काफिलों में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से 38 दिवसीय यात्रा शुरू होने के बाद से 14,000 तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंची पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके है। 4,723 पुरुषों, 1,071 महिलाओं, 37 बच्चों और 580 साधुओं एवं साध्वियों समेत 6,411 का तीसरा जत्था 291 वाहनों में रवाना हुए। यह जत्था सीआरपीएफ की सुरक्षा में भगवती नगर यात्री निवास से दो समूहों में बृहस्पतिवार देर रात सवा तीन बजे और शुक्रवार तड़के चार बजे बालटाल और पहलगाम रवाना हुआ।


## केदारनाथ यात्रा



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में प्राकृतिक आपदाओं के बाद केदारनाथ धाम का मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस वजह से केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से इस मार्ग पर बचावकर्मियों को तैनात किया गया है जो श्रद्धालुओं को भूस्खलन और भारी बारिश से खराब रास्ते पर श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। एजेंसी

# दलाई लामा के संबंध में भारत का टिप्पणी करने से इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी



- चीन ने किरन रिजिजू के बयान पर जताई थी आपत्ति

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के हाल के बयान के संदर्भ में भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह आस्था और धर्म की मान्यताओं तथा प्रथाओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाता है और न ही टिप्पणी करता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दलाई लामा के अपने उत्तराधिकारी से संबंधित बयान के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हमने दलाई लामा संस्था की निरंतरता के बारे में दलाई लामा के बयान से संबंधित रिपोर्ट देखी हैं। भारत सरकार आस्था और धर्म की मान्यताओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाती और न बोलती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा भारत में सभी के लिए धर्म की स्वतंत्रता बरकरार रखी है और वह इसे जारी रखेगी।

दलाई लामा ने कहा था कि उनके उत्तराधिकारी का फैसला उनका कार्यालय करेगा। इस पर चीन ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा था कि अगले दलाई लामा का निर्णय वह करेगा। सरकार की प्रतिक्रिया इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की टिप्पणी पर चीन की आपत्ति के बाद आई है। चीन ने रिजिजू के बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा था, भारत को दलाई लामा के चीनविरोधी अलगाववादी विचारों से दूर रहना चाहिए और शिजांग (तिब्बत) से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए।

# उड़ान भरने से ऐन पहले एअर इंडिया का पायलट बेहोश हुआ

**मुंबई।** बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले एअर इंडिया के एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हुए पायलट को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

एयरलाइन को यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे पायलट की व्यवस्था करनी पड़ी। एअर इंडिया ने इस बात की पुष्टि की है कि चार जुलाई की सुबह उसके एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, चार जुलाई की सुबह हमारे एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। नतीजतन, पायलट बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान एआई 2414 का परिचालन करने में असमर्थ थे और ऐसी स्थिति में उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

## अध्ययन

मामूली वायु प्रदूषण में भी लंबे समय तक रहने से दिल की मांसपेशियों पर पड़ता है असर

# सुरक्षित माने जाने वाली प्रदूषित हवा भी दिल के दौरे का कारण

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रदूषण के लिहाजा से सुरक्षित स्तर पर माने जानी वाली हवा(लो ग्रेड) भी धीरे-धीरे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है जो बाद में दिल के दौरे का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों ने उन्नत एमआरआई स्कैन की रिपोर्ट के आधार पर किए गए नए शोध में कहा है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में देर तक रहने वाले लोगों की दिल की मांसपेशियों में निशान पड़ने के शुरुआती लक्षण दिखाई दिए।

अध्ययन के अनुसार,प्रदूषित हवा भले ही वह 'सुरक्षित' मानी जाने वाली मात्रा में हो, दिल को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकती है और यह समय के साथ दिल के दौरे का कारण बन सकती है। यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों और हृदय रोग से पीड़ित लोगों दोनों में देखा गया। विशेष रूप से महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले लोगों में इसे देखा गया। रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएसएनए) की पत्रिका 'रेडियोलॉजी' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार कार्डिएक एमआरआई का उपयोग करने वाले शोधकर्ताओं ने पाया है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में लंबे समय तक रहना भी दिल के लिए नुकसानदायक है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान होता है जिससे आगे चलकर हृदयाघात हो सकता है।



शोध से पता चलता है कि हवा में महीन कण हृदय की मांसपेशियों में विसरित मायोकार्डियल फाइब्रोसिस उत्पन्न करते हैं। इससे दिल की मांसपेशियां जख्मी हो जाती हैं और वे अकड़कर सिकुड़ने लगती हैं। टोरंटो विश्वविद्यालय और टोरंटो में यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क के टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के मेडिकल इमेजिंग विभाग की इस अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका केट हैनिमन ने कहा, हम जानना चाहते थे कि ऊतक स्तर पर इस बढ़े हुए जोखिम को क्या प्रेरित करता है। डॉ. हैनिमन और सहयोगियों ने हृदय एमआरआई, इमेजिंग तकनीक का उपयोग करके मायोकार्डियल फाइब्रोसिस को मापने और पीएम 2.5 कणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के साथ इसके संबंधों का आकलन करने के लिए किया।

डॉ. हैनिमन ने कहा,लंबे समय तक महीन कण वाले वायु प्रदूषण के उच्च संपर्क में रहने से कार्डियोमायोपैथी रोगियों और स्वस्थ लोगों के दिलों में मायोकार्डियल फाइब्रोसिस के उच्च स्तर पाए गए। इससे यह पता चलता है कि मायोकार्डियल फाइब्रोसिस एक अंतर्निहित तंत्र हो सकता है जिसमें वायु प्रदूषण हृदय संबंधी जटिलताएं पैदा करता है। सबसे बड़ा प्रभाव महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले रोगियों में देखा गया। वायु प्रदूषण के स्तर में मामूली वृद्धि भी हृदय पर काफी प्रभाव डाल सकती है।

### पीएम 2.5 कण निभाते हैं प्रमुख भूमिका

दशमलव पांच माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले पीएम 2 .5 कण इतने छोटे होते हैं कि फेफड़ों के माध्यम से रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। वाहनों से निकने वाले धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन और जंगल की आग का धुआं वायु प्रदूषण के इस स्तर के श्रेणी में मुख्य रूप से आता है। शोधकर्ता स्वस्थ और हृदय रोग से पीड़ित लोगों दोनों पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का मूल्यांकन करना चाहते थे, इसलिए अध्ययन समूह में 201 स्वस्थ व्यक्ति और 493 रोगियों को शामिल किया गया था जिनमें विस्तारित कार्डियोमायोपैथी रोग था। यह बीमारी हृदय को रक्त पंप करने में अधिक कठिनाई पैदा करती है।